# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार 26 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 306 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




कोलकाता स्थित पवित्र दक्षिणेश्वर काली मंदिर में मां भवतारिणी का दर्शन करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं अन्य

## झारखंड के लोगों को लगा 'महंगाई का करंट'

### बिजली टैरिफ में भारी बढ़ोतरी, घरेलू उपभोक्ताओं पर बढ़ा बोझ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को महंगाई का एक और झटका लगा है। 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नये बिजली टैरिफ के तहत घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक सभी श्रेणियों की दरों में बढ़ोतरी कर दी गयी है, जिससे आम लोगों से लेकर व्यापार और उद्योग जगत तक पर इसका सीधा असर पड़ेगा। प्रति यूनिट दर बढ़ने से उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल बढ़ना तय है। घरेलू कैटिगिरी में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए बिजली की दरों में बढ़ोतरी की गयी है। ग्रामीण इलाकों में प्रति यूनिट दर पहले जहां 6.70 रुपये लगता था वह अब बढ़कर 7.20 रुपये हो गयी है, जबकि शहरी उपभोक्ताओं के लिए यह 6.85 रुपये से बढ़कर 7.40 रुपये प्रति यूनिट हो गयी है। भले ही फिक्स्ड चार्ज में बड़ा बदलाव नहीं किया गया है लेकिन यूनिट दर में वृद्धि का सीधा असर कुल बिल पर पड़ेगा, जिससे आम लोगों के



घरेलू बजट पर दबाव बढ़ेगा। व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी बिजली महंगी कर दी गयी है। 5 किलोवाट से अधिक लोड वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए 6.20 की दर को बढ़ाकर 6.70 प्रति यूनिट कर दी गयी है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 6.70 रुपये से बढ़ाकर 7.30 रुपये प्रति यूनिट तय कर दी गयी है। इस बढ़ोतरी का असर छोटे दुकानदारों, प्रतिष्ठानों और सेवा क्षेत्र पर पड़ेगा, जहां पहले से ही लागत बढ़ने की समस्या बनी हुई है। औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भी बिजली की दरों में इजाफा किया गया है। लो टेंशन औद्योगिक सप्लाई की दर 6.10 रुपये से बढ़ाकर 6.60 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई है जबकि हाई टेंशन सप्लाई 5.90 रुपये से बढ़कर 6.40 रुपये प्रति यूनिट हो गयी है। उद्योगों के लिए बिजली एक प्रमुख लागत होती है, ऐसे में दरों में वृद्धि से उत्पादन लागत बढ़ेगी और इसका असर बाजार में वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ सकता है। संस्थागत श्रेणी और स्ट्रीट लाइटिंग जैसी सेवाओं के लिए भी टैरिफ में बढ़ोतरी की गयी है। इससे नगर निकायों और सरकारी संस्थानों के खर्च में इजाफा होगा, जिसका अप्रत्यक्ष असर आम लोगों पर पड़ सकता है। कुल मिलाकर लगभग सभी श्रेणियों में प्रति यूनिट दर बढ़ाई गयी है जबकि फिक्स्ड चार्ज में सीमित बदलाव हुआ है।

## असम चुनाव के लिए झामुमो ने जारी की 20 स्टार प्रचारकों की सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** असम विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर झारखंड की मुख्य सत्ताधारी दल झामुमो ने अपनी चुनावी तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर अपने स्टार प्रचारकों की सूची भेज दी है। संगठन के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इलेक्शन कमीशन से चुनाव प्रचार के लिए अनुमति देने और उन सभी के लिए वाहन पास जारी करने का आग्रह किया है। पार्टी की ओर से भेजे गये पत्र में कहा गया है कि झारखंड मुख्यमंत्री सह पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन असम चुनाव में झामुमो के मुख्य स्टार प्रचारक के रूप में प्रचार अभियान को लीड करेंगे। उनके नेतृत्व में पार्टी असम के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेगी और संगठन के आधिकारिक प्रत्याशी के लिए वोट करने की अपील करेगी। झामुमो ने कुल 20 नेताओं की सूची निर्वाचन आयोग को सौंपी है, जिन्हें स्टार प्रचारक के रूप में नामित किया गया है। सीएम हेमंत के अलावा इस सूची में कल्पना मुर्मू सोरेन, महुआ माजी, हफीजुल हसन, लुईस मरांडी सहित कई प्रमुख चेहरे शामिल हैं। इसके अलावा अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, पंकज मिश्रा, सुदिव्य कुमार, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद, विजय हांसदा, भूषण तिर्की, विकास मुंडा, एमटी राजा, आलोक सोरेन भी शामिल रहेंगे। चुनाव आयोग को भेजे गये पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी स्टार प्रचारक असम में हवाई, सड़क और रेल मार्ग से यात्रा कर चुनाव प्रचार करेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया गया है कि इन नेताओं के उपयोग में आने वाले वाहनों के लिए आवश्यक पास जारी किये जायें ताकि राज्य की सीमा के भीतर उनके आवागमन में कोई बाधा न हो।

## हर मतदाता से करें संपर्क : के. रवि कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि वे मतदाताओं के घरों पर उनके मतदान केंद्र के बीएलओ (ब्लॉक लेवल ऑफिसर) की जानकारी वाले स्टीकर लगाने का काम तेज करें। इसका मकसद यह है कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान हर मतदाता आसानी से अपने बीएलओ से संपर्क कर सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी कहा कि जो मतदाता अभी तक अपने पुराने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से नए मतदाता सूची में मैप नहीं हो पाए हैं, वे ईसीआईएनईटी के बुक ए कॉल फीचर का इस्तेमाल करके अपने मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। के. रवि कुमार ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर मतदान केंद्र पर एब्सेंट (अनुपस्थित), शिफ्टेड (स्थानांतरित), डेथ (मृतक) और डुप्लीकेट मतदाता की पूरी सूची तैयार की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विस्थापित या डिमोलिश घरों के पते पर पिछले समय में रहने वाले मतदाताओं को शिफ्टेड लिस्ट में जरूर शामिल किया जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि



मतदाताओं के मकानों को नजरी नक्शा में चिन्हित करते समय, उनके मकान नंबर को यथासंभव वही रखा जाए जो पहले से उनके मकान नंबर के तौर पर चिन्हित था। केवल उन मकानों के लिए नोशनल नंबर का उपयोग किया जाए जिनका कोई मकान संख्या नहीं है। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम के जरिए सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, और अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रामनवमी से पहले पलामू कमिश्नरी के 3059 लोगों को भेजा नोटिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी के पावन पर्व को लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंगई या अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में पूरी पलामू कमिश्नरी में 3059 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। यह कदम शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। पलामू प्रमंडल के आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि यह नोटिस बीएनएसएस की धारा 126 के तहत जारी किए गए हैं, जिसे पहले धारा 107 के नाम से जाना जाता था। इस कार्रवाई के तहत लातेहार में 621, गढ़वा में 968 और पलामू जिले में 1470 लोगों को नोटिस दिया गया है। उन्होंने बताया कि पलामू जिले के भीतर भी सदर अनुमंडल से 1059, हुसैनाबाद से 249 और छतरपुर से 162 लोगों को नोटिस तामिल कराया गया है। प्रशासन का मानना है कि इससे संभावित उपद्रवियों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए तीनों जिलों में शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया गया है। लातेहार के 12, पलामू के 25 और गढ़वा के 22 थानों में बैठकें पूरी हो चुकी हैं। डीआईजी और तीनों जिलों के एसपी के साथ भी उच्चस्तरीय बैठक की गई है। संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। हर जगह मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 28 मार्च को उलिहातू आयेंगे

**खूंटी/रांची(नबिटा ब्यूरो)।** देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 28 मार्च को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू का दौरा करेंगे। इस दौरान वे भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनके वंशजों से मुलाकात भी करेंगे। कार्यक्रम के बाद उपराष्ट्रपति सीधे रांची के लिए रवाना हो जाएंगे। यह दौरा इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि उपराष्ट्रपति बनने के बाद उनका यह पहला उलिहातू दौरा होगा। इससे पहले वे झारखंड के राज्यपाल रहते हुए भी यहां आ चुके हैं। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना पाकुड़-दुमका मुख्य पथ पर करियोडीह पुल के पास हुई, जहां हाईवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार सलीम अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हिरणपुर प्रखंड के दराजमठ निवासी सलीम अंसारी के रूप में हुई है। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे मुख्य मार्ग पर लगभग तीन से चार घंटे तक यातायात बाधित रहा।

### बाइक सवार ने मासूम को रौंदा

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के परसौनी गांव में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक सवार को हिरासत में ले लिया है। मृतक बच्चे की पहचान हजारीबाग जिले के चौपारण (करमा) निवासी मोहम्मद एजाज के पुत्र अर्हम के रूप में हुई है। अर्हम मंगलवार को ही अपने नानी घर परसौनी आया था।

### नाबालिग लड़की का शव मिला

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। बुधवार को एक मैदान में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका मंगलवार को आयोजित मंगला जुलूस में शामिल हुई थी। जुलूस के बाद से ही वह लापता हो गई थी। परिजनों ने देर रात तक उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका।

## दो ट्रकों की टक्कर के बाद सड़क पर बिखरी दाल लूट ले गए लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** कोडरमा घाटी स्थित मेघातरी काली मंडा के समीप बुधवार को दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद दोनों ट्रक सड़क पर ही पलट गए। दुर्घटना में एक ट्रक के चालक मुकेश कुमार और उप चालक राहुल कुमार घायल हो गए। दोनों बिहार के छपरा निवासी हैं जबकि खाली ट्रक के चालक को मामूली चोट आई है। जानकारी के अनुसार एक ट्रक कोलकाता से करीब 1000 बोरा दाल लोड कर बिहार की ओर जा रहा था। वहीं एक खाली ट्रक विपरीत दिशा से नवादा से कोडरमा की ओर आ रहा था। इसी दौरान मेघातरी काली मंडा के पास दोनों ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। इधर ट्रक के घायल चालक और उप चालक के अस्पताल जाते ही स्थानीय लोग सड़क पर बिखरी दाल को लूटने में लग गए। ट्रक में लोड 1000 बोरी दाल में से तकरीबन 500 बोरी दाल लूट लिए जाने की सूचना है। इधर घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना की पीसीआर वैन घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों और घरों में सर्च अभियान शुरू कर दिया ताकि लूटे हुए दाल की बरामदगी हो सके। कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पीसीआर वैन को भेजा गया है और क्रेन मंगवा कर सड़क पर पलटे ट्रकों को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लूटे गए दाल की बरामदगी को लेकर आसपास के इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## गैस संकट से परेशान लोगों ने लगाया जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** चुटिया इलाके में बुधवार को रसोई गैस की किल्लत को लेकर लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आया। उपभोक्ताओं ने चुटिया से बेल बागान क्षेत्र तक सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया और गैस एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सड़क पर उतर आए जिससे इलाके में यातायात भी प्रभावित हुआ। प्रदर्शन में शामिल मनोज दास, वीणा देवी, लखी पासवान और सुरेंद्र राम ने बताया कि उन्होंने करीब 15 दिन पहले ही ऑनलाइन गैस बुकिंग कराई थी लेकिन अब तक उन्हें सिलिंडर नहीं मिला है। लोगों का आरोप है कि गैस एजेंसी के कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। कई घरों में गैस खत्म हो चुकी है और लोगों को खाना बनाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने कालाबाजारी का भी



आरोप लगाया। उनका कहना है कि जहां एक ओर आम लोगों को समय पर गैस नहीं मिल रही, वहीं दूसरी ओर बाजार में सिलिंडर 2500 से 3000 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं। इससे साफ है कि कुछ लोग अवैध तरीके से गैस की आपूर्ति कर मुनाफा कमा रहे हैं। लोगों ने बताया कि वे पिछले बुधवार को भी गैस एजेंसी पहुंचे थे लेकिन उन्हें कहा गया कि ऊपर से सप्लाई नहीं आ रही। कई उपभोक्ता बीती रात रात 10 बजे से लाइन में खड़े थे लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मुख्य सड़क को पूरी तरह जाम कर उग्र आंदोलन करेंगे। साथ ही जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर शीघ्र गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## द्वितीय विश्वयुद्ध के बम को किया डिफ्यूज

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र स्थित पानीपाड़ा नागुडसाईं स्वर्णरेखा नदी किनारे मिले द्वितीय विश्वयुद्ध के एक शक्तिशाली बम को आखिरकार डिफ्यूज कर दिया गया। यह बम पिछले 9 दिनों से इलाके में पड़ा हुआ था, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ था। भारतीय सेना के जवानों ने नई तरकीब अपनाकर द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान इस्तेमाल किए गए अमेरिकी बमों को डिफ्यूज किया। बम को डिफ्यूज करने के लिए भारतीय सेना के कर्नल धर्मेंद्र सिंह और कैप्टन आयुष कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम मौके पर पहुंची। उनके साथ स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान घाटशिला एसडीपीओ अजीत कुजूर, मुसाबनी डीएसपी संदीप भगत, डीसी एलआर नित निखिल और थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की।


## डीडीयू-प्रधानखंता ट्रैक पर 180 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चली ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** पूर्व मध्य रेल के दीनदयाल उपाध्याय-गया-प्रधानखंता रेलखंड पर बुधवार को 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति क्षमता के साथ रेल परिचालन के लिए निरीक्षण सह ट्रायल किया गया। यह ट्रायल मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस एक विशेष ट्रेन द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य अवसंरचना उन्नयन कार्यों के बाद खंड की गति क्षमता में वृद्धि का आकलन करना था। ट्रायल ट्रेन ने पहले डाउन दिशा में डीडीयू जंक्शन से गया जंक्शन होते हुए प्रधानखांटा तक यात्रा की। इसके बाद यह अप दिशा में प्रधानखांटा से वापस डीडीयू जंक्शन पहुंची। बुधवार सुबह 11 बजे डीडीयू से रवाना होकर, ट्रेन सासाराम, डिहरी ऑन-सोन और अनुग्रह नारायण रोड होते हुए 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गया जंक्शन पहुंची। गया से धनबाद रेल मंडल के डीआरएम और अन्य रेल अधिकारी ट्रेन में सवार हुए और कोडरमा, पारसनाथ, गोमोह, धनबाद होते हुए प्रधानखांटा स्टेशन तक गए। ट्रायल से पहले डीडीयू से प्रधानखांटा के बीच पड़ने वाले सभी स्टेशनों और हाल्ट पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के



जवानों को तैनात किया गया था। आरपीएफ ने यात्रियों को ट्रेन गुजरने से पहले प्लेटफॉर्म पर रेलवे ट्रैक से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी। रेलवे ने आम जनता से अपील की कि वे रेल लाइन के निकट न आएं और अपने मवेशियों को भी ट्रैक से दूर रखें। सभी समपार फाटकों पर लगे संकेतों और निर्देशों का पालन करने तथा एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करने की सलाह भी दी गई। कोडरमा स्टेशन से ट्रेन के गुजरने से लगभग आधे घंटे पहले, रेलवे ने माइक से यात्रियों और अन्य लोगों को रेलवे ट्रैक से दूरी बनाए रखने की सूचना प्रसारित करना शुरू कर दिया था। इस दौरान आरपीएफ के जवान भी मुस्तैद रहे और लगातार लोगों को ट्रैक से दूर रहने की हिदायत देते रहे। इधर, 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन गुजरने की सूचना जैसे ही लोगों को मिली वे काफी उत्साहित हो गए। कई लोग जो स्टेशन परिसर से बाहर खड़े थे, वे भी कोडरमा स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज पर आकर खड़े हो गए और अपने-अपने मोबाइल में इस पल को कैद करने लगे। वहीं अदिति सिंह नामक यात्री ने बताया कि ऐसे हाई स्पीड ट्रेन के परिचालन से हावड़ा और दिल्ली जैसे महानगर की यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी फायदा होने वाला है। जहां कोडरमा से हावड़ा जाने में वर्तमान में 8 से 10 घंटे तक का समय लगता है, वहीं इस ट्रेन के परिचालन होने से लोग हावड़ा 3 से 5 घंटे, जबकि दिल्ली तक कि दूरी 10 घंटे तक में ही तय कर ली जाएगी।

# चैती छठ पर श्रद्धा का सैलाब, अव्यवस्थाओं ने बढ़ाई चिंता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**गिरिडीह ।** जिले के विभिन्न छठ घाटों पर चैती छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। व्रतियों ने बुधवार सुबह उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय महापर्व का विधिवत समापन किया पचंबा के बुढ़वा तालाब, शहर के अरगा घाट और अमित बरदियार घाट समेत अन्य प्रमुख घाटों पर तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। व्रतियों ने जल में खड़े होकर सूर्य उपासना की और फल, ठेकुआ सहित विभिन्न प्रसाद अर्पित किए। पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा हिंदू धर्म में छठ पूजा को अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है, जो वर्ष में दो बार चैत्र और कार्तिक मास में मनाया जाता है। इस वर्ष चैती छठ पूजा की शुरूआत 22 मार्च को ह्यनहाए-खाएह्न के साथ हुई थी, जिसका समापन आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ।हालांकि, इस दौरान कुछ घाटों पर अव्यवस्थाएं भी सामने आईं।


अरगा घाट पर नदी में नाले का गंदा और कचरा युक्त पानी रहने के कारण व्रतियों को उसी में अर्घ्य देने को मजबूर होना पड़ा। वहीं, शाम के अर्घ्य के दौरान भारी भीड़ के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या भी देखने को मिली, जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हुई इन अव्यवस्थाओं पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य सह बीबीएमकेयू, धनबाद के सीनेट सदस्य रंजीत राय ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में छठ घाटों पर स्वच्छता, जल की शुद्धता और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# अवैध खनन पर सख्ती, टास्क फोर्स को छापेमारी और निगरानी के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, खनन निरीक्षक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अवैध खनन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने खनन क्षेत्रों में नियमित छापेमारी अभियान चलाने और अवैध उत्खनन, परिवहन या भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि खनन कार्य पूरी तरह नियमों के अनुरूप हो और सरकार को किसी प्रकार की राजस्व हानि न हो।उपायुक्त ने खनन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने, चेकपोस्ट और पिकेट पर वाहनों की नियमित जांच करने तथा बिना चालान और ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों को जब्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही रात के समय पेट्रोलिंग बढ़ाने पर भी जोर दिया गया उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को अपने अपने



क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और किसी भी अनियमितता की तत्काल रिपोर्ट देने को कहा। टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि खनन कार्यों में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी बैठक के अंत में उपायुक्त ने नियमित समीक्षा बैठक करने और कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखा जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### जामताड़ा साइबर पुलिस को मिली सफलता

**जामताड़ा (नबिटासं)।** जामताड़ा साइबर पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी जब झीलुआ तथा पगला गांव में छापेमारी कर तीन साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार साइबर अपराधी के पास से एक लाख ₹2000 नगद सहित 6 मोबाइल फोन 8 सिम कार्ड एक एटीएम कार्ड तथा एक बाइक बरामद किया गया है। पुलिस निरीक्षक सह जामताड़ा साइबर थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम राहुल गोराई, नयन मंडल तथा जगदीश मंडल है। यह तीनों साइबर अपराधी लोगों को एपिक फाइल भेज कर साइबर ठगी करते थे। येलोग देश के विभिन्न राज्यों के लोगों से लाखों की ठगी कर चुके हैं। जबकि एक साइबर अपराधी पूर्व में भी जेल जा चुका है।

### गैस आपूर्ति में लापरवाही पर डीएम सख्त, 4 दिनों में व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम

**मुजफ्फरपुर वार्ता (नबिटासं)।** घरेलू गैस उपभोक्ताओं को समयबद्ध, पारदर्शी एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने आईओसीएल, एचपीसीएल एवं बीपीसीएल के प्रतिनिधियों तथा शहरी गैस वितरण परियोजना के अधिकारियों के साथ गैस आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पाई गई खामियों पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर लापरवाही करार दिया और तत्काल सुधार के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि गैस कंपनियां अपने उपलब्ध स्टॉक के अनुपात में उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने गैस सिलेंडरों के बैकलॉग और लंबित वितरण को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करते हुए अधिकतम चार दिनों के भीतर आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु करने का सख्त अल्टीमेटम दिया। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रतिदिन आपूर्ति की निगरानी करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में औसतन लगभग 20 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है, जो बढ़ती मांग के मुकाबले अपर्याप्त है। इस पर जिलाधिकारी ने अतिरिक्त गैस उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग और रिफिलिंग प्लांट को पत्र भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकतम उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस उपलब्ध कराई जाए और फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के सिद्धांत पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पाइपलाइन गैस (पीएनजी) कनेक्शन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में 32,341 घरों में गैस मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 14,238 कनेक्शन चालू हैं, जबकि शेष कनेक्शन को जल्द सक्रिय करने की प्रक्रिया जारी है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पाइपलाइन गैस सेवा से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर 9693989339 भी जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि गैस आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

### रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क, शांति समिति की बैठक में दिए निर्देश

**गिरिडीह (नबिटासं)।** आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने डुमरी तथा बगोदर-सरिया अनुमंडल कार्यालय सभागार में शांति समिति के सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत ब्रीफिंग की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने और अफवाहों से बचने की अपील की। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर विशेष नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने को कहा गया पुलिस पदाधिकारियों को जुलूस मार्ग, पूजा स्थलों, चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित पेट्रोलिंग और मजिस्ट्रेट की नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम की सक्रियता और आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल तैयार रखने के निर्देश भी दिए गए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी जुलूस निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार ही निकाले जाएंगे तथा सभी को प्रशासनिक दिशा-निदेर्शों का पालन करना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप करने, डीजे पर प्रतिबंधित गानों से परहेज करने और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव साझा किए और प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। अनुमंडल पदाधिकारी ने दोहराया कि सभी विभागों के आपसी समन्वय से रामनवमी पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

### कैलपूर में स्कूल भवन तोड़ जमीन कब्जाने का आरोप, डीसी-एसपी से कार्रवाई की मांग

**गिरिडीह (नबिटासं)।** धनवार प्रखंड के निमाडीह पंचायत अंतर्गत कैलपूर गांव में प्राथमिक विद्यालय भवन को तोड़कर उसकी जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कैलपूर निवासी गौरीशंकर यादव ने धोडथम्भा ओपी थाना में आवेदन दिया है, जिसकी प्रतिलिपि मंगलवार को उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को भी सौंपी गई है आवेदन में गौरीशंकर यादव ने आरोप लगाया है कि विद्यालय भवन को पहले ही तोड़ दिया गया था और वहां से खिड़की, दरवाजा, छड़ और ईंट जैसी सामग्री भी लूट ली गई, जिसकी अब तक कोई रिकवरी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि जिस जमीन पर विद्यालय स्थित है, वह उनके पिता द्वारा दान में दी गई थी गौरीशंकर यादव का आरोप है कि अब उसी जमीन पर कब्जा करने के लिए स्थानीय मुखिया चन्द्रशेखर यादव, विकास यादव समेत छह अज्ञात लोग ट्रक से मोरम गिराकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दे दी गई है और वरीय अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है आवेदक ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपितों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मामले को झारखंड हाईकोर्ट तक ले जाएंगे।

# रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीसी-एसपी ने दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इस कड़ी में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारियों पुलिस पदाधिकारियों अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की बैठक में जिले के सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की



लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था पर नजर रखने को कहा गया उन्होंने जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने, आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग, लाइटिंग और साफ-सफाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना अनुमति किसी भी जुलूस या कार्यक्रम पर रोक लगाने तथा निर्धारित मार्ग और समय का सख्ती से पालन कराने को कहा। बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और अग्निशमन जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। आपात स्थिति के लिए कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने पर जोर दिया गया।वहीं, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने पर्व के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने और भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया। डीजे और लाउडस्पीकर के उपयोग में निर्धारित नियमों के पालन और भड़काऊ या अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध के निर्देश भी दिए गए बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों के साथ समन्वय बनाए रखने की हिदायत दी गई, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारी और पुलिस बल की संयुक्त पेट्रोलिंग तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष चौकसी के निर्देश दिए गए।

# राज्यसभा में गूंजा झारखंड का मुद्दा, डॉ. सरफराज अहमद ने केंद्र से मांगा जवाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। देश में चल रहे बजट सत्र के दौरान झारखंड के मुद्दे एक बार फिर संसद में प्रमुखता से उठे। डॉ. सरफराज अहमद ने राज्यसभा में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करते हुए कई अहम मुद्दों को उठाया सांसद डॉ. अहमद ने राज्यसभा अध्यक्ष के माध्यम से केंद्र सरकार से पूछा कि कोयलांचल और सीसीएल क्षेत्र में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर के तहत मिलने वाली राशि का सही उपयोग क्यों नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोलियरियों के आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए खर्च होने वाली यह राशि अन्य स्थानों पर खर्च कर दी जाती है, जिससे स्थानीय विकास प्रभावित हो रहा है इसके साथ ही उन्होंने कोलियरी क्षेत्रों में आउटसोर्सिंग कंपनियों के बढ़ते दखल और कोलियरियों के बंद होने से स्थानीय लोगों के रोजगार पर पड़ रहे असर को भी गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि इस वजह से बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो रहे हैं डॉ. अहमद ने जल नल योजना में ठेकेदारों द्वारा की जा रही कथित अनियमितताओं और मनमानी पर भी केंद्र का ध्यान आकृष्ट कराया।

उन्होंने कहा कि इस योजना में पारदर्शिता की कमी है और इसमें बंदरबांट की शिकायतें सामने आ रही हैं इसके अलावा उन्होंने झारखंड के एकमात्र एम्स देवघर के अपग्रेडेशन और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया सांसद ने केंद्र सरकार से इन सभी मुद्दों पर स्पष्ट जवाब देने और आवश्यक कदम उठाने की मांग

# सड़क सुरक्षा को लेकर सख्ती बढ़ेगी, नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कारवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन अब और सख्त रुख अपनाने जा रहा है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात व्यवस्था, दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाया जाए।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया



उन्होंने लंबित हिट एंड रन मामलों का शीघ्र निष्पादन करने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान करने तथा ऐसे स्थानों पर हाई मास्ट लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही ओवर स्पीडिंग पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने और जिलेभर में विशेष वाहन जांच अभियान चलाने पर जोर दिया।उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाएं, ताकि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा ह्यराह-वीर योजनाह्न शुरू की गई है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर यानी पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाकर मदद करने वाले व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि सड़क हादसों के दौरान आगे आकर घायलों की मदद करें, ताकि समय पर इलाज मिल सके और अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके।

# छठ घाटों पर अभाविप ने किया नि:शुल्क दूध वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप गिरिडीह नगर इकाई द्वारा जिले के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के बीच नि:शुल्क दूध का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य से व्रतियों और श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिली इस अवसर पर प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही समाज हित, राष्ट्र हित और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए निरंतर कार्य करती आ रही है।

उन्होंने बताया कि गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों में परिषद के कार्यकर्ता कई वर्षों से



छठ पूजा के दौरान नि:शुल्क दूध वितरण जैसे सेवा कार्य करते आ रहे हैं और भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहेंगे। मौके पर प्रांत एसएफएस सह संयोजक अनीश राय, नगर मंत्री नीरज चौधरी, नगर सह मंत्री अभिजीत सिन्हा, आकाश श्रीवास्तव, रोहित बर्नवाल, श्रेयांश सौरव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर नकॉर्ड समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध खेती पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशीली दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग, तस्करी और अवैध खेती पर प्रभावी रोकथाम के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की बिक्री, सेवन और तस्करी में संलिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए तथा सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की



जाए। विशेष रूप से अफीम की अवैध खेती वाले क्षेत्रों की पहचान कर फसल का विनष्टीकरण करने और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए बैठक में नशीली दवाओं की लत से प्रभावित क्षेत्रों, इसके उपयोग के प्रमुख केंद्रों तथा अब तक संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया कि नशीली दवाओं की बिक्री का समुचित रिकॉर्ड रखा जाए और बिना चिकित्सकीय पर्ची के दवा वितरण पर सख्ती से रोक लगाई जाए। साथ ही झोला-छाप चिकित्सकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा इस मौके पर पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, ड्रग इंस्पेक्टर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# क्रिकेट टूनार्मेंट का नगर पंचायत चेयरमैन ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटोरिया (बांका) ।** ग्राम घोरमारा में खेले जा रहें जीपीएल सीजन1 टूनार्मेंट का उद्घाटन कटोरिया नगर पंचायत चैयरमेन सपना शिवानी ओर उप चैयरमेन सकिला खातुन ने मुख्य रूप से फिता काटकर किया शुभारंभ।मैच राधानगर व मंदार11बौसी के बीच खेला गया। इस दौरान चैयरमेन सपना शिवानी ने कहा कि खेल का आयोजन होने से न सिर्फ आपसी भाईचारा बढ़ता बल्कि मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है। खेल हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहा है। ओर खिलाड़ियों के



बीच वही जोश ओर अपनापन महसूस करती हूँ।खेल से केवल शारीरिक ओर मानसिक मजबूती देती है। वल्कि अच्छे इंसान बनने का नींव भी रखता है उन्होंने आयोजन समिति का हौसला बढ़ाते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में करते रहने की बात कहीं। इस अवसर पर व्रिडर पब्लिक स्कूल व संत टरेसा पब्लिक स्कूल के बच्चे मौजूद थे। वही फोन प्लाजा डारेक्टर परवेज अंसारी व साइमा फर्निचर के डारेक्टर मंजर आलम नें आयोजन समिति को टीसर्ट पहनाकर स्वागत किया गया। इम्पायर अल्ताफ व इंतेखाव ने किया।

कमेन्टर कलाम अंसारी ने की। इस मौके पर जमालउद्दीन अंसारी जफरूल अंसारी चैयरमेन प्रतिनिधि ठाकुर शोरभ सिंह उप चैयरमेन प्रतिनिधि फकरे आलम वार्ड पार्सद मासुक अंसारी वही आयोजन समिति के सदस्य अल्ताफ, इंतेखाव, मकसुद अंसारी, जाबिर अंसारी, राजू अंसारी, नियाज अंसारी, सकलेन अंसारी, सरताज अंसारी, शाहरूख अंसारी, इवलाख अंसारी, जाबेद अंसारी, निस्तार अंसारी अंसार अंसारी, जियास अंसारी सहित अन्य लोंग मौजूद थे।

# शस्त्र पूजन कार्यक्रम में महिलाओं बालिकाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाजसेवी सह कुटुम्ब प्रबोधन की प्रांत टोली सदस्य पूनम बरनवाल के नेतृत्व में माता अहिल्याबाई होलकर वाहिनी के तत्वावधान में बुधवार को स्थानीय विवाह भवन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा इस दौरान बताया गया कि वर्तमान में 301 बालिकाएं नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यह प्रशिक्षण न केवल आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और साहस का भी विकास कर रहा है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती पूनम बरनवाल ने कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ें, ताकि वे आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बन सकें अंत में सभी प्रतिभागियों ने समाज में सुरक्षा, संस्कार और संगठन की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# राम नवमी पर जिले की पुलिस रहेगी अलर्ट मोड में

**❑सिटी एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च, इलाके में सुरक्षा का जायजा**
**❑ड्रोन और दंगा रोधी बल तैनात, कंट्रोल रूम से होगी 24 घंटे निगरानी**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** राम नवमी के पावन पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के उद्देश्य से बुधवार को सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस कंट्रोल रूम से भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान एसडीएम लोकेश बारंगे, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, डीएसपी प्रदीप मिंज समेत विभिन्न थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे।

फ्लैग मार्च में 100 से अधिक वाहनों का लंबा काफिला शामिल था, जो जिले के प्रमुख और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस ने कोर्ट मोड़, श्रमिक चौक, बैंक मोड़, धनसार, झरिया, जोरापोखर, कतरास मोड़, शिमलाबहाल, किस्तोर, केंदुआडीह, लोयाबाद, जोगता, सिजुआ, कतरास, कांके मोड़, राजगंज, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, फकीरडीह चौक, स्टील गेट और हीरापुर सहित कई क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राम नवमी को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक और बहुस्तरीय इंतजाम किए हैं। पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी तरह एक्टिव कर दिया गया है, जहां से 24 घंटे पूरे जिले की निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम में रिजर्व पुलिस बल को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार है।

इसके अलावा दंगा रोधी दस्ता और क्विक रिस्पॉन्स टीम को भी रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है।

सभी थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष रूप से ज्यादा संख्या में जवानों को लगाया गया है। आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए ड्रोन कैमरों से भी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध स्थिति को तुरंत चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि राम नवमी जैसे पवित्र पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए या कोई सूचना मिले, तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 पर जानकारी दें।

## पुलिस ने की देसी शराब विनष्ट

**हुसैनाबाद,पलामू।** अवैध शराब निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुसैनाबाद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ईटबांध ग्राम में भारी मात्रा में जावा महुआ एवं तैयार देसी शराब को नष्ट किया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में करीब 400 किलोग्राम जावा महुआ तथा 50 लीटर अवैध देसी शराब को मौके पर ही विनष्ट किया गया।

थाना प्रभारी चंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ईटबांध गांव पहुंची, जहां झाड़ियों और सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखे गए जावा महुआ तथा तैयार देसी शराब को बरामद किया गया। इसके बाद विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह सख्त है और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मंत्री पहुंचे सखी महोत्सव, की सराहना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने मजदूर मैदान में आयोजित सखी महोत्सव 2026 कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन किया और महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। साथ ही महिलाओं द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी लुफ्त उठाया। इस दौरान मंत्री द्वारा सामानों की खरीदारी भी किया गया।

मौके पर विधायक बोकारो श्वेता सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, उपाध्यक्ष जिला परिषद बबीता देवी, महापौर चास नगर निगम भोलू पासवान, उप महापौर चास नगर निगम पूजा कुमारी, उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, संलग्न पदाधिकारी वन प्रमंडल विभाग शिंदे संदीप कारभारी, निदेशक डीपीएलआर मेनका, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, वरीय लेखा पदाधिकारी पंकज दुबे सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी व भारी संख्या में बोकारो के दर्शक उपस्थित थे।

उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए कहा कि सखी महोत्सव महिलाओं की प्रतिभा और परिश्रम का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है और ऐसे आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत मंच प्रदान करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आज हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, वस्त्र एवं सजावटी सामग्री के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इनके उत्पादों को प्रोत्साहन देने से न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने कहा कि निर्देश देना चाहूंगा कि जो कार्यक्रम आपने शुरू किया है उसे अगले साल भी कार्यक्रम को आप बरकरार रखेंगे और उनके व्यापारिक दृष्टिकोण यह व्यापारिक रूप से जिस तरह से महिलाएं आगे बढ़ रही है अब यह एकदम नियम बनना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक बोकारो श्वेता सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर महिला स्वयं सहायता समूहों की सराहना की।अपने संबोधन में कहा कि सखी महोत्सव महिलाओं की प्रतिभा, मेहनत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और ऐसे आयोजन उन्हें अपने हुनर को पहचान दिलाने के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत बनने का अवसर प्रदान करते हैं। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम अब दिखने लगा है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों के माध्यम से न केवल अपनी पहचान बना रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे स्थानीय उत्पादों को अपनाएं और महिलाओं द्वारा बनाए गए सामान की खरीदारी कर उन्हें प्रोत्साहित करें। सखी महोत्सव की सराहना की तथा इस कार्यक्रम को आगे भी जारी रखने को कहा। ताकि महिला दीदियों को स्वावलंबी बनाया जा सके। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय कला और परंपरा की भी झलक देखने को मिली।

## पलामू पुलिस हुई सख्त

**⇨3059 लोगों को भेजा गया नोटिस ⇨शांतिपूर्ण आयोजन पर फोकस**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पलामू।** रामनवमी के पावन पर्व को लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है. जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंगई या अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में पूरी पलामू कमिश्नरी में 3059 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। यह कदम शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

पलामू प्रमंडल के आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि यह नोटिस बीएनएसएस की धारा 126 के तहत जारी किए गए हैं, जिसे पहले धारा 107 के नाम से जाना जाता था। इस कार्रवाई के तहत लातेहार में 621, गढ़वा में 968 और पलामू जिले में 1470 लोगों को नोटिस दिया गया है। उन्होंने बताया कि पलामू जिले के भीतर भी सदर अनुमंडल से 1059, हुसैनाबाद से 249 और छतरपुर से 162 लोगों को नोटिस तामिल कराया गया है। प्रशासन का मानना है कि इससे संभावित उपद्रवियों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा।रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए तीनों जिलों में शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया गया है। लातेहार के 12, पलामू के 25 और गढ़वा के 22 थानों में बैठकें पूरी हो चुकी हैं. डीआईजी और तीनों जिलों के एसपी के साथ भी उच्चस्तरीय बैठक की गई है। संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

मुख्यालय से अतिरिक्त बल भी भेजे गए हैं। पलामू को 250, गढ़वा को 200 और लातेहार को 200 होमगार्ड जवान दिए गए हैं। इसके अलावा आईआरबी और इको बल को भी तैनात किया गया है। रामनवमी के मद्देनजर सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

तीनों जिलों में जिला कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक थाना से हर दो घंटे में खैरियत रिपोर्ट ली जाएगी. यह रिपोर्ट सीधे जिले के अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी, जिससे हर स्थिति पर नजर रखी जा सके। इसके साथ ही मॉक ड्रिल भी लगातार की जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार रहे।

रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर भी प्रशासन ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। किसी भी प्रकार के भड़काऊ या अश्लील गाने बजाने पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

तीनों जिलों के दमकल विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है. सभी दमकल वाहनों को पानी से भरकर तैयार रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसी तरह रामनवमी से पहले अवैध शराब के खिलाफ भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। सिर्फ पलामू जिले में ही 6525 किलोग्राम अवैध जावा महुआ को नष्ट किया गया है।

प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि रामनवमी का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो. इसके लिए पुलिस और प्रशासन हर स्तर पर तैयारी में जुटे हुए हैं। सुरक्षा, निगरानी और सख्ती के जरिए किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की पूरी कोशिश की जा रही है।

## बोर्ड की प्रथम बैठक में लिए गए कई निर्णय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** चास नगर निगम की प्रथम बोर्ड बैठक महापौर भोलू पासवान की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा बुनियादी समस्याओं के स्थायी समाधान को लेकर विस्तृत एवं गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर उपमहापौर पूजा कुमारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, सहायक नगर आयुक्त स्मिता किरण सहित नगर निगम के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी एवं सभी वार्डों के पार्षदगण उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य फोकस शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर एवं प्रभावी बनाने पर रहा। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी सफाईकर्मियों को संबंधित वार्ड पार्षदों के अधीन रखा जाएगा, जिससे सफाई कार्यों का संचालन स्थानीय स्तर पर अधिक जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ किया जा सके तथा निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

साफ-सफाई से संबंधित एजेंसी चास इनवायरो लिमिटेड द्वारा अपेक्षित कार्य निष्पादन नहीं किए जाने के कारण उसे ब्लैकलिस्ट करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। साथ ही इस संबंध में संबंधित विभागों को पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में चास शहरी जलापूर्ति योजना फेज-वन क्षेत्र से गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या पर भी गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया। नागरिकों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक कदम उठाने पर सहमति बनी।

आसन्न गर्मी के मौसम को देखते हुए जूडको एवं जुस्को को दस दिनों के भीतर नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही फेज-वन के संचालन का प्रभार लेने तथा पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि शहरवासियों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

शहर में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्ट्रीट लाइट हाईमास्ट लाइट से संबंधित एजेंसी को युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया। नगर क्षेत्र के सभी वार्डों में खराब लाइटों की मरम्मत एवं नई लाइटों की स्थापना शीघ्र पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि नागरिकों की सुरक्षा एवं आवागमन सुगम हो सके।

छोटी एवं संकरी गलियों में साफ-सफाई को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सभी पार्षदों द्वारा ठेला क्रय करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे कचरा संग्रहण एवं निष्पादन व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके।

बैठक के समापन अवसर पर महापौर एवं अपर नगर आयुक्त द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित शहर की परिकल्पना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी पार्षदों को एक-एक छोटा पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पहल स्वच्छ एवं हरित चास के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना गया।

## खुला पट, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**चंदवारा (कोडरमा)।** बाजार में बसंती दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन जिप अध्यक्ष रामधन यादव,बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा, प्रमुख मंजू देवी, जिप सदस्य महादेव राम संयुक्त रूप से फीता काटकर किया ।इस दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा का पट भी खोला गया। पट खुलते ही मां के दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि मां दुर्गा के पूजा अर्चना करने के मन को शांति मिलती है। मौके पर पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि अशोक सिंह,मुखिया श्यामदेव यादव,राजकुमार यादव,कृष्णा यादव, कृष्णा राणा, अशोक सिंह कपूर, अज्जू सिंह, शक्ति सिंह, प्रकाश यादव,बिरेंदर यादव, रविशंकर यादव एवं श्रद्धालुओं लोग मौजूद थे।

## योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

### वित्तीय समावेशन पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा।** चतरा विकास भवन स्थित सभा कक्ष में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं स्पेशल की संयुक्त बैठक उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें जिले में संचालित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सीडी रेशियो, किसान क्रेडिट कार्ड , स्वयं सहायता समूह ऋण, वार्षिक ऋण योजना , प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम , प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर गहन चर्चा हुई।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि वित्तीय समावेशन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैंक शाखाओं एवं बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट एजेंटों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने विशेष रूप से योजना के तहत कुछ बैंकों की शून्य प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र लक्ष्य प्राप्ति हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। साथ ही के अंतर्गत प्राथमिकता क्षेत्रों में ऋण वितरण की स्थिति एवं उसमें आ रही बाधाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिले का क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो वर्तमान में 33.12 प्रतिशत है, जो निर्धारित 40 प्रतिशत से कम है। इस पर उप विकास आयुक्त ने बैंक अधिकारियों को प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण वितरण बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में आरबीआई के प्रतिनिधि, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, रसेटी निदेशक एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से संबंधित तैयारियों को ससमय पूर्ण करें पदाधिकारी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाताओं के घरों पर उनके मतदान केंद्र के बीएलओ की जानकारी वाले स्टीकर लगाने के कार्य में तेजी लाएं ताकि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में सभी मतदाताओं को उनके बीएलओ से संपर्क करने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता जिनका अभी भी मतदाता सूची के विगत गहन पुनरीक्षण से वर्तमान मतदाता सूची में मैपिंग नहीं हो सका है, वे बुक ए कॉल फीचर का इस्तेमाल करते हुए अपने मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। वे निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ एवं डुप्लीकेट की सूची तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि इस क्रम में इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि विस्थापित अथवा डिमोलिश घरों के पते पर विगत में रहने वाले मतदाताओं को शिफ्टेड लिस्ट में अनिवार्य रूप से अंकित करें। श्री कुमार ने कहा है कि मतदाताओं के मकान को नजरी नक्शा में चिन्हित करते समय उनके मकान संख्या को यथासंभव वही रखें जो पूर्व में उनके चिन्हित मकान संख्या है। केवल वैसे मकान जिनका कोई भी मकान संख्या नहीं है केवल उन्हें चिन्हित करने के लिए ही नोशनल नंबर का इस्तेमाल करें।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित



ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गैस आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर लौटी

**मधुबनी।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था अब धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है। जिला प्रशासन की सक्रियता के कारण उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम की कुल 103 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनसे करीब 9.61 लाख उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। 1 मार्च से 18 मार्च 2026 के बीच 2.54 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने गैस बुकिंग कराई, जिनमें से 2.07 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को सिलिंडर की डिलीवरी दी जा चुकी है।

## 'जादू से जागरूकता' कार्यक्रम आयोजित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय ने 'जादू से जागरूकता' अभियान के तहत आज कोयलनगर स्थित बीसीसीएल के सामुदायिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें धनबाद जिले के कुल 13 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये वित्तीय साक्षरता के प्रसार के महत्व पर प्रकाश डाला तथा वर्तमान परिदृश्य में केंद्रीय बैंक के बुनियादी व विकासात्मक कार्यकलापों, बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग तथा सतर्कता और वित्तीय जन-जागरूकता के विभिन्न पहलुओं से छात्रों को परिचित कराया। कार्यक्रम में जादू के माध्यम से बैंकिंग, बजट, बीमा एवं निवेश आदि से जुड़े अनेक वित्तीय संदेशों को प्रसारित किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 11,000, द्वितीय को 7,000, तृतीय को 4,000 तथा 2,000-2,000 के दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गए।

## आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**चतरा।** एकल अभियान अंचल चतरा का पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आज संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर झारखंड संभाग खेल प्रशिक्षक विकास केसरी संभाग के प्राथमिक शिक्षा के अध्यक्ष सचिंद्र पासवान आंचल अध्यक्ष दिलीप नारायण गुप्ता , एकल अभियान के मीडिया प्रभारी शिव कुमार तिवारी जिसमें प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक शिक्षा आप योजना ग्रामोत्थान योजना ग्राम स्वराज योजना और श्री हरि कथा प्रसार योजना पर चर्चा हुआ। प्राथमिक शिक्षा में सभी विद्यालय ए श्रेणी में होना चाहिए सभी बच्चों में देशभक्ति गीत महापुरुषों के गौरव गाथा और बाल गीत बाल गीत कंठस्थ याद होना चाहिए। हम अभियान के माध्यम से सभी आचार्य गांव में अभियान के पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से गांव में सर्वाधिक विकास पर चर्चा हुआ।

## लंबित मामलों के जल्द निष्पादन का निर्देश

**चतरा।** चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सरकारी भूमि के नामांतरण, जमाबंदी, एफआरए/एनओसी प्रस्ताव, एनजीडीआरएस पोर्टल पर छूटे हुए प्लॉटों की प्रविष्टि, ई-जन समाधान पोर्टल की स्थिति, भूमि सीमांकन (डिमार्केशन), राजस्व संग्रहण, ई-कोर्ट, म्यूटेशन तथा भारतमाला परियोजना के अंतर्गत भू-अर्जन एवं हस्तांतरण सहित अभिलेखागार में रखी पंजी-2 के डिजिटाइजेशन कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की।

बैठक के दौरान सीसीएल, एनटीपीसी, रेलवे एवं ऊर्जा संचरण से जुड़े लंबित मामलों पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ इन मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## 28 मार्च सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा धनबाद पुलिस का नियंत्रण कक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** रामनवमी को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी किया है।जिसमें जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। क्विक रिस्पॉन्स टीम भी मौजूद रहेगी। रामनवमी के अवसर पर 25 मार्च दोपहर 2 बजे से 28 मार्च की सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311807, 112 है। जिला नियंत्रण कक्ष में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक की टीम तथा एम्ब्युलेंस मौजूद रहेगी।

रामनवमी के अवसर पर धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमाबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारी तथा चलंत दस्ता रहेगा।

पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल दंडाधिकारी, सभी डीएसपी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। साथ-साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूरे अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

रामनवमी के अवसर पर धनबाद थाना, सरायढेला, बैंक मोड़, धनसार, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, बलियापुर, सिंदरी, लोयाबाद, राजगंज, चिरकुंडा, तोपचांची, कतरास सहित 47 थाना क्षेत्र में प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। साथ में 46 संवेदनशील थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रहेगी।? रामनवमी के अवसर पर सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक, लोक शांति या विधि व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सामग्री पर पुलिस के सोशल मीडिया मोनिटरिंग सेल की विशेष निगरानी रहेगी। ऐसा करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत एवं नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त आदेश में विधि व्यवस्था एवं प्रशासनिक नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए सभी राजपत्रित पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक मुख्यालय में मौजूद रहेंगे। सभी थाना व ओपी प्रभारी अपने-अपने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के साथ रामनवमी पर्व के दौरान अखाड़े एवं जुलूस के लिए निर्धारित रूट का भौतिक सत्यापन करेंगे। जहां आवश्यकता होगी वहां बैरिकेडिंग करेंगे।

# द्वितीय विश्व युद्ध के मिले बम को सेना ने किया निष्क्रिय

## लगभग 200 किलो वजनी था बम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भारतीय सेना ने एक बड़े खतरे को टाल दिया। यहां मिले द्वितीय विश्व युद्ध के समय के संदिग्ध बम को सेना के जवानों ने सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। राहत की बात यह है कि इस दौरान किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार, यह करीब 200 किलो वजनी बम था, जो गैस सिलेंडर जैसा दिखता था।

इसे पिछले सप्ताह बहरागोड़ा इलाके में पानीपाड़ा-नागुडसाई सड़क के पास रेत खुदाई के दौरान पाया गया था।

घटना की जानकारी मिलने के बाद सेना की टीम और रांची से बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। टीम ने ड्रोन की मदद से पूरे इलाके की जांच की और फिर सावधानी से बम को निष्क्रिय कर दिया। झारखंड पुलिस ने इस काम के लिए पहले ही सेना से मदद मांगी थी। सेना की इस कार्रवाई से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

# तीन लोगों को डूबने से बचाने वाला खुद गंगा में समाया

## छठ घाट पर मची चीखपुकार
## गंगा में युवक की तलाश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जिले के मनेर थाना क्षेत्र के ब्रह्मचारी गंगा घाट पर बुधवार को अर्घ्यदान के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक महिला समेत तीन लोग गंगा नदी में डूबने लगे। यह देख गांव के एक युवक ने साहस दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी। युवक ने डूब रहे तीनों लोगों की जान बचा ली, लेकिन दुर्भाग्यवश वह खुद गंगा की तेज धारा में बह गया और लापता हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मनेर के शेरपुर पश्चिमी पंचायत स्थित ब्रह्मचारी गांव के समीप गंगा घाट पर चैती छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालु उगते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे थे। अर्घ्यदान के दौरान कुंती देवी तथा पास में स्नान कर रहे कल्लू और रूपेश अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस दौरान वहां अफरतफरी मच गई। तीनों लोग मदद की गुहार लगाने लगे।

तीनों को डूबते देख लालबेगवा गांव निवासी दिलीप ठाकुर के पुत्र बिट्टू



कुमार ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। उसने साहसपूर्वक महिला और दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, इस दौरान वह खुद गंगा की तेज धारा की चपेट में आ गया और डूबकर लापता हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि बिट्टू अपनी चाची के साथ घाट पर गया था। किसी ने नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लक्षवार धाम में लगता है प्रेतमुक्ति मेला

## कई राज्यों सहित पड़ोसी देश से पहुंचते हैं लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में शारदीय नवरात्र के अवसर पर एक ऐसा नजारा देखने को मिलता है, जो आधुनिक युग में भी प्राचीन मान्यताओं और गहरे अंधविश्वास की याद दिलाता है। जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित लक्षवार गांव का लक्षवार धाम इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है। इसे स्थानीय लोग प्रेतबाधा से मुक्ति का धाम मानते हैं, जहां नवरात्र के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

लक्षवार धाम की प्रसिद्धि केवल बिहार तक सीमित नहीं है। यहां उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में लगभग एक महीने तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मान्यता है कि यहां की मिट्टी के स्पर्श मात्र से शरीर के भीतर मौजूद बुरी आत्माएं भाग जाती हैं। इसके अतिरिक्त यहां ललका बाबा द्वारा दी जाने वाली भभूत का भी विशेष महत्व माना जाता है।

शारदीय नवरात्र के मौके पर मंदिर परिसर में कई विचलित करने वाले दृश्य देखने को मिलते हैं। कहीं महिलाएं जोर-जोर से सिर हिलाती नजर आती हैं, तो कहीं पुरुष जमीन पर लोटकर अजीबोगरीब हरकतें करते दिखते हैं। अंधविश्वास का आलम यह है कि यहां आने वाले लोग इन गतिविधियों को इंसानी रूप में मौजूद भूत-प्रेत मानते हैं। पीड़ा से मुक्ति पाने की चाह में लोग मर्यादा और लोक-लाज की परवाह किए बिना घंटों तक इन क्रियाओं में लीन रहते हैं।

मंदिर के पुजारी के अनुसार, इस परंपरा की जड़ें दशकों पुरानी हैं।

# फुटपाथी दुकानदारों को वेंडर जोन बना कर अविलंब दुकान आवंटन हो : कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** अति प्राचीन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला, सूबे की राजधानी पटना के बाद राज्य का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण जिला गयाजी के प्रमुख सड़कों के किनारे हजारों- हजार दुकान लगा कर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाले फुटपाथ दुकानदारों को जिला प्रशासन द्वारा द्वारा वेंडर जोन बना कर अविलंब दुकान आवंटित करने की मांग कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं ने की है।

मांग करने वालों में बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, धर्मेंद्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान, आदि ने

## 2014 में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए बना था कानून

कहा कि सन 2014 में देशभर के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कानून बना कर संविधान के सातवें खंड, अर्थात अनुच्छेद 19 (1) के तहत स्ट्रीट वेंडिंग को एक बुनियादी अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है।

नेताओं ने गया शहर के हृदय स्थल जय प्रकाश नारायण अस्पताल गोल पत्थर के चारों ओर, शहर के बीचो बीच किरानी घाट सिक्स लेन पुल के पास, सीढिया घाट, महादेव घाट, पिता महेश्वर घाट के पास फल्गु नदी के किनारे, केदार नाथ मार्केट के कई बड़े भूखण्ड के ग्राउंड फ्लोर में गया गांधी मैदान के चारो तरफ के साथ-साथ गया नगर निगम शहर में खाली पड़े भूखण्ड को वेडिंग जोन बना कर आवंटित करने से शहर के हजारों फुटपाथ दुकानदारों को दुकान मिलने से उनके एवं उनके परिवार को जीवन यापन का साधन मिल जाएगा।

नेताओं ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों को दुकान नहीं मिलने के कारण वे लोग जहां- ताहा दुकान लगाये रहते हैं, जिसे ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण स्थानीय प्रशासन एवं गया नगर निगम के द्वारा नित्य दिन उन्हें हटाने, भगाने तथा फाइन करने के सिलसिले से फुटपाथ दुकानदारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

नेताओं ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत सभी फुटपाथ दुकानदारों का रजिस्ट्रेशन करा कर उन्हें वेंडर जोन में दुकान आवंटित करने, उनकी सुरक्षा तथा उन्हें सस्ते दर पर राष्ट्रीयकृत बैंकों से काम करने हेतु लोन देने आदि का भी प्रावधान है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नगरनौसा(नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत चंडी थाना क्षेत्र के अकैड़ गांव निवासी मिथलेश प्रसाद के 20 बर्षीय पुत्र विपिन कुमार का दनियावां थाना क्षेत्र के होरिल बिगहा गांव के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गया।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार के संध्या करीब आठ बजे युवक अपने बाइक से दनियावां जा रहा था इसी दौरान दनियावां-चंडी मुख्य मार्ग के होरिल बिगहा गांव के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया।जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दनियावां पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया।इधर युवक की सड़क दुर्घटना में मौत होने की सूचना मिलते ही घर मे कोहराम मच गया।

# गिट्टी के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही 4518 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

## हाइवा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना क्षेत्र के थाना गेट के समीप बुधवार को चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, शेरघाटी-2 के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में एक हाइवा वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

पुलिस ने संदेह के आधार पर हाइवा वाहन को रोककर जब तलाशी ली तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। वाहन में ऊपर से गिट्टी लदा हुआ था, जबकि उसके नीचे सुनियोजित तरीके से अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी, ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। तलाशी के दौरान कुल 4518 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक की पहचान नीरज यादव, साकिन ठाठा, थाना मानसी डीह, जिला खगड़िया के रूप में हुई है, जबकि दूसरे आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस दोनों से गहन पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

इस कार्रवाई में प्रयुक्त हाइवा वाहन को भी जब्त कर बहेरा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस के अनुसार पूरी कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा और



इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## शिक्षिका को गोली मारने वाला धराया

**मुजफ्फरपुर।** कोमल ने कभी मुझे समझा ही नहीं, इसलिए मैंने उसकी जान ले ली। मुशहरी थाना क्षेत्र के निजी विद्यालय में पढ़ाने वाली शिक्षिका कोमल की जान एक तरफा प्यार में गोली मार कर की गई थी। यह सभी खुलासा आरोपित राजा कुमार ने पकड़े जाने के बाद की। सोमवार की देर रात आरोपित राजा को पुलिस ने उसके घर मतलपुर से ही धर दबोचा। पकड़े जाने के बाद उसने शिक्षिका कोमल की हत्या करने के आरोप को स्वीकार किया गया। इतना ही नहीं, राजा की निशानदेही पर हथियार सप्लाई करने वाले एक अन्य युवक को भी पुलिस ने पकड़ा है।

# सीएम को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नेताओं ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जनता दलयू के चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर औरंगाबाद जिला जनता दल यूनाइटेड पार्टी के नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए स्वागत किया है। औरंगाबाद जनता दल यू के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश जदयू राज्य कार्यकारिणी के सदस्य विश्वनाथ सिंह , पार्टी के वरीय नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला जदयू के वरीय उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य सत्येन्द्र सिंह चन्द्रवंशी ने नीतीश कुमार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी है।

पार्टी के नेताओं ने कहा है कि नीतीश कुमार एक सफल संगठनकर्ता हैं जो अपने बल बूते पार्टी को राष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने काम किया है। आज उनकी पहचान की बदौलत ही पार्टी का एक -एक समर्पित कार्यकर्ता उनके द्वारा किए गए कार्यों को जनता के



बीच ले जाने में सफल रहें हैं। उन्होंने पार्टी के नेताओं ने कहा कि दो हजार पांच में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार की बागडोर संभाले थे तो उस समय बिहार की हालात बद से बदतर था और फिर उस अनिश्चितता से बिहार को निकालकर जो विकास का सफल रास्ता का एक बड़ी रेखा खिंची गई है वह अपने-आप में स्वर्णिम है ।आने वाले समय में नीतीश कुमार के कार्य -कलाप का कोई जोड़ नहीं बन सकता।

# फरवरी में कार्य दिवसों को दिखाया 25 दिन, हड़कंप

## वित्तीय अनियमितता का अंदेशा ❑शिक्षकों की हो रही जगहंसाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** शिक्षा विभाग में फरवरी माह के कार्य दिवसों को लेकर एक अजीब मामला सामने आया है। जिले के कुछ स्कूलों ने वास्तविक 23 कार्य दिवसों को बढ़ाकर 24 और 25 दिन दिखा दिया, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। लगभग 50 स्कूलों द्वारा इस तरह की गलत रिपोर्टिंग किए जाने के बाद डीपीओ (एमडीएम) बबीता कुमारी ने पीरपैंती, जगदीशपुर, शाहकुंड और रंगरा चौक प्रखंड के साधन सेवियों से जवाब तलब किया है ।जारी पत्र में कहा गया है कि 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देना होगा कि किन परिस्थितियों में वास्तविक कार्य दिवस से अधिक दिन दिखाकर बच्चों की संख्या बढ़ाई गई और एमडीएम योजना के तहत अधिक राशि की मांग की गई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि समय पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संबंधित प्रखंड साधन



सेवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सूची में पीरपैंती प्रखंड के 15, शाहकुंड के 25, जगदीशपुर के 1 और रंगरा चौक के 9 स्कूल शामिल हैं। फरवरी माह के लिए जिले के प्रारंभिक स्कूलों में अंडा सहित एमडीएम आवंटन की कुल राशि 3 करोड़ 92 लाख 60 हजार 119 रुपए थी।

डीपीओ (एमडीएम) बबीता कुमारी ने बताया कि यह कृत्य न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि विभाग ने पहले भी स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि ई-शिक्षाकोष में नामांकित बच्चों की संख्या के अनुसार ही उपस्थिति और कार्य दिवस दर्ज किए जाएं। साथ ही, एमआईएस पोर्टल पर भी नामांकन ई-शिक्षाकोष के अनुरूप दर्ज करने का निर्देश था।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, सात घायल

**डोभी (गया)।** थाना क्षेत्र के सिताचक गांव में एक मामूली विवाद ने देखते-देखते हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले, जिसमें लगभग सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाराचट्टी ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया ।घटना के बाद दोनों पक्षों द्वारा आवेदन दिया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों के ग्यारह -ग्यारह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों से तीन तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान एक पक्ष से मोहम्मद तसलीम अंसारी, मोहम्मद मोनाजिर हुसैन और मोहम्मद मिन्हाज अंसारी के रूप में हुई है, जबकि दूसरे पक्ष से शिवनंदन यादव, जीतन मांझी और दीपु कुमार को गिरफ्तार किया गया है ।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन की ओर से शांति समिति की पहल की जा रही है। साथ ही घटना में प्रयुक्त डीजे और एक वाहन को जब्त कर लिया गया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के जवानों के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पर्व संपन्न

## घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा के चौथे दिन बुधवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान छठ पूजा के अलग-अलग घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों में भगवान भास्कर और छठी मैया के प्रति खास उत्साह देखने को मिला। आपको बता दें कि चैत्र नवरात्र की षष्ठी पर आज छठ व्रती महिलाओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही चैती छठ महापर्व का हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। अहले सुबह से ही भगवान सूर्य की पहली किरण के साथ छठ के अनुष्ठान शुरू हुए। इस दौरान छठ घाटों पर व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस महापूजन के साथ ही 36 घंटे के निर्जल व्रत का भी समापन हो गया। वहीं, इस पूजन के बाद व्रती महिलाओं ने व्रत का पारण किया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

जिले में छठ पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई। जिले की बूढ़ी गंडक नदी, गंडक नदी और बागमती नदी के अलावा अन्य नदियों और कृत्रिम घाटों पर अहले सुबह से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: ईएल–05–26, दिनांक 24.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल:–रिसीविंग यार्ड, अण्डाल में फ्रेट रेक एग्जामिनेशन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की सुविधाएँ। **निविदा मूल्य:** रु.34,96,398.28, **बयाना राशि:** रु. 69,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 17.04.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-405/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पहाड़पुर में निजी विद्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** डोमचांच प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर में नेशनल मॉडल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन झारखंड स्टेट सेक्रेटरी तौफीक हुसैन के द्वारा फीता काटकर किया गया। वही इस दौरान तौफीक हुसैन ने कहा कि विद्यालय के खुलने से आसपास के छात्रों को आसानी से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाएगी। जो बच्चे बेहतर शिक्षा के लिए दूर दराज क्षेत्रों का रूख करते थे। उन्हें अब अपने ही घर गांव में बेहतर सुविधा मिलेगी। निदेशक इकबाल अंसारी एवं रिफत प्रवीण ने बताया कि फिलहाल हमारे विद्यालय में नामांकन फ्री है। किसी भी प्रकार की नामांकन में शुल्क नहीं लगेगा और सीबीएसई पैटर्न आधारित शिक्षा हमारे विद्यालय में नर्सरी से वर्ग दर्शन तक के छात्र छात्राओं के लिये उपलब्ध हैं। साथ ही हमारे विद्यालय में योग एवं अनुभवी शिक्षक शिक्षकों द्वारा पठन-पाटन की समुचित व्यवस्था है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्कूल संचालित है। बच्चों के लिए शुद्ध वातावरण में पठान-पाठन की सुविधा है। प्रत्येक कमरे में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ ऑडियो विजुअल क्लासेस इंटरनेट की



सुविधाओं से पूरी तरह से लैस है। बच्चों के खेलने के लिए अच्छी मैदान है। प्रयोगशाला कंप्यूटर लैब स्मार्ट क्लासेस विशेष रूप से संचालित होगी। विद्यालय में सभी योग्य और अनुभवी शिक्षक उपलब्ध हैं। ताकि क्षेत्र के बच्चे पढ़ लिख कर अपने माता-पिता के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। मौके पर पहुंचे मुखिया अंजू देवी एवं प्रतिनिधि पिंटू यादव ने भी कहा कि विद्यालय खुलने से लोगों को अपनी बच्चों को पढ़ाने मे सहूलियत होगी। बच्चों को दूर दराज पढ़ने के लिए जाने की अब आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर मुखिया, प्रवीण रवानी, असरफ अंसारी,मो इकबाल, कलीम उद्दीन अंसारी राजू पासवान, बिरजू शर्मा,मोईन खान, सुरेश यादव आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे

# जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। सर्विकल कैंसर से बेटियों का जीवन बचाने का नया संकल्प लेकर भारत सरकार ने किशोरियों में सर्विकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू किया है। टीकाकरण अभियान 30 मार्च से झारखंड के सभी जिलों में शुरू होने वाला है। धनबाद जिले में टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि अभियान के प्रथम चरण में जिले के सभी सरकारी आवासीय विद्यालय में एमओआईसी की उपस्थिति में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन करें। छात्रों की स्क्रीनिंग करें। तत्पश्चात कैंप लगाकर टीकाकरण अभियान की शुरूआत करें।




उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में सर्विकल कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। जिले के शत प्रतिशत स्कूलों में टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए माइक्रो प्लान तैयार करें। निजी स्कूल भी अभियान की सफलता के लिए सहयोग प्रदान करें। बैठक में वर्ल्ड हेल्थ आगेर्नाईजेशन के डॉ दीपक कुमार ने बताया कि यह अभियान तीन महीने तक सभी कार्य दिवसों पर चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक रूप से पहली बार निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है। इसे 14 से 15 साल की बच्चियों के बीच एक बार लगाया जाएगा। टीकाकरण के समय अभिभावक की मौजूदगी एवं उनकी सहमति अनिवार्य रहेगी। बताया कि एचपीवी संक्रमण की रोकथाम के लिए टीकाकरण का एक डोज पर्याप्त है।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, डॉ दीपक कुमार, डॉ संजीव कुमार प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, डॉ रोहित गौतम, डीपीएम प्रतिमा कुमारी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ ओपी अग्रवाल, सचिव डॉ राकेश इंदर सिंह के अलावा रोटरी क्लब धनबाद, दिल्ली पब्लिक स्कूल, डी-नोबिली स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, धनबाद पब्लिक स्कूल, कार्मल स्कूल के प्रतिनिधि, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वह अन्य लोग मौजूद थे।


## पूर्व रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन–713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत जसीडीह रेलवे स्टेशन पर प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट के प्रावधान के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:

**नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–पीबीसीओ–26–2**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–पीएस–154–26–1, कार्य का विवरण:** जसीडीह (कैटेगरी–ए) रेलवे स्टेशन पर, एमएफसी बिल्डिंग के सामने पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित, 600 वर्ग फुट (जैसा कि संलग्न स्केच प्लान में दर्शाया गया है) के निर्धारित क्षेत्र में, प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्षों का प्रावधान, **ई–नीलामी की अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 07.04.2026 को 13.30 बजे।

ASN-403/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# संजय सरावगी ने स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

## पांच अप्रैल से 12 अप्रैल तक भाजपा मनाएगी स्थापना दिवस, होंगे कई कार्यक्रम


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में भाजपा पार्टी का स्थापना दिवस बड़े स्तर पर मनाएगी। भाजपा का स्थापना दिवस पांच अप्रैल से 12 अप्रैल तक मनाया जाएगा। स्थापना दिवस को लेकर आज प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी उपस्थित हुए और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पांच से सात अप्रैल को पार्टी पदाधिकारी कार्यालय की सजावट करेंगे, छह अप्रैल को सभी कार्यालयों में विकास यात्रा होगी। कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण करेंगे। ध्वज के साथ सेल्फी लेना और सोशल मीडिया पर पोस्ट करना है। 6 या 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। आठ और नौ अप्रैल को जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न चयनित विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान सात से 12 अप्रैल तक गांव बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी पार्षद, पंचायत सदस्य व ऊपर के जनप्रतिनिधियों सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता भाग लेंगे। यह कार्यक्रम एक विधानसभा में 50 बड़े गांव में आयोजित किए जाएंगे। संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस को लेकर पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर स्थापना दिवस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए संयोजक बनाए गए हैं। इस टोली में प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, पूर्व विधायक पवन जायसवाल, पिंकी कुशवाहा, सत्यपाल नरोत्तम और राजीव रंजन को शामिल किया गया है। इसके लिए 13 भागों में क्षेत्रवार कार्यक्रम प्रभारी बनाए गए हैं। मिथिला के लिए जहां डॉ रागिनी रानी को प्रभारी बनाया गया वहीं तिरहुत के लिए संजय तिवारी, मगध के लिए स्वाति सिन्हा, शाहाबाद- जनार्दन शर्मा जोगी, चंपारण के लिए अर्जुन गुप्ता को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सारण के लिए गौतम कुमार, भागलपुर के लिए विट्टू सोनी, कोशी के लिए पूनम शर्मा, सीमांचल-अमरेश कुमार ओझा, पटना-निधि सिंह, मुंगेर के लिए सुशांत कुमार और बेगूसराय के लिए अर्चना ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मुख्यालय सह प्रभारी दिलिप मिश्रा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार, सोशल मीडिया सह संयोजक अंबरीश शर्मा मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा जन अपेक्षाओं का सपना : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/सिवान।** स्वास्थ्य मंत्री एवं सिवान के विधायक मंगल पांडेय ने सिवान सदर विधानसभा क्षेत्र के कचहरी ढाला (रेल गुमटी) पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण की स्वीकृति मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह बहुप्रतीक्षित परियोजना लंबे समय से स्थानीय लोगों की मांग रही है जिसे अब स्वीकृति मिलने से सिवान के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम 'विकसित सिवान' और 'विकसित बिहार' की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय है जो आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम करेगा। श्री पांडेय ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को कोटिशः बधाई एवं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और रेल मंत्रालय के सक्रिय सहयोग से ही इस तरह की जनहितकारी योजनाएं साकार हो रही हैं। कचहरी ढाला, जो सिवान जंक्शन के समीप स्थित है वहां आए दिन जाम और रेल फाटक के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब इस ओवर ब्रिज के निर्माण से न सिर्फ यातायात व्यवस्था सुगम होगी, बल्कि शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच बेहतर संपर्क भी स्थापित होगा। श्री पांडेय ने कहा कि इस रोड ओवर ब्रिज के निर्माण से आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी जिससे उनके समय और संसाधनों की बचत होगी। साथ ही एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी जो किसी भी शहर के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी जिससे सिवान के समग्र विकास को गति प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि सिवान को एक विकसित और आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

## चिपको आंदोलन दिवस पर पर्यावरण रक्षकों को विधानसभा अध्यक्ष ने किया स्मरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने चिपको आंदोलन दिवस के अवसर पर आंदोलन के प्रारंभिक प्रणेता चंडी प्रसाद भट्ट, प्रमुख पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा तथा महिला नेतृत्वकर्ता गौरा देवी सहित सभी पर्यावरण रक्षकों को नमन किया। उन्होंने उन सभी लोगों को याद किया जिन्होंने वृक्षों को आलिंगन कर प्रकृति संरक्षण का अमर संदेश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 1974 में रैणी गांव से शुरू हुआ चिपको आंदोलन आज भी पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देता है। यह आंदोलन हमें याद दिलाता है कि वन, जल और धरती की रक्षा ही सच्ची मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि चिपको आंदोलन केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। यह दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और पेड़ों की सतत रक्षा के लिए संकल्पित होने का अवसर प्रदान करता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमें इस गौरवशाली विरासत को आत्मसात करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए।

# इंटर के बाद कैरियर की नई दिशा : कौशल विकास योजना से फ्री कम्प्यूटर शिक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जंदाहा / वैशाली।** इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान द्वारा सत्र 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके तहत युवाओं को कौशल विकास योजना के माध्यम से निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा जो शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों का अनुभव रखते हैं तथा इंटरनेशनल टीचर एक्सीलेंस अवार्ड से अलंकृत हैं ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा-आप सभी छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। यह उपलब्धि आपके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। अब समय है कि आप अपने कैरियर को नई दिशा देने के लिए कौशल आधारित एवं डिजिटल शिक्षा को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। संस्थान में विभिन्न प्रकार के रोजगारोन्मुखी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं जिनमें कुशल युवा प्रोग्राम, डीसीए, टैली ए.आई, डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम प्रमुख हैं। इन कोर्सों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे वे प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि नामांकन सीमित सीटों के आधार पर लिया जा रहा है। इच्छुक छात्र-छात्राओं से अपील की गई है कि वे शीघ्र नामांकन कराकर इस अवसर का लाभ उठाएं। कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी क्षेत्र में लंबे समय से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## बिहार दिवस पर डॉ. एन विजयलक्ष्मी की भरतनाट्यम प्रस्तुति ने मोहा मन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस आयोजित के अंतिम दिन पटना के गांधी मैदान के पास मौजूद श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसके भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन विजयलक्ष्मी की भरतनाट्यम प्रस्तुति आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। उनकी प्रस्तुति ने अलग ही शमां बांध दिया जिसमें शक्ति, अराधना और देशभक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। डॉ. विजयलक्ष्मी का व्यक्तित्व प्रशासनिक दक्षता और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का अद्वितीय उदाहरण है। बचपन से ही भरतनाट्यम के प्रति उनका गहरा रूझान रहा है, जिसे उन्होंने अपने व्यस्त प्रशासनिक दायित्वों के साथ निरंतर साधना के तौर पर बनाए रखा।

## अशोक अष्टमी पर सम्राट अशोक को नमन, विधानसभा अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सम्राट अशोक महान की जयंती अशोक अष्टमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर उन्होंने मगध साम्राज्य की गौरवशाली परंपरा और सम्राट अशोक के आदर्शों को स्मरण किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मगध की पावन भूमि पाटलिपुत्र में जन्मे चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने अपनी खड्ग-शक्ति के बल पर अखंड भारत को एकसूत्र में पिरोया। उन्होंने कहा कि कलिंग के युद्ध में हुए नरसंहार से व्यथित होकर सम्राट अशोक ने हिंसा का मार्ग त्यागकर तथागत बुद्ध के करुणा और अहिंसा के पथ को अपनाया जो उनके जीवन का सबसे बड़ा परिवर्तन था। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के शिलालेखों की शाश्वत वाणी आज भी भारत की आत्मा में गूंजती है। उनके काल की महान धरोहर अशोक चक्र आज राष्ट्रध्वज की शान है जबकि अशोक स्तंभ देश के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में उनकी अमरता का प्रमाण है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सम्राट अशोक के धम्म, करुणा और सहिष्णुता के आदर्श आज भी समाज को एकजुट रखने और सशक्त, समरस तथा समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

## दिल्ली हाई कोर्ट के लालू यादव की याचिका खारिज करने का बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने किया स्वागत

### कानून के हाथ लंबे होते हैं, कोई नहीं बचता : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दिल्ली हाई कोर्ट के राजद अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के लैंड-फॉर-जॉब्स मामले में सीबीआई की एफआईआर को रद्द करने की याचिका खारिज किए जाने के फैसले को लेकर बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि कानून के हाथ काफी लंबे होते हैं। उन्होंने कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कानून अपना काम करती है। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, उस पर कानून अपना काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अदालत को 'कुछ' लगा होगा तब ही यह फैसला लिया है जो भ्रष्टाचार करेगा, घोटाला करेगा, तो कोर्ट उचित फैसला लेती है। उन्होंने कहा कि कानून इस देश का सबसे बड़ा है, इसलिए जिन लोगों ने घोटाला किया है, भ्रष्टाचार किया है, निश्चित रूप से कानून उस तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री और केंद्र में रेल मंत्री रहते जो किया है, वह सबके सामने है। ऐसे में वे कानून की पकड़ में हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के 15 साल के 'जंगलराज' में बिहार में और भी बहुत सारे घोटाले हुए जिसके कारण हजारों करोड़ रुपये लालू परिवार के पास गए जिससे बिहार का विकास बाधित हुआ। लालू यादव जब रेल मंत्री बने तब वहां भी घोटाले हुए जिससे बिहार बहुत बदनाम भी हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर भ्रष्टाचार हुआ है, जनता के पैसों की लूट हुई है तो सजा तो भुगतना ही पड़ेगा। इससे पहले भी भ्रष्टाचार को लेकर लालू यादव को सजा मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मुझे तो लगता है कि यह पूरा परिवार घोटाला करने और अकूत संपत्ति बनाने को लेकर ही राजनीति करता रहा है।

## दानापुर पुलिया हादसा सरकार की लापरवाही का नतीजा : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिबरा गांव में विजय सिंह पथ-ढिबरा सड़क परियोजना के तहत निर्माणाधीन पुलिया के दीवार ढहने की घटना अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। इस हादसे में दो मजदूर मलबे में दब गए जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा बिहार सरकार की घोर लापरवाही, भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण कार्य का सीधा परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में विकास के नाम पर सिर्फ कागजी योजनाएं चल रही हैं जबकि जमीनी स्तर पर गुणवत्ता और सुरक्षा की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आखिर किसकी जिम्मेदारी तय होगी? क्या सरकार यह बताएगी कि बिना मानक के निर्माण कार्य कैसे हो रहा था? मजदूरों की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए थे? यह साफ है कि सरकार ठेकेदारों को खुली छूट देकर जनता की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। राजेश राम ने राज्य सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा घायल मजदूरों का समुचित इलाज सुनिश्चित करते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।

## रामनवमी पर न्यू मार्केट व्यावसायिक संघ करेगा राम भक्तों की सुविधाओं का देखभाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री रामनवमी पूजा समिति, न्यू मार्केट व्यवसायिक संघ पिछले 42 वर्षों से श्रद्धालु जो प्रसाद अथवा प्रभु हनुमान जी के दर्शनार्थी आते हैं, उनके लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था करते आ रहे हैं। इस कड़ी में इस वर्ष भी 27 मार्च को रामनवमी के उपलक्ष्य में श्री रामनवमी पूजा समिति, न्यू मार्केट व्यवसायिक संघ रामभक्तों की सभी सुविधा का देखभाल करेगा। उक्त बात की जानकारी संघ द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान न्यू मार्केट व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष अरुण रस्तोगी ने दी। वहीं अपने संबोधन में संघ के सचिव संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कोषाध्यक्ष बैजनाथ अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्था वर्ष 2017 से महाभंडारे का भी आयोजन करते आ रही है। साथ ही इस वर्ष जागरण का भी आयोजन होने जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 मार्च को प्रातः 10 बजे से हमारी संस्था द्वारा कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा। मौके पर संघ के संस्थापक सदस्य प्रदीप गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक रणवीर जैन, सदस्य सुमन सिकदर, राजकुमार जयसवाल, अंकित मेहरा, शशांक प्रसाद, सचिन, रितेश सिंघल, विजय शर्मा, महेश बहरूस सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीएलआइ योजना के विरुद्ध यूएफबीयू आंदोलन को व्यापक समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी तत्काल वार्तात्मक समाधान की मांग करते हैं। सुलह प्रक्रिया लंबित रहने के दौरान थोपे जा रहे विभाजनकारी पीएलआई फार्मूले के विरुद्ध देशव्यापी स्वतःस्फूर्त भागीदारी गहरे विरोध को दर्शाती है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स ने कहा है कि संशोधित परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव फार्मूले के एकतरफा लागू किए जाने के खिलाफ शुरू किए गए आंदोलन को बैंकिंग उद्योग में व्यापक और जबरदस्त समर्थन मिला है। शाखाओं से लेकर प्रशासनिक कार्यालयों तक, कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्वतःस्फूर्त रूप से तथा उच्च स्तर की एकजुटता और गंभीरता के साथ भाग लिया है जो इस मुद्दे पर गहरी भावना और निष्पक्षता, सामूहिक अधिकारों एवं औद्योगिक सौहार्द की रक्षा के प्रति कार्यबल के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। जमीनी स्तर पर मिली प्रतिक्रिया स्पष्ट करती है कि विरोध केवल प्रोत्साहन भुगतान तक सीमित नहीं है।

## रविवार को रोटरी क्लब द्वारा होगा 'चलो दिल से' वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना के सभी रोटरी क्लब जिला गवर्नर रोटेरियन नम्रता के कुशल नेतृत्व में 'चलो दिल से' शीर्षक से वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 29 मार्च को प्रातः सात बजे कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत इनकम टैक्स गोलंबर से 7 बजे वॉकाथॉन के साथ होगी जिसे पटना के जिलाधिकारी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वॉकाथॉन में रोटरी इंटरनेशनल के महिला सशक्तिकरण एवं समाज के समग्र विकास हेतु किए जा रहे मानवीय कार्यों को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकी भी शामिल होगी। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं एवं पटना के सभी रोटरी क्लबों के रोटेरियन उत्साहपूर्वक भाग लेंगे जो लैंगिक समानता और सामाजिक प्रगति के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दर्शाएगा। वॉकाथॉन का समापन आर ब्लाक के पास स्थित रोटरी भवन में होगा जहां महिला सशक्तिकरण पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री अशोक चौधरी होंगे। विशिष्ट अतिथियों में एडीजीपी आर. मलार विजी, एमएलसी कोमल सिंह, रोटेरियन बिंदु सिंह तथा मेडिवर्सल हॉस्पिटल के नवनीत शामिल होंगे। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

## अनुसूचित जाति पर शीर्ष अदालत का फैसला स्वागतयोग्य : लखेन्द्र पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उच्चतम न्यायालय के केवल हिंदुओं, सिखों और बौद्धों को ही अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता देने के फैसले का बिहार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लखेन्द्र पासवान ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति (एससी) का सदस्य नहीं माना जा सकता है। शीर्ष कोर्ट ने कहा ईसाई या मुस्लिम धर्म अपनाने पर व्यक्ति का अनुसूचित जाति का दर्जा खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से ऐसे लोगों पर अंकुश लगेगा जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के लोग जो इस्लाम या ईसाई धर्म में परिवर्तित होने के बाद भी आरक्षण का लाभ उठाते रहते हैं।

## श्री पंचरूपी हनुमान मंदिर राजवंशी नगर में भव्य तरीके से मनेगी रामनवमी

### रात्रि के ढाई बजे भक्तों के दर्शन के लिए खुल जाएगा मंदिर का पट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में भव्य तरीके से रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। इस संबंध में मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में मंदिर न्यास के अध्यक्ष पूर्व पुलिस महानिरीक्षक राजीव रंजन ने बताया कि 27 मार्च के दिन आयोजित होने वाले रामनवमी उत्सव के लिए मंदिर की ओर से विशेष तैयारी की गई है इसके तहत मंदिर की साज सज्जा और पेंटिंग कराई गई है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च के शुरुआत होने के बाद रात्रि के 1:00 बजे से 2.30बजे तक रामजी एवं हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी जिसके तहत उन्हें पंचामृत इत्र और गंगाजल से स्नान कराकर नया वस्त्र धारण कराया जाएगा और इसके बाद उनकी विशेष आरती की जाएगी। आरती के उपरांत 2:30 बजे से मंदिर का पट भक्तों के दर्शन व प्रसाद चढ़ाने के लिए खुल जाएगा और भक्त हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि भक्तों की सुविधा को देखते हुए मंदिर में स्त्री व पुरुष के प्रवेश के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। दोनों का निकास भी अलग होगा। बीपीएससी के तरफ से पुरुष भक्त और चिड़िया खाना की तरफ से महिला भक्तों का प्रवेश होगा। इसके लिए मंदिर से लेकर बीपीएससी और चिड़ियाखाना की तरफ नवीन सिंहा पार्क तक भक्तों की सुविधा के लिए छाया के लिए टेंट लगाया गया है जिसमें पंखा व पानी की व्यवस्था की गई है।

## महासप्तमी पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में विशेष पूजन

### महाष्टमी पर गो-पूजन व भव्य आयोजन की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित ठाकुरबाड़ी में धार्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने महासप्तमी के दिन यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की। प्रो नंदन ने बताया कि महाष्टमी के अवसर पर राज्य के सभी मठ-मंदिरों में गो-पूजन करने का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पुष्पांजलि के बाद गो-पूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस धार्मिक आयोजन में कई प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## बिहार दिवसः आईपीआरडी पवेलियन में रिकार्डतोड़ सेल्फी

### आईपीआरडी पवेलियन में 1200 से अधिक लोगों ने ली सेल्फी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के तीन दिवसीय भव्य आयोजन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पवेलियन में वर्चुअल सेल्फी का जबरदस्त क्रेज देखा गया। 22 से 24 मार्च तक चले इस कार्यक्रम में 1200 से अधिक लोगों ने विभाग के इस स्टॉल पर इनोवेटिव वर्चुअल सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली। समापन दिवस 24 मार्च को सबसे अधिक भीड़ उमड़ी जहां आगंतुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टेम्पलेट वाली वर्चुअल सेल्फी लेने के लिए सबसे ज्यादा उत्साहित नजर आए। यह टेम्पलेट पूरे तीन दिनों में सबसे लोकप्रिय रहा। पहले दिन (22 मार्च) यहां 300 से अधिक आगंतुक अनूठी सेल्फी लेने पहुंचे, अगले दिन यह संख्या बढ़कर 400 के आसपास पहुंच गई और आखिरी दिन करीब 500 लोगों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं अखबार में छपी तस्वीरों वाली सेल्फी का आनंद लिया। यहां कई लोग दोबारा अपने परिचितों की सेल्फी खिंचवाने पहुंचे। दर्शकों ने इसे मनोरंजक, यादगार और अलग अनुभव वाला प्रयास कहते हुए सराहा।

## आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड

### भारत की उभरती कंपनियों में निवेश के साथ संपत्ति सृजन का अनूठा अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रायपुर / पटना।** आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस योजनाओं के तहत आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड लांच किया है। यह फंड ग्राहकों को उभरती हुई लिस्टेड कंपनियों के एक बड़े समूह में निवेश करने और एक अनुशासित, इंडेक्स-आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से लंबी अवधि में संपत्ति बनाने में मदद करता है। यह फंड स्मॉलकैप 250 इंडेक्स को ट्रैक करता है जिसमें निफ्टी 500 के अंतर्गत 251वें से 500वें स्थान तक की 250 कंपनियां शामिल होती हैं। हालांकि नियामकीय कारणों से कंपनी हमेशा इंडेक्स के अनुरूप सभी शेयर्स में उसी अनुपात में निवेश नहीं कर सकती जिससे कभी-कभी ट्रैकिंग एरर हो सकता है। यह फंड उन छोटी सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश का अवसर देता है जो अपने विकास के शुरुआती चरण में हैं और समय के साथ बढ़ने की क्षमता रखती हैं। इस नए फंड के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी मनीष कुमार ने कहा स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड ग्राहकों को उभरती कंपनियों की विकास क्षमता में भाग लेने और लंबे समय में धन बनाने का एक सरल और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। यह उन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जो बाजार के विभिन्न सेक्टर्स में उभरती कंपनियों में व्यवस्थित निवेश चाहते हैं। इस फंड का नियम-आधारित तरीका निवेश में अनुशासन बनाए रखता है और अलग-अलग तरह के बिजनेस में निवेश का मौका देता है।

## संपादकीय

# जंग में जब सप्लाई रुकती है, तब शुरू होता है असली संकट

भारत सहित कई देश साफतौर पर किसी भी मसले का हल युद्ध के बजाय कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में रहे हैं, लेकिन जंग में शामिल देश कई बार इस सबसे जरूरी तकाजे को समझने में देर कर देते हैं। किसी भी युद्ध में भले ही दो देश या पक्ष शामिल होते हैं, लेकिन संभव है कि उसके नतीजों का दायरा इतना बड़ा हो कि अन्य कई देशों के लोगों के सामने मुसीबतें खड़ी हो जाएं। मसलन, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि समूची दुनिया में कई स्तर पर मुश्किलें बढ़ती देखी जा सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि ऊर्जा या तेल और गैस के लिए बहुत सारे देश अपनी जरूरतों के ज्यादातर हिस्से के लिए मध्यपूर्व पर निर्भर हैं। मगर इस युद्ध की शुरुआत के बाद अब धीरे-धीरे स्थितियां बिगड़नी शुरू हो चुकी हैं।हालांकि भारत सहित कई देश साफतौर पर किसी भी मसले का हल युद्ध के बजाय कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में रहे हैं, लेकिन जंग में शामिल देश कई बार इस सबसे जरूरी तकाजे को समझने में देर कर देते हैं। दोतरफा व्यापक हमलों और उसमें जानमाल के भारी नुकसान के बीच ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से दुनिया के कई देशों में तेल और गैस की आपूर्ति भी सीमित या बहुत कम हो गई है। यह ऐसी मुश्किल है, जिससे सभी लोग प्रभावित होंगे।समस्या यह है कि अगर संघर्ष लंबा खिंचा, तो आम लोगों के सामने बहुस्तरीय संकट खड़े होंगे और सरकार के सामने चुनौतियां गहराएंगी। आने वाले दिनों में युद्ध के स्वरूप के बिगड़ने और इसका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका के मद्देनजर ही प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सामने 'अप्रत्याशित चुनौतियां' हैं। जाहिर है, अब जो हालात हैं, उसमें इनका सामना करना ही विकल्प है। ऐसे में सरकार को जहां रोजमर्रा की अनिवार्य जरूरतों की आपूर्ति को संतोषजनक स्तर पर बनाए रखने के लिए हर उपाय करना होगा, वहीं विपरीत स्थितियों में भी भरोसे को बनाए रखना होगा।शायद इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि कोविड महामारी के दौरान भी आपूर्ति शृंखला का संकट पैदा हुआ था और देश ने एकजुटता से उसका मुकाबला किया।

*भारतीय महिलाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर संसद में नेतृत्व तक का लंबा सफर तय किया है, फिर भी सच्ची समानता अभी भी दूर है। मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है, जमीनी स्तर पर प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है और महिला आरक्षण विधेयक एक बड़ी छलांग का वादा करता है। लेकिन लैंगिक भेदभाव, परोक्ष राजनीति और सुरक्षा संबंधी चिंताओं जैसी व्यवस्थागत बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। विश्व स्तर पर भारत में महिलाओं की स्थिति मिश्रित है, जहाँ वे नेतृत्व और सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, वहीं लैंगिक असमानता, सुरक्षा और श्रम भागीदारी में उन्हें गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा और साक्षरता में प्रगति के बावजूद, पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण और आर्थिक असमानता प्रमुख बाधाएं बनी हुई हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है। जो महिलाओं की स्थिति में चिंताजनक गिरावट दर्शाता है।*

# महिलाओं को लेकर डॉ कलाम का सपना अधूरा

(योगेंद्र योगी)


आर्थिक भागीदारी में भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में केवल 18 प्रतिशत है, जो काफी कम है। कामकाजी महिलाओं में से केवल 40-42 प्रतिशत ही अपने पति के बराबर या उससे अधिक कमाती हैं। साक्षरता दर में 2010-2021 के बीच 14.4प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइलमैन के नाम मशहूर रहे डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि महिलाओं का सशक्तिकरण एक अच्छे परिवार, अच्छे समाज और अंततः एक अच्छे राष्ट्र के विकास की ओर ले जाता है। जब महिला सुखी होती है, तो घर सुखी होता है। जब घर सुखी होता है, तो समाज सुखी होता है, और जब समाज सुखी होता है, तो राज्य सुखी होता है, और जब राज्य सुखी होता है, तो देश में शांति होती है और उसका विकास अधिक गति से होता है। देश महिलाओं की मौजूदा हालात को देखते हुए लगता यही है डॉ कलाम का यह सपना पूरा नहीं हुआ है। इस सपने को पूरा करने के लिए अभी शायद दशकों तक इंतजार करना पड़ेगा।

भारतीय महिलाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर संसद में नेतृत्व तक का लंबा सफर तय किया है, फिर भी सच्ची समानता अभी भी दूर है। मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है, जमीनी स्तर पर प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है और महिला आरक्षण विधेयक एक बड़ी छलांग का वादा करता है। लेकिन लैंगिक भेदभाव, परोक्ष राजनीति और सुरक्षा संबंधी चिंताओं जैसी व्यवस्थागत बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। विश्व स्तर पर भारत में महिलाओं की स्थिति मिश्रित है, जहाँ वे नेतृत्व और सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं, वहीं लैंगिक असमानता, सुरक्षा और श्रम भागीदारी में उन्हें गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा और साक्षरता में प्रगति के बावजूद, पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण और आर्थिक असमानता प्रमुख बाधाएं बनी हुई हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है। जो महिलाओं की स्थिति में चिंताजनक गिरावट दर्शाता है।


देश में महिलाएं अभी तक लिंगभेद का शिकार हैं। महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और अपराधों के ग्राफ बताते हैं कि उनकी तरक्की ऊंट के मुंह में जीरे से ज्यादा नहीं है। साल 2023 की राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में 2023 में महिलाओं के खिलाफ 13,366 मामले दर्ज हुए, जो मुंबई में 6,025 और बेंगलुरु में 4,870 से कहीं ज्यादा हैं। हालांकि साल 2022 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। देश में 2021 से 2023 के बीच महिलाओं के खिलाफ कुल 13,21,745 अपराध दर्ज हुए। औसतन हर तीन मिनट में एक महिला किसी न किसी अपराध का शिकार हुई। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने राज्यसभा में पेश आंकड़ों के बताया कि ने घरेलू हिंसा, अपहरण, यौन अपराध और बाल शोषण जैसी घटनाओं में लगातार तीन वर्षों में बढ़ोतरी देखी गई।

उत्तर प्रदेश इन तीन वर्षों में सबसे आगे रहा, जहां 1,88,207 मामले दर्ज हुए। इसके बाद महाराष्ट्र में 1,31,958, राजस्थान 1,31,246, बंगाल 1,05,313 और मध्य प्रदेश में 95,780 मामलों ने स्थिति की गंभीरता को उजागर किया है। महिलाओं के खिलाफ प्रमुख अपराधों में शामिल रहे पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के 4,09,929 मामले तो वहीं अपहरण के 2,49,284 मामले सामने आए। गृह राज्य मंत्री बंदी ने बताया था कि अपराधों के ये रुझान सामाजिक और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को उजागर करते हैं। विभिन्न राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों से जुड़े अपराधों की संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है।



आर्थिक भागीदारी में भारत में श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों (82 प्रतिशत) की तुलना में केवल 18 प्रतिशत है, जो काफी कम है। कामकाजी महिलाओं में से केवल 40-42प्रतिशत ही अपने पति के बराबर या उससे अधिक कमाती हैं। साक्षरता दर में 2010-2021 के बीच 14.4प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालाँकि, केवल 10प्रतिशत महिलाएं अपने स्वास्थ्य संबंधी निर्णय खुद ले पाती हैं। संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। 2024 में 800 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। फिर भी, वैश्विक स्तर पर यह भागीदारी अभी भी कम है।

लोकनीति-सीएसडीएस के 2019 के 'महिलाएं और राजनीति' सर्वेक्षण के मुताबिक अधिकतर महिलाओं को रैलियों में जाने, उम्मीदवार से मिलने या चुनाव प्रचार करने के लिए परिवार की मंजूरी लेनी पड़ती है। 58 प्रतिशत महिलाओं का मानना था कि राजनीतिक परिवार से आने वाली महिलाओं के लिए राजनीति में प्रवेश आसान होता है। जबकि 57 प्रतिशत का मानना था कि आर्थिक रूप से मज़बूत परिवारों की महिलाओं को बढ़त मिलती है। अपने सर्वोच्च स्तर पर भी पहुंचकर भी महिलाओं का लोकसभा में हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत ही रहा, जबकि मतदाताओं में उनकी हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत है। 1952 में पहली लोकसभा में सिर्फ़ 22 महिलाएं चुनी गई थीं। 1977 में तो यह संख्या घटकर 19 ही रह गई। एक बड़ा बदलाव 21वीं सदी में दिखा। साल 2009 में 59 महिलाएं सांसद बनीं, 2014 में यह संख्या बढ़कर 62 हो गई, और 2019 में यह ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 78 तक पहुंच गई। 2024 में यह थोड़ा घटकर 74 रह गई। राजनीतिक दल अक्सर कम टिकट देने को यह कहकर सही ठहराते हैं कि महिलाओं के जीतने की संभावनाएं कमज़ोर होती हैं। लेकिन सफलता का आंकड़ा इस दावे को सवालों के घेरे में डाल देता है। 1957 में 49 प्रतिशत महिला उम्मीदवार जीतीं, जबकि पुरुषों में जीत का प्रतिशत सिर्फ़ 33 प्रतिशत था। 1962 में महिलाओं की सफलता दर 47 प्रतिशत थी जबकि पुरुषों की सिर्फ़ 25 प्रतिशत। हाल के चुनावों में भी महिलाओं की सफलता दर बराबर या थोड़ा बेहतर ही रही। वर्ष 2019 में 11 प्रतिशत जीतीं, जबकि पुरुषों में यह दर 6 प्रतिशत थी। 2024 में महिलाओं की सफलता दर 9 प्रतिशत और पुरुषों की 6 प्रतिशत रही। इन आंकड़ों से साफ़ है कि जब महिलाओं को टिकट मिलता है तो वे चुनाव जीत सकती हैं। चाहे महिलाएं अब वोटिंग में लगभग बराबरी पर हों, लेकिन असली राजनीतिक शक्ति और प्रतिनिधित्व अब भी सीमित है। महिला आरक्षण बिल का पारित होना इस अंतर को कम करने का एक संरचनात्मक रास्ता ज़रूर खोलता है। आज भी 23त्न युवा महिलाओं की शादी 18 वर्ष से पहले हो जाती है, जो ग्रामीण और गरीब घरों में अधिक आम है। एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, पंचायत प्रतिनिधियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 46प्रतिशत है, हालांकि, उनकी प्रभावी भागीदारी कम बनी हुई है, खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान जैसे उत्तरी राज्यों में, जहां अक्सर पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेने में हावी रहते हैं। इस प्रथा को उजागर करने और इसकी निंदा करने के लिए 'प्रधान पति' शब्द राजनीतिक शब्दावली में शामिल हो गया है। यह दर्शाता है कि किस प्रकार गहरी जड़ें जमा चुके लैंगिक मानदंड प्रगतिशील कानूनों को कमजोर कर सकते हैं - परिवार और समुदाय सत्ता में महिलाओं को देखकर असहज महसूस कर सकते हैं, इसलिए वे पुरुषों को पर्दे के पीछे रखकर पुराने मानदंडों को लागू करते हैं। महिलाएं अब सेना, अंतरिक्ष, खेल और व्यावसायिक नेतृत्व में नए मानदंड स्थापित कर रही हैं। स्व-सहायता समूह, डिजिटल साक्षरता और शिक्षा में सुधार के लिए सरकारी प्रयासों से बदलाव आ रहा है।



# वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत तलाशने की बढ़ी दरकार

(उमेश चतुर्वेदी)

भारत के संदर्भ में देखें, तो रसोई गैस के मोर्चे में देश ने पिछले दस वर्षों में बड़ी क्रांति को देखा है। देश के रसोई घरों में पीएनजी यानी पाइप्ड नेचुरल गैस और एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की खपत बढ़ी है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, देश में प्राकृतिक गैस की रोजाना खपत करीब 189 मिलियन घन मीटर है।

ईरान पर अमेरिकी और इजरायली कार्रवाई के बाद पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में ना सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया को कई तरह की परेशानियों और रूकावटों का सामना करना पड़ रहा है। अगर खाड़ी संकट जल्द नहीं थमा तो पहले से ही करीब अस्सी अरब डॉलर सालाना खर्च करने वाले भारत की ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। पेट्रोलियम कारोबार पर निगाह रखने वाले वैश्विक संस्थानों को आशंका है कि अगर ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध लंबा खिंचा और इससे कच्चे तेल की कीमतों में प्रति बैरल दस डॉलर की भी बढ़ोत्तरी हुई तो भारत का पेट्रोलियम आयात खर्च पंद्रह हजार करोड़ डॉलर सालाना बढ़ सकता है। पेट्रोलियम आयात पर होने वाली इस बढ़ोतरी के चलते भारत पर नए सिरे से आर्थिक दबाव बढ़ेगा । ऐसे में जरूरी है कि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को लेकर नए सिरे से विचार करे और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश की दिशा में ना सिर्फ आगे बढ़े, बल्कि शोध और विकास पर भी जोर लगाए।

खाड़ी संकट के बाद सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को इस दिशा में सोचने को मजबूर किया है। तमाम देश वैचारिक स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों के विकल्पों की खोज में जुटने लगे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर दुनिया का बढ़ता ध्यान इसी बदलते सोच का प्रतीक है। चीन ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने पर पिछले कुछ वर्षों में इतना जोर दिया है कि वहां एक तरह से इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति ही आ गई है। भारत ने साल 2030 तक कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी तीस प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। ईरान संकट के पहले से ही इलेक्ट्रिक वाहनों के चलन को बढ़ावा देने की सरकारी कोशिशों से सालाना पेट्रोलियम आयात में करीब 25 हजार करोड़ की बचत होने लगी है। लेकिन जिस तरह पेट्रोलियम उत्पादक खाड़ी के क्षेत्र में हालात बदल रहे हैं, उससे देश को पेट्रोलियम के विकल्प ढूंढ़ने की दिशा में तेजी लाने और इस सिलसिले में शोध और विकास को भी गति देने की जरूरत बढ़ी है। ऐसा किए बिना देश के लिए पेट्रोल और डीजल के आयात के लिए विदेशी मुद्रा के भारी खर्च पर लगाम लगाना आसान होगा।

भारत के संदर्भ में देखें, तो रसोई गैस के मोर्चे में देश ने पिछले दस वर्षों में बड़ी क्रांति को देखा है। देश के रसोई घरों में पीएनजी यानी पाइप्ड नेचुरल गैस और एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की खपत बढ़ी है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, देश में प्राकृतिक गैस की रोजाना खपत करीब 189 मिलियन घन मीटर है। लेकिन घरेलू उत्पादन महज 97.5 मिलियन घन मीटर रोजाना ही है। करीब साठ फीसद गैस बाहर से आयात ही करना पड़ता है। देश में करीब 33 लाख एलपीजी कनेक्शन हैं। इनमें दस लाख 33 हजार कनेक्शन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दिए गए हैं। इन कनेक्शनों पर सालाना 312 लाख टन गैस खर्च होती है। इस खर्च होने वाली गैस का साठ फीसद हिस्सा आयात किया जाता है। जाहिर है कि देश का बड़ा गैस खर्च भी आयात पर ही निर्भर है। इसमें दो राय नहीं कि आधुनिक दुनिया की ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत पेट्रोलियम पदार्थ ही हैं, जिसमें डीजल, पेट्रोल और गैस तीनों ही शामिल हैं। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार देश की ऊर्जा स्रोत के रूप में सबसे ज्यादा खपत डीजल की है, जो कुल पेट्रोलियम खर्च का करीब करीब 38.5 फीसद है। इसके बाद पेट्रोल का नंबर आता है, जिसकी कुल ऊर्जा स्रोत के खपत में करीब 18 प्रतिशत की भागीदारी है, जबकि तीसरे नंबर पर करीब चौदह फीसद हिस्सेदारी के साथ प्राकृतिक गैस है।

# टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत के सशक्त प्रयासों से बढ़ती उम्मीदें

**टीबी जैसी गंभीर बीमारी 21वीं सदी में सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। आज इसके प्रभावी इलाज उपलब्ध होने के बावजूद लोग इसके लक्षणों (दो सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी में खून आना, लगातार बुखार, रात में पसीना आना, तेजी से वजन घटना, भूख कम लगना, सीने में दर्द और सांस फूलना इत्यादि) को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं और अपने दैनिक कार्यों में लगे रहते हैं। इसके साथ ही, आज भी समाज में टीबी को लेकर कलंक बना हुआ है।**

(डॉ. ब्रह्मानंद राजपूत)

नई तकनीक को तेजी से अपनाने, सेवाओं को लोगों के पास तक पहुँचाने (डीसेंट्रलाइजेशन) और बड़े स्तर पर जनभागीदारी के कारण भारत में टीबी मरीजों की पहचान और इलाज में काफी सुधार हुआ है। 2015 में जहाँ केवल 53 प्रतिशत मरीज इलाज तक पहुँच पाते थे, वहीं 2024 में यह बढ़कर 92 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है।

हर साल, हम 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाते हैं। यह कार्यक्रम 24 मार्च 1882 की तारीख को याद करने का दिन है जब जर्मन फिजिशियन डॉ. रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु की खोज की थी, यह जीवाणु तपेदिक/क्षय रोग (टीबी) का कारण बनता है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज हो जाने से टीबी के निदान और इलाज में बहुत आसानी हुई। जर्मन फिजिशियन रॉबर्ट कोच की इस खोज के लिए उन्हें 1905 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। यही कारण है कि हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन टीबी के सामाजिक, आर्थिक और सेहत के लिए हानिकारक नतीजों पर दुनिया में जन-जागरूकता फैलाने और दुनिया से टीबी के खात्मे की कोशिशों में तेजी लाने के लिए विश्व क्षय रोग दिवस मनाता आ रहा है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज के सौ साल बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार 24 मार्च 1982 को विश्व क्षय रोग दिवस शुरू मनाने की शुरुआत की, तभी से हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है।

टीबी जैसी गंभीर बीमारी 21वीं सदी में सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। आज इसके प्रभावी इलाज उपलब्ध होने के बावजूद लोग इसके लक्षणों (दो सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी में खून आना, लगातार बुखार, रात में पसीना आना, तेजी से वजन घटना, भूख कम लगना, सीने में दर्द और सांस फूलना इत्यादि) को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं और अपने दैनिक कार्यों में लगे रहते हैं। इसके साथ ही, आज भी समाज में टीबी को लेकर कलंक बना हुआ है। कई लोग इस डर से जांच कराने से बचते हैं कि कहीं उनकी बीमारी का पता चलने पर सामाजिक बहिष्कार का सामना न करना पड़े। यही सामाजिक धारणा टीबी नियंत्रण और उन्मूलन की राह में एक बड़ी बाधा है और इसके कारण भारत देश में मामलों की संख्या अधिक बनी रहती है। ऐसे में सबसे अधिक आवश्यकता है व्यापक जन-जागरूकता की, ताकि लोगों को यह समझाया जा सके कि टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है और इसका पूरा उपचार संभव है। भारत सरकार द्वारा देशभर में चलाए जा रहे विभिन्न प्रभावी अभियानों के सकारात्मक परिणाम अब जमीन पर दिखने लगे हैं, जो इस दिशा में उम्मीद की किरण प्रस्तुत करते हैं।



क्षयरोग उन्मूलन की दिशा में भारत की टीबी मुक्त भारत के नाम समर्पित यात्रा को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2025 के अनुसार भारत देश ने 2015 से 2024 तक क्षय रोग (टीबी) के मामलों में उल्लेखनीय 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है, यह दर वैश्विक औसत गिरावट 12 प्रतिशत की लगभग दोगुनी है। साल 2015 में प्रति एक लाख की जनसंख्या पर 237 लोगों को ये बीमारी थी जो 2024 में 21 प्रतिशत घटकर प्रति एक लाख की जनसंख्या पर 187 हो गई है। यह वैश्विक स्तर पर टीबी मामलों में दर्ज की गई सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है, जो अन्य टीबी के उच्च-भार वाले देशों में देखी गई कमी से भी अधिक प्रभावशाली है। हालांकि ये आंकड़े अब भी देश से टीबी के उन्मूलन के लक्ष्य से काफी दूर हैं। टीबी से होने वाली मौतों में भी भारत देश में लगभग 25 प्रतिशत की कमी आई है, जो 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 28 से घटकर 2024 में प्रति लाख जनसंख्या पर 21 हो गई है। यह टीबी से होने वाली मौतों को कम करने में हुई उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है, जो सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता और प्रभावी नीतियों के परिणामस्वरूप संभव हो सकी है। देश में इस रोग की रोकथाम के लिए किए गए प्रयास के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

नई तकनीक को तेजी से अपनाने, सेवाओं को लोगों के पास तक पहुँचाने (डीसेंट्रलाइजेशन) और बड़े स्तर पर जनभागीदारी के कारण भारत में टीबी मरीजों की पहचान और इलाज में काफी सुधार हुआ है। 2015 में जहाँ केवल 53 प्रतिशत मरीज इलाज तक पहुँच पाते थे, वहीं 2024 में यह बढ़कर 92 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है। 2024 में करीब 26.18 लाख मरीजों की पहचान होने का अनुमान है, जबकि कुल अनुमानित मामले लगभग 27 लाख हैं। इसका मतलब है कि पहले जो मिसिंग केस यानी ऐसे मरीज जो टीबी से ग्रसित थे लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नहीं आते थे, उनकी संख्या 2015 में लगभग 15 लाख थी, जो अब घटकर 2024 में एक लाख से भी कम रह गई है। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इलाज की सफलता दर बढ़कर लगभग 90 प्रतिशत हो गई है, जो दुनिया के औसत 88 प्रतिशत से भी बेहतर है। हमारे भारत देश में पूरे विश्व की तुलना में सबसे ज्यादा टीबी मरीजों की संख्या है। भारत देश का लगभग 26 प्रतिशत टीबी बीमारी के मामलों में पूरे विश्व में योगदान है। आज के समय पर दवा-प्रतिरोधी टीबी बड़ी चिंता का विषय है, जिसमें वैश्विक मामलों का लगभग 32 प्रतिशत हिस्सा भारत से आता है। यह स्थिति दर्शाती है कि भारत में दवा-प्रतिरोधी टीबी की रोकथाम और प्रभावी उपचार एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। हालांकि भारत देश में ड्रग रेजिस्टेंस टीबी के मरीजों की उपचार सफलता दर जो साल 2020 में 68 प्रतिशत थी वह 2024 में 77 प्रतिशत हो गई है जो कि बहुत महत्वपूर्ण है। अगर टीबी मरीज को सही समय पर इलाज नहीं मिलता है तो एक सक्रिय टीबी मरीज साल में कम से कम 10-15 नए मरीज पैदा करता है। ड्रग रेजिस्टेंट टीबी मरीज से होने वाला संक्रमण भी ड्रग रेजिस्टेंट ही होता है जो कि एक चुनौतीपूर्ण स्थिति होती है। इसलिए जरूरी है कि ड्रग रेजिस्टेंट टीबी मरीजों की विशेष निगरानी की जानी चाहिए और उनके संपर्क में रहने वाले लोगों की भी प्राथमिकता के आधार पर जांच करायी जानी चाहिए, जिससे कि ड्रग रेजिस्टेंट टीबी मरीज दूसरे ड्रग रेजिस्टेंट मरीज पैदा नहीं कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी शोभा यात्रा को सफल बनाने को लेकर शहर के प्रमुख रूटों का निरीक्षण

**कटिहार (नबिटासं)।** रामनवमी शोभा यात्रा के पावन अवसर पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित मार्गों का महापौर उषा देवी अग्रवाल के नेतृत्व में स्थलीय निरीक्षण किया गया। आगामी शोभा यात्रा के सफल



एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपमहापौर मंजूर खान , नगर आयुक्त संतोष कुमार, बजरंग दल एवं श्री राम सेना के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण एवं निगम के पदाधिकारी गण मौजूद रहे। व्यवस्था से जुड़े सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ताकि शोभा यात्रा के दौरान स्वच्छता, सुगमता एवं सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। नगरवासियों से अपील किया गया कि इस पावन अवसर को श्रद्धा, अनुशासन एवं सौहार्द के साथ मनाएं।

### सुबह की अर्घ्य के साथ चैती छठ पूजा संपन्न

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय चैती छठ पूजा उदयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर छठव्रती महिलाएं चंपा धार, कारी कोसी नदी,गाड़ी घाट, गहेली घाट,रोता घाट आदि नदी में खड़े होकर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना किए एवं सूर्योदय होने पर श्रद्धालु उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण किए। चैत मास में चैती छठ पूजा का आयोजन हर साल की तरह इस साल भी मनसाही प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ हुआ। छठव्रती महिलाएं छठ पर्व के पूर्व गंगा स्नान किए पहले दिन कद्दू भात,दूसरे दिन खरना,तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य एवं चौथे एवं अंतिम दिन उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण किए। वहीं छठ घाट पर छठ पूजा के गीत बज रहे थे जो की आकर्षण का केंद्र था,छठव्रती महिलाएं सहित श्रद्धालु गण नए वस्त्र पहन कर छठ घाट पहुंचकर पूजा अर्चना किए एवं श्रद्धालुगण छठव्रती महिलाओं को अर्घ्य अर्पण किए । वहीं छठ व्रती महिलाएं प्रसाद का वितरण किए एवं प्रसाद ग्रहण किये ।



### पीर पहाड़ स्थित मजार पर सालाना ऊर्स का आयोजन 14 अप्रैल को

**कटिहार ग्रामीण (नबिटासं)।** मनिहारी पीर पहाड़ स्थित मजार शरीफ पर परम्परागत हर्ष उल्लास के साथ सालाना ऊर्स का आयोजन होता है। मनिहारी पीर पहाड़ के खादिम मंजर शफी की अगुवाई में ऊर्स के आयोजन को लेकर बैठक बुलाई गयी। बैठक में नगर पंचायत के मुख्य पार्षद लाखो यादव ने भी शिरकत की। अपनी ओर से पुर अमन सहयोग का भरोसा ईंतजामिया कमिटी को दिलाया, जल संकट दूर करने का भी भरोसा दिलाया। मजार शरीफ के खादिम मंजर शफी ने बताया कि मजार शरीफ पर चादर पोशी कर वतन की अमन चैन व आपसी मेल व मिल्लत के लिए दुआएं की जाती हैं। मिलादुन नबी का आयोजन भी किया जाता है। मजार शरीफ के पास स्कूल के मैदान मे कौव्वाली के



आयोजन का भी निर्णय इंतजामिया कमिटी ने लिया है ।जिसमें भाग लेनेवाले देश मशहूर कव्वालों को दावते सुखन भेजी जानी है । उक्त मौके पर दूर दराज से यहां आनेवाले जायरीनों की सुविधा के लिहाज से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने जाने को लेकर भी मशविरा किया गया.इस मौके पर आलमगीर, मुस्ताक हुसैन, अलीमूल,बेचन सिंह वार्ड पार्षद, तौफेज, सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### धार्मिक आयोजनों को लेकर बुद्धवार का दिन प्रखंड के लिए रहा खास

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** बुधवार का दिन प्रखंड क्षेत्र में पर्वो को लेकर खास रहा।सुबह छठव्रतियों ने उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य देकर चार दिवसीय व्रत का समापन किया।छठ व्रत को लेकर मंगलवार से हीं शुरू हुए छठ गीतों की गूंज बुद्धवार को सुनाई दिया। घाटों के बदले अपने परिसर में हीं कृत्रिम घिट बनाकर अर्घ्य दिये जाने के कारण सामूहिक जुटान और काफी भीड़-भाड़ कहीं दिखाई नहीं दिया। वहीं महेशपुर पंचायत के बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा मध्याह्न में कदवा प्रखंड के बेंगठी शिवमंदिर से शोभा यात्रा निकाल कर पूरे पंचायत का भ्रमण किया।पूरा जुलूस जहॉ भगवा झंडे से लैस था तो वहीं एक हीं नारा,एक हीं नाम-जय श्री राम,जय श्री राम जैसे नारे घंटों पंचायत एवं आसपास के गांवों में गूंजता



रहा।सबसे अधिक श्रद्धा और उत्साह का वातावरण डुमरिया गांव में देखा गया। जहां बासंती दुर्गा मंदिर में नवपत्रिका स्थापना को लेकर भक्तों ने गाजे-बाजे, मैया के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ युग्म बेल की डाली सहित नवपत्रिकाओं को मंदिर में प्रवेश कराया।जहॉ नवपत्रिका स्थापना और प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। मंदिर का पट खुलते हीं जय माता दी के नारों से परिसर गुंजायमान हो गया।फिर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी।नवरात्रि व्रत करने वालों के साथ आमजनों ने भी भगवती की पूजा, आरती और पुष्पांजलि देकर अपने और अपने परिजनों के लिए मंगलकामना की। यहॉ 1937 से हीं प्रतिवर्ष बंगला विधि आधारित बासंती दुर्गा पूजन के पांच दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन होता है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चार दिनों का मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना है। प्रशासन के चौकस रहने से सभी आयोजन का शांतिपूर्वक संपन्न होने की सूचना है।

### विधायक ने क्षतिग्रस्त फसल की क्षतिपूर्ति दिये जाने की मांग की

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने गत दिनों सूबे के अलग अलग क्षेत्रों में चक्रवात व बेमौसम बरसात से किसानों की हुई व्यापक फसल क्षति के प्रति चिंता जाहिर की है। श्री सिंह ने आपदा प्रबंधन पदाधिकारी कटिहार को पत्र प्रेषित कर मनिहारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आंधी, पानी से किसानों की हुई फसल क्षति का आकलन कराने व क्षतिग्रस्त फसल को लेकर प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति की मांग की है. अपने पत्र के माध्यम से श्री सिंह ने जानकारी दी है कि गत दिनों की आंधी - बारिस में खेत मे किसानों की तैयार गेहूं, मक्का, आलू की फसलें व्यापक पैमाने पर तबाह हुई हैं। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र के अनेक किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है, तो दूसरी ओर फसलों पर आधारित उनकी आर्थिक विकास पर बज्रपात सा हो गया है।

# हसनगंज में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

## ग्रामीणों को मिली जांच और परामर्श की सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** हसनगंज प्रखंड क्षेत्र के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रटनी में बुधवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। आयोजन के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखा गया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लंबी कतारें भी नजर आई।इस अवसर पर मरीजों के लिए ब्लड प्रेशर और शुगर जांच की व्यवस्था की गई, वहीं टीबी की पहचान के लिए स्क्रीनिंग भी की गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को बीमारियों के शुरूआती लक्षणों के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई, ताकि समय रहते उपचार संभव हो सके।मेले में हेल्थ



काउंसलिंग के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, साफ-सफाई और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों और उनके महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे लोग जागरूक होकर सही निर्णय ले सकें।स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि जिन लोगों में किसी प्रकार की बीमारी के लक्षण पाए गए, उनका फॉलो-अप सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों के बीच आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आयुष भारद्वाज, स्वास्थ्य प्रबंधक धनंजय कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सम्पत राज, एएनएम और क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मक्का फसल नष्ट होने से किसानों की टूटी कमर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में विगत शुक्रवार की रात एवं शनिवार को पूरा दिन तेज हवा के साथ भारी बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। निकलना शुरू हो गया था। जो गिर जाने के बाद केवल पशुओं का चारे में तब्दील होकर रह गया है।किसानों का भारी आर्थिक नुकसान को लेकर लिविंग फॉर हॉप फाउंडेशन नाम की संस्था के



बेमौसम बारिश से खासकर मक्का फसल को व्यापक क्षति पहुंचाई है।यहाँ के किसान आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह किसी भी फसलों की तैयारी के लिए पूरी तरह साहूकारों के कर्ज पर निर्भर रहता है। जो भी किसान कर्ज लेकर मक्का की खेती किया था उसका फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाने से कर्ज के दलदल में पूरी तरह धस गया है।

खेत में तेज हवा के कारण गिरे मक्का फसल को देखकर किसान माथा पीटने को मजबूर है। कियूंकि वर्तमान समय में अधिकांश मक्का फसलों में बाली द्वारा अंचलाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी को क्षेत्र के किसानों की समस्या से अवगत कराते होते जांचोपरान्त क्षतिपूर्ति दिए जाने को लेकर आवेदन सौंपा है। जिसमें किसानों का के सी सी ऋण माफ किए जाने के साथ साथ आगामी फसल के लिए मुफ्त बीज अनाज सहित अन्य कृषि सामग्री उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की है। वहीं विषय पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्ण मोहन तिवारी ने बताया कि इस आवेदन को आवश्यक दिशानिर्देश के लिए जिला के वरीय पदाधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# ज्ञान केन्द्र सह पुस्तकालय का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के केवाला पंचायत में बुधवार को ज्ञान केन्द्र सह पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन पंचायत की मुखिया गीता देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना एक सराहनीय पहल है। इससे सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले विद्यार्थियों को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध हो



सकेगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र शिक्षा के स्तर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

वहीं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सोनू गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की यह महत्त्वाकांक्षी योजना ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने आमजन एवं विद्यार्थियों से पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करने और इसे सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की। इस दौरान राजस्व पदाधिकारी राम सागर पासवान, पंचायत सचिव, मुन्ना रजक सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद लोगों ने पुस्तकालय का अवलोकन किया

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म मामले में दस वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पॉस्को अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार पाण्डेय की अदालत ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म का दोषी पाते हुए कदवा थाना अंतर्गत कुम्हरवा निवासी चमरू ऋषि पिता दशरथ ऋषि को दस वर्ष सश्रम करावास की सजा सुनायी है। मामले में पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड देने का आदेश भी दिया गया है। अर्थदंड नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास का आदेश भी दिया गया है। सजा सुनाने के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया है। इस वाद में अभियोजन की ओर से पास्को अधिनियम की विशेष लोक अभियोजक मीना शर्मा थी।

# टीबी उन्मूलन में गुरुमेला पंचायत के मुखिया को डीएम ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत गुरुमेला पंचायत को जिला स्तर पर सम्मान प्रदान किया गया। क्षय रोग टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर कटिहार के डीएम ने पंचायत के युवा मुखिया राजकुमार यादव को सम्मानित किया है।कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन ने पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए लोगों की भागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। गुरुमेला पंचायत द्वारा चलाए गए जागरूकता



अभियान, समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित कराने की पहल को प्रेरणादायक बताया गया। मुखिया राजकुमार यादव ने इस सम्मान पर खुशी जताते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के लिए आगे भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे और लोगों को जागरूक करने का अभियान जारी रहेगा।

# कटिहार रेल मंडल में पहली बार नाइट टी-टेन क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन

## खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से छाया उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एनएफ रेलवे मजदूर यूनियन कटिहार शाखा वन के तत्वावधान में पहली बार कटिहार रेल मंडल में दिग्विजयनाथ पांडेय मेमोरियलह्व की स्मृति में अंतर विभागीय टी-टेन नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 का आयोजन रेलवे ग्राउंड में किया जा रहा है। इस आयोजन ने पूरे रेल मंडल में खेल और उत्साह का माहौल बना दिया है।

टूनार्मेंट में रेलवे के विभिन्न विभागों की टीमें हिस्सा ले रही हैं और प्रतिदिन शानदार मुकाबले खेले जा रहे हैं। दिनभर की ड्यूटी के बाद रेलकर्मी बड़ी संख्या में मैदान पर पहुंचकर मैच का आनंद ले रहे हैं, जिससे पूरे परिसर में



उत्साह और खेल भावना का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। इस संबंध में यूनियन के शाखा वन के सचिव सुमन मिश्रा ने बताया कि नाइट टी-टेन टूनार्मेंट में रोजाना दो अलग-अलग टीमों के बीच मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। खेले गए मुकाबलों में मेडिकल बनाम स्टोर तथा कंस्ट्रक्शन बनाम अकाउंट्स विभाग की टीमों के बीच जोरदार टक्कर हुई। दोनों ही मैच बेहद रोमांचक रहे, जहां खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जिसमे अकाउंट्स के तरफ से सीनियर डीएफएम जितेंद्र कुमार स्वयं आयोजित ट्राउनमेंट में खेलकर शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों के हौसले को बुलंद करते नजर आए। आयोजक सुमन मिश्रा ने बताया कि नाइट -10 टूनार्मेंट का फाइनल एवं समापन आगामी 31 मार्च को होगा। जिसे लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# अखबार वेंडर की बेटी ने इंटर साइंस में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के बघवाबाडी ड्राईवर टोला निवासी न्यूज पेपर बिक्रेता मोहम्मद शमशेर अली की दुसरी बेटी ने इंटर साईन्स की परीक्षा में परचम लहराया है। जिससे परिजन, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका, मुहल्लेवासी और हाकर में खुशी का माहौल है। बहुत ही साधारण परिवार की बेटी शदब प्रवीण ने 500 में 440 अंक प्राप्त कर दुसरे लड़कियों के लिए मिशाल बनी।

एमबीटी इस्लामिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा शदब ने बताया कि आगे उसे इंजीनियरिंग की पढाई कर देश और समाज की सेवा करना है ।इसकी बड़ी बहन भी



इंटर में बेहतर परिणाम लाकर नीट की तैयारी कर रही है । परिजन हासीम अंसारी और शमशेर अली ने बताया कि शदब बचपन से ही पढने में मेधावी रही है। गरीबी इसकी पढ़ाई में बाधा नहीं बनी है। बिहार सरकार की ओर से बच्चियों के लिए चलायी जा रही योजना आर्थिक रूप से मददगार साबित हुआ है। आगे भी सरकारी योजना का लाभ लेकर अपनी भविष्य बेहतर कर अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। शदब की सफलता पर न्यूज पेपर एजेंट एसके आंनद,संजय झा,शंकर झा,रंजीत गुप्ता,कनक दत्ता, मनोज साह, टीटीआई करूणेश्वर नाथ पांडेय, सत्येन्दु सुमन, सुभाष चौधरी, पंकज कुमार,अभिषेक कुमार सिंह, समाजसेवी राजेश कुमार सिंह,पप्पू चौबे,मो.बाबुल,अजय कुमार साह, टंकनाथ झा,विपुल राहुल, सुब्रत गुहा आदि मिडियाकर्मियों ने शुभकामना और बधाई दी है।

# अर्घ्य के साथ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र सहित राजवाड़ा में बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूरे श्रद्धा,आस्था और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। इस दौरान क्षेत्र स्थित विभिन्न नदी तालाबों में व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। छठ घाटों पर व्रती सहित उनके परिजनो ने भी विधिवत पूजा अर्चना किया।

यह महापर्व वर्ष में दो बार चैत और कार्तिक माह में मनाया जाता है। हालांकि चैत माह में मनाया जाने वाले चैती छठ में अपेक्षाकृत कम लोग ही मनाते हैं। इसी कारण कई



व्रतियों ने अपने घर आंगन में ही छोटे तालाब बनाकर नहाय खाय से शुरू हुए इस महापर्व को पूरी श्रद्धा के साथ सम्पन्न किया। चार दिनों तक चोन वाले इस व्रत का समापन चौथे दिन उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में छठ व्रत को लेकर भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र में पंचायती राज विभाग बिहार सरकार के द्वारा एक दिवसीय पंचायत सचिव एवं संबंधित वार्ड सदस्य का एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में पंचायत सचिव एवं वार्ड सदस्य को मोक्ष धाम, शव दाह गृह, श्मशान घाट, कब्रिस्तान के संचालन रख - रखाव एवं मृत्यु प्रमाण पत्र विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया तथा पंचायत सचिव एवं वार्ड सदस्य को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी दिया गया। अब वार्ड सदस्य अपने वार्ड के अंतर्गत मोक्ष धाम, शव दाह गृह, श्मशान घाट, कब्रिस्तान का संचालन रख - रखाव करेंगे तथा वार्ड में हुए जन्म एवं मृत्यु का आवेदन भरकर पंचायत भवन में पंचायत सचिव को जमा करेंगे। वे



तुरंत मृत्यु प्रमाण पत्र मृतक के परिजनों को उपलब्ध करा देंगे जिससे अनावश्यक विलंब नहीं होगा। इस मौके पर मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या 11 नारायणपुर के वार्ड सदस्य जेबा खातून ने बताया कि पहले लोगों को जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए काफी परेशान होना पड़ता था। लेकिन यह सुविधा अब जिला पंचायत संसाधन केंद्र कटिहार के द्वारा वार्ड सदस्य को मिल गया हैं।

जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए वार्ड सदस्य आवेदन भरकर पंचायत सचिव को जमा करेंगे, वे तुरंत ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर परिजन को सुपुर्द करेंगे तथा अब वार्ड अंतर्गत मोक्ष धाम, शवदाह गृह, श्मशान घाट, कब्रिस्तान के संचालन रख -रखाव वार्ड सदस्य करेंगे। इस अवसर पर वार्ड सदस्य जेबा खातून, सवेरा खातून, विनोद पंडित,मो. मुस्ताक, मो. नसीम, मो.इकबाल, मो. आलमगीर, मो. गुलाम रब्बानी, मो. इब्राहिम, हसीदा खातून, मो. रियासुद्दीन, इमरान खान आदि उपस्थित रहे।

# भगाकर ले जा रही नाबालिग बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम समुदाय के युवक ने एक महादलित समाज की नाबालिक लड़की को प्रेम प्रसंग में फंसा कर उसे घर से भागकर कश्मीर ले जाने के क्रम में कटिहार एवं मनिया के बीच में रेलवे के कर्मियों एवं गार्ड के द्वारा संदेश होने पर रेल ट्रैक पर ही पकड़ लिया। रेलवे के कर्मी एवं गार्ड के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त नाबालिक लड़की ने अपना नाम पिता का नाम एवं पता सब कुछ सही-सही बता दिया मगर उनके साथ जो युवक था।

उन्होंने अपना साक्ष्य छुपाते हुए पता एवं नाम गलत बता दिया। इसी दौरान पूछताछ करने के क्रम में युवक भागने में सफल रहा। इस दौरान उक्त लड़की ने अपने प्रेमी का नाम मोहम्मद अब्बू समा उर्फ समीम अख्तर पिता स्व. मोहम्मद रबुल साकिन लहसा ,पंचायत फुलहारा थाना मनसाही का रहने वाला बताया जो लड़की को छोड़कर मौका देखकर भागने में सफल रहा। जबकि उक्त लड़की को रेलवे के गार्ड एवं कर्मियों द्वारा कब्जे में लेकर उनके गांव के प्रतिष्ठ लोगों से संपर्क कराया। इसके बाद उनके परिजनों तक यह बातें पहुंची एवं लड़की को कटिहार से गांव लाया गया। इधर प्रेमी युगल मौका देखकर जहां भागे थे। वहीं अभी भी घर से फरार हैं। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उक्त लड़की की उम्र करीब 15 से 16 वर्ष बताया । जिनका माता पिता दादन के रूप में यूपी में मजदूरी कर घर वापस आने के बाद लड़की को लेकर कहीं गुप्त जगह चले गए हैं। ग्रामीणो द्वारा बताया जा रहा हैं, उक्त लड़के के परिजन एवं उनके सहयोगी द्वारा पीड़ित परिवार को धमकाया गया। जिस कारण अब तक पुलिस को घटना की सूचना नहीं दिया गया हैं। इस घटना से लोगों मे आक्रोश व्याप्त हैं। बता दें की घटना के बाद से ही दोनों का फोटो सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं।

# 5 साल में 2200 प्रतिशत रिटर्न देने वाला डिफेंस स्टॉक नए ऑर्डर मिलने की खबर से 4 प्रतिशत उछला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार में एक छोटे से डिफेंस स्टॉक ने एक बार फिर निवेशकों का ध्यान खींचा है। इस शेयर ने पिछले पांच साल में करीब 2200 प्रतिशत का जबरदस्त रिटर्न दिया है और अब नए ऑर्डर मिलने की खबर के बाद इसमें करीब 14 प्रतिशत की तेज उछाल देखने को मिली है। बीएसई पर आज शुरुआती कारोबार में यह स्मॉल-कैप स्टॉक 14.8 प्रतिशत बढ़कर 138.90 पर पहुंच गया।

ऑर्डर मिलते ही शेयर में जोरदार तेजी

कंपनी को हाल ही में डिफेंस सेक्टर से जुड़े बड़े ऑर्डर मिले हैं, जिसके बाद शेयर में खरीदारी बढ़ गई। बाजार खुलते ही स्टॉक तेजी से चढ़ा और निवेशकों ने इसमें जमकर पैसा लगाया। 25 मार्च को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के लगभग 77 लाख इक्विटी शेयरों का आदान-प्रदान किया गया, जबकि इसकी एक सप्ताह की औसत ट्रेडिंग मात्रा 16 लाख शेयरों और एक महीने की औसत मात्रा 13 लाख शेयरों की थी। एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी, अवंतेल ने कहा कि उसे जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस लिमिटेड से 459.90 करोड़ रुपये का कांट्रैक्ट मिला है। डिफेंस सेक्टर में बढ़ती सरकारी ऑर्डर बुक और 'मेक इन इंडिया' पर जोर के चलते इस तरह के शेयरों में लगातार रुचि बनी हुई है।

इस स्टॉक की सबसे बड़ी खासियत इसका लंबी अवधि का रिटर्न है। पिछले पांच साल में इसने करीब 2200 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है, यानी अगर किसी निवेशक ने इसमें 1 लाख लगाए होते, तो आज वह रकम कई गुना बढ़ चुकी होती। यह इसे एक सच्चा मल्टीबैगर स्टॉक बनाता है, जिसने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। हालांकि, इस शेयर की कीमत एक महीने में 7 प्रतिशत और साल-दर-साल आधार पर 14 प्रतिशत की गिरावट आई है। छह महीनों में डिफेंस स्टॉक में 25 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन पिछले दो वर्षों में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्मॉलकैप स्टॉक ने तीन वर्षों में 447 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है, और पांच वर्षों में 2,246 प्रतिशत का चौंका देने वाला रिटर्न दिया है। डिफेंस सेक्टर में तेजी की मुख्य वजहें हैं, भारत का रक्षा बजट लगातार बढ़ना, घरेलू उत्पादन पर जोर और निजी कंपनियों को मिल रहे बड़े ऑर्डर। सरकार की नीतियों और डीआरडीओ जैसे संस्थानों के साथ काम करने वाली कंपनियों को लगातार नए प्रोजेक्ट मिल रहे हैं, जिससे उनकी ग्रोथ तेज हो रही है।



## सोशल मीडिया कंपनियों की बढ़ेगी मुश्किल

### मात्र 1 घंटे में ब्लॉक होगा गलत या भ्रामक कंटेंट, सरकार ला रही नया नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या गैरकानूनी कंटेंट को हटाने के नियम और सख्त करने की तैयारी में है। अब खबर है कि कंटेंट हटाने का समय 2-3 घंटे से घटाकर सिर्फ 1 घंटे करने पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल नियमों के अनुसार, सोशल




मीडिया प्लेटफॉर्म्स को किसी आपत्तिजनक कंटेंट को 2-3 घंटे के अंदर हटाना होता है। लेकिन, अब सरकार सोच रही है कि इस समय सीमा को और कम करके 1 घंटे कर दिया जाए। हालांकि, यह अभी शुरुआती चरण में है और इस पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने फरवरी में नए ङ्कञ्ज नियम लागू किए थे। इससे पहले कंटेंट हटाने का समय 24 से 36 घंटे था, जिसमें अब 2 से 3 घंटे लगते हैं। यह दुनिया में सबसे तेज कंटेंट हटाने के नियमों में से एक माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि गलत या भ्रामक कंटेंट तेजी से वायरल हो जाता है।

## डॉलर कमजोर होने से सोना-चांदी में आई तेजी

### सुबह-सुबह गोल्ड 5600 महंगा हुआ, सिल्वर 13000 उछली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोना और चांदी की कीमतें पिछले कुछ समय में रोलर कोस्टर बनी हुई हैं। यानी इनमें कभी बड़ी गिरावट तो कभी तेजी आ रही है। कल यानी मंगलवार को जहां दोनों धातुओं में गिरावट आई तो आज बुधवार को इनमें उछाल आ गया। एमसीएक्स पर सुबह-सुबह ही सोना 5000 रुपये से ज्यादा महंगा हो गया। वहीं चांदी में 13 हजार रुपये से ज्यादा की तेजी आई। अमेरिकी डॉलर कमजोर होने से इन धातुओं ने रफ्तार पकड़ी है। बुधवार सुबह अप्रैल डिलीवरी वाला सोना और मई डिलीवरी वाली चांदी, दोनों तेजी के साथ खुले। सुबह 10 :30 बजे सोना प्रति 10 ग्राम 5438 रुपये की तेजी के साथ 1,44,350 पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी प्रति किलो 12,439 रुपये उछलकर 2,36,380 रुपये पर थी। शुरुआती कारोबार के दौरान सोना प्रति 10 ग्राम 5658 रुपये और चांदी प्रति किलो 13,228 रुपये तक उछल गई थी। इंटरनेशनल मार्केट में भी सोना और चांदी में तेजी आई। इंटरनेशनल बाजार में सोना 2 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया। स्पॉट गोल्ड 2.5 प्रतिशत बढ़कर 4587.09 डॉलर प्रति औंस पर था। वहीं अप्रैल डिलीवरी के लिए अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 4.2 प्रतिशत बढ़कर 4586.10 डॉलर पर पहुंच गया। चांदी में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। सिल्वर स्पॉट कीमतों में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि होकर यह 73.78 डॉलर प्रति औंस हो गई। पिछले दो सत्रों में भारी बिकवाली के बाद बुधवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल देखने को मिला। डॉलर के कमजोर होने से इन धातुओं की कीमत मे तेजी आई। तेल की गिरती कीमतों ने महंगाई और ब्याज दरों को चिंताओं को कम किया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और इजरायल युद्ध विराम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। इससे तेल की कीमतें गिर गईं। हालांकि ईरान से ऐसी किसी भी बात से इनकार किया है।

## जेरोधा ने दिया ट्रेडर्स को झटका, 1 अप्रैल से ट्रेडिंग पर लगेगा दोगुना ब्रोकरेज चार्ज

### इंट्राडे इक्विटी ट्रेडिंग पर इसका कोई असर नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख स्टॉक ब्रोकर जेरोधा ने इंट्राडे डेरिवेटिव ट्रेडिंग करने वाले निवेशकों के लिए बड़ा बदलाव किया है। कंपनी ने घोषणा की है कि 1 अप्रैल से कुछ इंट्राडे फ्यूचर्स और ऑप्शंस ट्रेड्स पर ब्रोकरेज शुल्क 20 से बढ़ाकर 40 प्रति ऑर्डर कर दिया जाएगा। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब डेरिवेटिव मार्केट पहले से ही दबाव में है और ट्रेडिंग वॉल्यूम में गिरावट देखी जा रही है।

जेरोधा के अनुसार, यह बढ़ा हुआ शुल्क उन ट्रेडर्स पर लागू होगा जो के उस नियम का पालन नहीं करते, जिसमें ट्रेडिंग के लिए कुल मार्जिन का कम से कम 50 प्रतिशत कैश या उसके बराबर रखना अनिवार्य है। अब तक कंपनी ऐसे मामलों में अपने फंड से यह कमी पूरी कर देती थी और ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेती थी, लेकिन अब इस सुविधा पर लागत वसूल की जाएगी।

इकनॉमिक टाइम्स की खबर के मुताबिक नई व्यवस्था के तहत, अगर कोई ट्रेडर इंट्राडे के लिए पर्याप्त कैश मार्जिन नहीं रखता और ब्रोकर के फंड का इस्तेमाल करता है, तो उस पर 40 प्रति ऑर्डर ब्रोकरेज लिया जाएगा। हालांकि, कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह बदलाव केवल डेरिवेटिव सेगमेंट तक सीमित रहेगा और इंट्राडे इक्विटी ट्रेडिंग पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

**क्या कहते हैं सेबी के नियम:** के नियमों के मुताबिक, चाहे ट्रेड इंट्राडे हो या ओवरनाइट, कुल मार्जिन का कम से कम आधा हिस्सा कैश या कैश इक्विवेलेंट में होना जरूरी है। कैश इक्विवेलेंट में नकद राशि, बैंक गारंटी, फिक्स्ड डिपॉजिट और मान्यता प्राप्त सिक्योरिटीज शामिल होती हैं। इस नियम का उद्देश्य बाजार में जोखिम को कम करना और अत्यधिक लीवरेज पर नियंत्रण रखना है। इस फैसले के पीछे एक बड़ा कारण सरकार द्वारा प्रस्तावित सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स में बढ़ोतरी भी है। 2026 के बजट में सरकार ने फ्यूचर्स पर को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत और ऑप्शंस



प्रीमियम पर 0.10 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है। इससे डेरिवेटिव ट्रेडिंग की लागत बढ़ेगी और बाजार में वॉल्यूम पर दबाव बना रहेगा।

### तो क्या अन्य ब्रोकर्स भी बढ़ाएंगे चार्ज

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि द्ध्रह्श्स्रद्धङ्घ का यह कदम पूरे ब्रोकरेज इंडस्ट्री में एक नई दिशा तय कर सकता है। जब इंडस्ट्री का एक बड़ा खिलाड़ी फीस बढ़ाता है, तो इससे अन्य कंपनियों के लिए भी ऐसा करने का रास्ता खुल सकता है और आने वाले समय में ब्रोकरेज चार्जेज में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकता है। द्ध्रह्श्स्रद्धङ्घ के सीईओ नितिन कामथ ने भी इस फैसले के पीछे की वजह स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों द्वारा रखे गए कोलेटरल में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

### 447 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न

## डिफेंस कंपनी के शेयर को खरीदने की लूट, 138 पर दाम, उम्मीद से ज्यादा दिया रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बुधवार सुबह शेयर बाजार खुलते ही डिफेंस सेक्टर की कंपनी अवांटेल के शेयर में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। कंपनी का शेयर शुरुआती कारोबार में ही करीब 14 प्रतिशत तक उछल गया और 138.90 के स्तर तक पहुंच गया। इस तेज उछाल के पीछे कंपनी को मिला एक बड़ा ऑर्डर मुख्य वजह माना जा रहा है, जिससे निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। दरअसल, अवांटेल ने जानकारी दी है कि उसे जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस लिमिटेड से करीब 459.90 करोड़ का बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला है। यह ऑर्डर सैटेलाइट कम्युनिकेशन इक्विपमेंट की सप्लाई से जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही कंपनी एक साल की ऑनसाइट वारंटी और पांच साल तक का सपोर्ट भी देगी। इस खबर के आते ही शेयर में खरीदारी तेज हो गई। आज की तेजी में मजबूत ट्रेडिंग वॉल्यूम का भी बड़ा योगदान रहा। 25 मार्च को और पर अवांटेल के करीब 77 लाख शेयरों का कारोबार हुआ, जो इसके पिछले एक हफ्ते के औसत 16 लाख और एक महीने के औसत 13 लाख शेयरों से कहीं



ज्यादा है। ज्यादा वॉल्यूम आमतौर पर निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत देता है। सिर्फ कंपनी से जुड़ी खबर ही नहीं, बल्कि पूरे शेयर बाजार का माहौल भी आज पॉजिटिव रहा। सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों ही करीब 1.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में और ज्यादा तेजी रही, जहां निफ्टी स्मॉलकैप 100 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2 प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। इस व्यापक तेजी का फायदा अवांटेल जैसे शेयरों को भी मिला। अवांटेल का शेयर पिछले एक महीने में करीब 7 प्रतिशत और इस साल अब तक लगभग 14 प्रतिशत गिरा है। वहीं, छह महीने में इसमें 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, लंबी अवधि के निवेशकों के लिए इस शेयर ने शानदार रिटर्न दिया है। पिछले दो साल में यह शेयर करीब 38 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि तीन साल में इसने 447 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। सबसे खास बात यह है कि पांच साल में अवांटेल के शेयर ने करीब 2,246 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़त दर्ज की है। आज सुबह 9:50 बजे के आसपास शेयर करीब 10.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 133.95 पर ट्रेड करता दिखा, जिससे बाजार में इसकी चर्चा तेज हो गई है।

## रेलवे सेक्टर में बड़ा बदलाव, सरकार कर रही तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेलवे सेक्टर में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार दो प्रमुख पीएसयू रेल विकास निगम लिमिटेड और इरकॉन इंटरनेशनल को मर्ज करने की तैयारी में है। इस फैसले का मकसद एक मजबूत और बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर तैयार करना है, जो देश और विदेश में बड़े प्रोजेक्ट्स संभाल सके। बता दें इस खबर के बाद मंगलवार को दोनों कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली। इरकॉन का शेयर करीब 2.9 प्रतिशत चढ़कर 119 पर बंद हुआ, जबकि 3.3 प्रतिशत बढ़कर 258 पर पहुंच गया। आज बुधवार को भी निवेशकों की नजर इन दोनों रेलवे स्टॉक्स पर रहेगी। टाइम्स ऑफ इंडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया है कि अभी दोनों कंपनियां कई प्रोजेक्ट्स में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करती हैं। मर्जर के बाद यह कंपटिशन खत्म होगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। इससे मैनपावर, टेक्निकल क्षमता और फाइनेंशियल ताकत एक जगह आएगी, जिससे नई कंपनी बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए आसानी से बोली



लगा सकेगी।

मर्जर के बाद बनने वाली नई कंपनी का संयुक्त ऑर्डर बुक 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होने का अनुमान है। यह इसे देश के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर खिलाड़ियों में शामिल कर सकता है। फिलहाल का मार्केट कैप करीब 53,877 करोड़ और का 11,159 करोड़ है।

विशेषज्ञों का मानना है कि मर्जर के बाद नई इकाई बड़े निजी और सरकारी इंफ्रास्ट्रक्चर खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दे सकेगी। साथ ही, यह बड़े और जटिल प्रोजेक्ट्स को संभालने में सक्षम होगी। प्रक्रिया होगी लंबी, कई मंजूरियां जरूरीः हालांकि, यह मर्जर तुरंत नहीं होगा। इसके लिए कई विभागों और अंत में कैबिनेट की मंजूरी जरूरी होगी। रेलवे मंत्रालय आने वाले दिनों में इस मर्जर की विस्तृत योजना तैयार करेगा। बजट के बाद दूसरा बड़ा क्क्र मर्जरः यह हाल ही में घोषित क्क्रस्नष्ट और ञ्जस्नष्ट के मर्जर के बाद दूसरा बड़ा सरकारी विलय होगा। इससे साफ है कि सरकार बड़े और मजबूत सरकारी संस्थान बनाने की दिशा में काम कर रही है। निवेशकों के लिए क्या संकेतः अगर यह मर्जर सफल होता है, तो नई कंपनी का स्केल और क्षमता दोनों बढ़ेंगे, जिससे लंबे समय में शेयर वैल्यू में सुधार की संभावना बन सकती है।

## कर्ज संकट से निपटने को अनिल अंबानी का बड़ा प्लान, एसीबीआई समेत 2 बैंकों को लिखा लेटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस ग्रुप के मुखिया अनिल अंबानी कर्ज के जाल से बाहर निकलने के हर प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने समूह के बकाया देनदारियों के समाधान के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सामने औपचारिक पहल की है। उन्होंने हालिया कानूनी उदाहरणों और अपने पिछले री-पेमेंट रिकॉर्ड का हवाला देते हुए एक स्ट्रक्चरल रिजॉल्यूशन प्रोसेस शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इस संबंध में अनिल अंबानी ने पत्र के जरिए भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी और बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी-सीईओ देबदत्ता चंद से संपर्क किया है। इन पत्रों में अनिल अंबानी ने एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा के नेतृत्व में एक लेंडर्स कमेटी गठित करने का अनुरोध किया है। इस कमेटी का उद्देश्य समूह की वास्तविक और कानूनी रूप से बकाया देनदारियों को स्पष्ट करना और एक समयबद्ध री-पेमेंट तैयार करना होगा। अंबानी ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में लंबित एक रिट याचिका के संबंध में दायर जवाबी हलफनामे का हवाला दिया और संदेसरा/स्टर्लिंग बायोटेक मामले के समाधान से इसकी तुलना की, जहां अदालत की मंजूरी के बाद देनदारियों का निपटारा हुआ था।

## 100 डॉलर के नीचे आया कच्चा तेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें फिलहाल स्थिर बनी हुई हैं, जबकि ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। आज कच्चा तेल 100 डॉलर के नीचे आ गया है। ब्रेंट क्रूड 98.31 और 87.65 डॉलर प्रति बैरल पर थे। पेट्रोल-डीजल के उपभोक्ताओं के लिए राहत है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट नहीं बढ़ाए हैं। आज 25 मार्च की सुबह छह बजे जारी रेट के मुताबिक दिल्ली में इंडियन ऑयल के पंपों पर सामान्य पेट्रोल की रिटेल कीमत 94.77 और डीजल 87.67 रुपये लीटर है। जबकि, 95 पेट्रोल 101.89 और ङ्गल डीजल 91.49 रुपये प्रति लीटर है। शिमला में सामन्य पेट्रोल 95.05 रुपये और डीजल 87.13 रुपये प्रति लीटर है। 95 पेट्रोल की कीमत यहां 103.66 रुपये लीटर है।

**भारत में सबसे सस्ता पेट्रोल कहां मिलता है:** बता दें भारत में सबसे सस्ता तेल पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल 82.46 प्रति लीटर है तो डीजल 78.05 प्रति लीटर। दूसरी ओर अन्य शहरों की बात करें तो सिलवासा, दादरा और नगर हवेली में पेट्रोल 92.37 प्रति लीटर है। हरिद्वार, उत्तराखंड में



पेट्रोल 92.78 लीटर है वहीं, रुद्रपुर में 92.94 प्रति लीटर। ईटानगर में पेट्रोल 90.87 प्रति लीटर है जबकि, डीजल 80.38 प्रति लीटर।

**आज पश्चिम बंगाल के शहरों में पेट्रोल के दाम:** अलीपुर में पेट्रोल 104.99 प्रति लीटर, बहरामपुर में 106.12, बांकुड़ा में 105.19, बारासात में 105.24, वर्धमान में 105.33, कूचबिहार में 106.14, हुगली में 105.52, हावड़ा में 104.99, कोलकाता में 104.99, कृष्णानगर में 106.07, मेदिनीपुर में 105.37, पुरुलिया में 106.05 प्रति लीटर है।

**युद्ध में नरमी के संकेत, बाजार को मिला सहारा:** मध्य पूर्व में चल रहा संघर्ष अब चौथे सप्ताह में पहुंच चुका है। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है और संभावित हमलों को फिलहाल टाल दिया गया है। हालांकि, ईरान ने आधिकारिक तौर पर बातचीत से इनकार किया है, लेकिन रिपोर्ट्स में दोनों देशों के बीच किसी स्तर पर संपर्क होने की बात कही जा रही है। इससे बाजार में थोड़ी राहत आई है।

**कच्चे तेल में जबरदस्त उतार-चढ़ाव:** युद्ध के कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल सप्लाई प्रभावित हुई, जिससे ब्रेंट क्रूड की कीमत फरवरी के अंत में करीब ,70 से बढ़कर ,108 प्रति बैरल तक पहुंच गई। हालांकि, तनाव कम होने के संकेत मिलने के बाद यह ,100 से नीचे फिसलकर फिर ,98 के आसपास पहुंच गया। इस तरह वैश्विक बाजार में भारी अस्थिरता बनी हुई है।

**आम ग्राहकों को राहत, लेकिन इंडस्ट्रियल फ्यूल महंगा=** जहां आम लोगों के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वहीं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने इंडस्ट्रियल डीजल और प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी हैं। इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत में 21.92 प्रति लीटर (करीब 25 प्रतिशत) की भारी बढ़ोतरी की गई है, जबकि प्रीमियम पेट्रोल 2 प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसका असर उद्योगों और परिवहन लागत पर पड़ सकता है।

## अडानी की कंपनी में मॉर्गन स्टैनली ने बेची हिस्सेदारी, करीब 7 लाख शेयर की डील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी में कुछ ब्लॉक डील हुई है। इसके तहत फ्रेंच मल्टीनेशनल बैंक खरीदार था जबकि मॉर्गन स्टैनली बेचने वाला था। बीएनपी ने अपनी सहयोगी कंपनी के ज़रिए कंपनी के 6.9 लाख शेयर खरीदे। जानकारी के मुताबिक इस डील की कीमत 56 करोड़ रुपये थी। बता दें कि ये शेयर 808.3 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर खरीदे गए, जो सोमवार की क्लोजिंग कीमत 816.45 रुपये से 1 प्रतिशत कम थी। वहीं, मॉर्गन स्टैनली ने अपनी इन्वेस्टमेंट विंग मॉर्गन स्टैनली एशिया (सिंगापुर) के ज़रिए उतने ही शेयर बेचे। इस बीच, बीएसई पर अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर 2.76 प्रतिशत बढ़कर 839.30 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। इस शेयर ने एक साल की अवधि में 12 प्रतिशत की गिरावट देखी है। इसके विपरीत क्रमशः 2 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की गिरावट आई है।

बता दें कि फ्रांसीसी ऊर्जा कंपनी टोटलएनर्जीज ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में अपनी 1.7 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। कंपनी ने बीती तिमाही और वर्ष 2025 के अपने वित्तीय नतीजों पर जारी बयान में बताया था कि उसने अक्टूबर-दिसंबर, 2025 के दौरान परिसंपत्तियों की बिक्री से 2.08 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए। टोटलएनर्जीज के मुताबिक, इन विनिवेश में नाइजीरिया के बोंगा क्षेत्र में गैर-संचालित हिस्सेदारी की बिक्री, मलेशिया के ब्लॉक एसके408 में आंशिक हिस्सेदारी की बिक्री, अमेरिका और यूनान में अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री तथा अडानी ग्रीन एनर्जी में 1.7 प्रतिशत




हिस्सेदारी की बिक्री शामिल है। टोटलएनर्जीज ने जनवरी, 2021 में अडानी ग्रीन में अल्पांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था।चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अडानी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा लगभग 98.94 प्रतिशत घटकर पांच करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से खर्च बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ घटा है। पिछले वर्ष की समान तिमाही (दिसंबर 2024) में उसने 474 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 2,961 करोड़ रुपये हो गया।



# सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे अभिषेक बच्चन

अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है।

## इस जॉनर में अभिनय करेंगे अभिषेक बच्चन

वैरायटी इंडिया के मुताबिक 'किंग' फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है।

## फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म के टीजर में शाहरुख खान एक्शन अंदाज में नजर आए थे।

## रोल में एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं अभिषेक

अभिषेक बच्चन के पास एक और फिल्म है, जिसे रितेश देशमुख ने निर्देशित किया है। फिल्म का नाम 'राजा शिवाजी' है। यह एक ऐतिहासिक फिल्म है जो छत्रपति शिवाजी महाराजा पर होगी। अभिषेक बच्चन की पिछली फिल्म 'कालीधर लापता' थी, यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म थी। इस फिल्म के लिए अभिषेक को काफी सराहा गया था।



# अल्लू अर्जुन संग साउथ फिल्म में अनुष्का शर्मा की एंट्री!

## क्या 8 साल बाद करेंगी वापसी?

साउथ स्टार अल्लू अर्जुन अपनी आगामी फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, फिल्म में कई बड़े स्टार्स हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। अब नई खबरों के अनुसार, अनुष्का शर्मा भी इस साइंस फिक्शन फिल्म में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड की एक और बड़ी स्टार इस प्रोजेक्ट से जुड़ने वाली हैं। बताया जा रहा है कि वे फिल्म में शामिल होने के लिए बातचीत कर रही हैं और अगर यह सच साबित होता है, तो यह उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### अनुष्का शर्मा की आखिरी फिल्म

अनुष्का शर्मा आखिरी बार 2018 में शाहरुख खान और कटरीना कैफ के साथ आई फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं। तब से वो किसी लीड रोल में नजर नहीं आई हैं। यह बताना जरूरी है कि निर्माता के तौर पर काम करने के बाद से अनुष्का किसी भी एक्टिंग प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में नहीं हैं। वह 2022 में पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' में काम करने वाली थीं।



अनुष्का की फिल्म टलने की आशंका हालांकि, इसके टलने की आशंका है और यहां तक कि इसके बंद होने की भी अफवाहें हैं। अनुष्का शर्मा और उनके पति विराट कोहली फिलहाल अपने बेटे और बेटी के साथ लंदन में रहते हैं।

### अल्लू अर्जुन के साथ ये एक्ट्रेसेस भी

फिल्म की बात करें तो, खबरों के मुताबिक इस फिल्म में मृणाल ठाकुर, जाह्नवी कपूर और रश्मिका मंदाना समेत कई फीमेल एक्टर्स नजर आ रही हैं। ऐसी भी चर्चा है कि रश्मिका मंदाना फिल्म में निगेटिव रोल कर सकती हैं। अल्लू अर्जुन भी फिल्म में कई किरदारों में नजर आएंगे।

### अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म


फिल्म का संगीत साई अभ्यंकर द्वारा तैयार किया जाएगा। वहीं, एटली के साथ काम करने के बाद, अल्लू अर्जुन लोकेश कनगराज के साथ काम करेंगे, जिसमें मशहूर संगीतकार अनिरुद्ध संगीत देंगे। फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने वाली है।



# जान्हवी कपूर ने छोड़ा करण जौहर का साथ, प्रोड्यूसर ने तोड़ी चुप्पी

करण जौहर प्रोड्यूस कई फिल्मों में जान्हवी कपूर ने अभिनय किया है। लगता है कि अब वह अलग रास्ते पर चलना चाहती हैं कि यही वजह है कि हाल ही में वह करण जौहर की टैलेंट एजेंसी से अलग हो गई।

### करण जौहर ने जान्हवी कपूर को लेकर क्या कहा?



हाल ही में बातचीत में करण जौहर कहते हैं, 'कुछ टैलेंट ऐसे होंगे जो हमारे पास आएंगे और चले जाएंगे। तीन बड़ी एजेंसियों के बीच हमेशा पासिंग द पार्सल जैसा खेल चलता रहता है।' करण जौहर ने यह भी बताया कि उनकी टैलेंट एजेंसी सबसे ज्यादा बिजनेस करती है। करण जौहर बातचीत में आगे कहते हैं, 'जिस किसी ने भी हमारी एजेंसी छोड़ी है, मैं हमेशा उनके लिए अच्छा ही चाहूंगा, उनके साथ काम भी करूंगा। कई बार ऐसा हुआ है कि उन्होंने हमारी एजेंसी छोड़ दी है, लेकिन मैं फिर भी उनके साथ काम करता रहता हूं।' इस जवाब से करण जौहर ने जता दिया कि वह आगे भी जान्हवी कपूर के साथ काम कर सकते हैं।

# किंग के बाद फिर करेंगे रोमांस शाहरुख खान

शाहरुख खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर रोमांस का जादू बिखेरने की तैयारी में हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'किंग' के बाद किंग खान एक बिग बजट रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में उनका लुक काफी अलग और विंटेज स्टाइल का होगा, जो दर्शकों के लिए नया अनुभव लेकर आएगा। रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म क्लासिक लव स्टोरी पर आधारित होगी, जिसमें इमोशंस और पुराने दौर की फीलिंग्स को मॉडर्न टच के साथ पेश किया जाएगा। मेकर्स इस प्रोजेक्ट को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि दर्शकों को एक भव्य सिनेमैटिक अनुभव मिल सके।



रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख इस फिल्म में एक परिपक्व और गहराई वाले किरदार में दिखाई देंगे। उनका यह अवतार उनके पुराने रोमांटिक इमेज की याद दिलाएगा, जिसे दर्शकों ने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'कुछ कुछ होता है' और 'वीर-जारा' जैसी फिल्मों में खूब पसंद किया था। लंबे समय बाद वे इस जोनर में वापसी कर रहे हैं, जिससे फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म की कहानी, डायरेक्टर और बाकी स्टारकास्ट को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इंडस्ट्री में इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मेकर्स इस फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर प्रमोट करने की योजना बना रहे हैं। गौरतलब है कि शाहरुख खान ने पिछले कुछ सालों में 'पठान' और 'जवान' जैसी एक्शन फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर शानदार वापसी की है। अब वे फिर से अपने रोमांटिक अंदाज में लौटने वाले हैं, जो उनके करियर की पहचान रहा है।



# क्या मणिरत्नम की फिल्म में नजर आएंगे विजय सेतुपति?

## गर्मियों में शुरू होगी शूटिंग

**साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में काफी व्यस्त हैं। विजय जल्द ही मशहूर निर्देशक मणिरत्नम की अगली फिल्म में काम शुरू करने वाले हैं। जानिए कैसी होगी फिल्म और कौन होगी फिल्म की मुख्य अभिनेत्री?**

### कैसी होगी विजय की आने वाली फिल्म

यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। इसमें विजय के साथ साई पल्लवी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। विजय की मणिरत्नम के साथ यह दूसरी फिल्म है। इस फिल्म से पहले वह मणिरत्नम के साथ 2018 में फिल्म 'चेक्का चिवंथा वानम' नाम की फिल्म में काम कर चुके हैं, लेकिन इस बार कुछ बिल्कुल अलग और नया करने जा रहे हैं।

### कब शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग इस साल गर्मियों में शुरू हो सकती है। इस फिल्म के म्यूजिक के लिए प्रतिभा साई अभ्यंकर से बात चल रही है। फिल्म को मद्रास टॉकीज और लाइका प्रोडक्शंस मिलकर बना रहे हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।
विजय सेतुपति की आने वाली तमिल फिल्म 'अरसन' है। इसमें सिलंबरासन मुख्य भूमिका में हैं। यह एक गैंगस्टर एक्शन ड्रामा है, जिसका संगीत अनिरुद्ध रविचंदर दे रहे हैं। पहले अफवाहें थीं कि व्यस्तता के कारण विजय इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गए, लेकिन अब विजय ने साफ कर दिया है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म की शूटिंग जारी है।

### पॉकेट नॉवेल में नजर आएंगे विजय

विजय सेतुपति निर्देशक थियागराजन कुमारराजा की फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' में काम कर रहे हैं। इसमें मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में किशोर भी महत्वपूर्ण किरदार में होंगे। इसकी पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। इसका संगीत इलैयाराजा का है।



# 'डकैत' में दिखेगी एंग्री लव स्टोरीः इंडियन सोल और अमेरिकन टेक्नीक का मेल है ये फिल्म

**अदिवि शेष जल्द ही 'डकैतः ए लव स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर भी हैं। अदिवि शेष का कहना है कि डकैत, हिंसक बैकड्रॉप में रची गई एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें दो किरदारों के बीच प्यार और नफरत का एक बेहद बारीक और गहरा संघर्ष दिखेगा।**

### यह प्रेम कहानी होने के बावजूद आपने शीर्षक 'डकैत' क्यों चुना?

फिल्म का विचार हमारे सिनेमाई जुनून और पुरानी यादों का मेल है। मैं और मेरे करीबी दोस्त व निर्देशक शनि, हम दोनों ही 'द मैग्निफिसेंट सेवन' और 'द गुड, 'द बैड एंड द अग्ली' जैसी क्लासिक काउबॉय फिल्मों के प्रशंसक रहे हैं। काफी समय से मेरा मन एक प्रेम कहानी पर काम करने का था, लेकिन मैं उसे पारंपरिक रूप में नहीं देखना चाहता था। हमने सोचा, क्या होगा अगर तपते रेगिस्तान, रेल की पटरियों, बंदूकों और खून-खराबे के उस खौफनाक काउबॉय माहौल के बीच एक 'एंग्री लव स्टोरी' बुनी जाए? बस, इसी कल्पना ने 'डकैत' को जन्म दिया। यह असल में डकैती के हिंसक बैकड्रॉप में रची गई एक ऐसी प्रेम कहानी है, जहां दो किरदारों के बीच प्यार और नफरत का एक बेहद बारीक और गहरा संघर्ष चलता है।

### क्या लीड पेयर पूरी तरह से डकैती से जुड़ा है?

देखिए जब माहौल ही इतना कठोर हो, तो किरदारों को भी उसी रंग में ढलना पड़ता है। यही वजह है कि यह कहानी एक बिल्कुल अलग और यूनिक संयोजन बनकर सामने आई है। आमतौर पर दर्शक या तो पूरी तरह एक्शन से भरी फिल्म देखते हैं, या फिर एक ऐसी प्रेम कहानी, जहां भावनाएं आंसुओं और गीतों में बहती हैं। लेकिन हमने इस सोच को थोड़ा मोड़ा। हमने तय किया कि इस बार प्यार की बात तो होगी, लेकिन उस नरम, मासूम अंदाज में नहीं, बल्कि गुस्से, टकराव और तीखे जज्बातों के साथ। यानी यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जहां भावनाएं दबी नहीं रहती, बल्कि खुलकर, तेज और कभी-कभी चिल्लाते हुए सामने आती हैं।

### इस फिल्म में आपने प्यार का कौन सा अनछुआ पहलू छुआ है?

फिल्म 'डकैत' की प्रेम कहानी पारंपरिक सामाजिक संघर्षों, जैसे जाति, धर्म या अमीरी-गरीबी तक सीमित नहीं है। इसका केंद्र किरदारों की आंतरिक संवेदनाएं और उनके निजी अनुभव हैं। यहां प्रेम को एक बेहद व्यक्तिगत एहसास की तरह दिखाया गया है, जो माता-पिता और संतान के रिश्ते जितना गहरा हो सकता है। जब भावनाएं इतनी निजी हो जाती हैं, तो उनका प्रभाव भी अनोखा बनता है। कहानी इस बात को टटोलती है कि कोई रिश्ता क्यों खास बनता है और टूटने पर भीतर क्या बदल जाता है, यही इसकी असली ताकत है।

### ' एक्शन और इसकी कोरियोग्राफी आपके लिए कैसी रही?

मैं अपनी एक्शन कोरियोग्राफी के लिए जाना जाता हूं। मैं नियमित रूप से 'मास' फिल्में नहीं करता, बल्कि मुझे 'हाइपर-रियल' एक्शन पसंद है, जो दिखने में असली भी लगे और ग्लैमरस भी। अगर मेरी फिल्म में कोई बंदा हवा में उड़ रहा है, तो उसके पीछे एक तार्किक कारण होना चाहिए। इस फिल्म के निर्देशक सुनील, जो मेरे बहुत अच्छे दोस्त भी हैं, उन्होंने सिनेमैटोग्राफी की थी। वह अब डायरेक्टर बन गया है। हम दोनों की एक्शन को लेकर जो अमेरिकन सेंसिबिलिटी है, उसे हम इस फिल्म में लेकर आए हैं। हॉलीवुड की तकनीक और जिस तरह से वे एक्शन को कट और डायरेक्ट करते हैं, हमने उसे इस्तेमाल किया है।

### अनुराग कश्यप से इस प्रोजेक्ट को लेकर पहली बार कब बात हुई?

मेरे दोस्त शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य की शादी का मौका था, जहां अनुराग कश्यप भी मौजूद थे। मैंने मौका देखते ही अनुराग सर का हाथ पकड़ा और उसी माहौल में उन्हें 'डकैत' की कहानी सुनानी शुरू कर दी। शादी के जश्न के बीच ही मैंने उन्हें फिल्म के लिए पिच किया और इसी तरह वे हमारे इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन गए।

# कुलदीप यादव पत्नी वंशिका के साथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचे

## पूजा-दर्शन करके 56 भोग अर्पित किए; शादी के बाद पहली बार वृंदावन आए

**मथुरा (एजेंसी)।** क्रिकेटर कुलदीप यादव ने पत्नी वंशिका के साथ वृंदावन में बांके बिहारी के दर्शन किए। वे मंगलवार शाम साढ़े 7 बजे मंदिर पहुंचे थे। दोनों ने देहरी (चौखट) पर इत्र लगाकर सेवा की। भगवान को 56 भोग अर्पित किए। शादी के बाद दोनों पहली बार मथुरा पहुंचे थे।



कुलदीप इतनी गुपचुप तरीके से वृंदावन पहुंचे कि किसी को इसकी भनक तक नहीं हुई। फोटो-वीडियो सामने आने के बाद बुधवार सुबह लोगों को इसकी जानकारी हुई। दोनों करीब 25 मिनट तक मंदिर में रहे। इस दौरान मंदिर के गार्ड उन्हें घेरकर खड़े रहे। मंदिर के सेवायत शैलेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कुलदीप के परिवार ने उनके आने की जानकारी दी थी। भीड़भाड़ से बचने के लिए इसे गोपनीय रखने को कहा था। मंदिर पहुंचने पर मैंने और नितिन सांवरिया ने पूजा-अर्चना कराई। इत्र देकर चौखट की पूजा करवाई। भगवान की प्रसादी माला भेंट की। करीब एक घंटे वृंदावन में रहने के बाद दोनों दिल्ली रवाना हो गए। गर्भ गृह के पास चंदन कोठरी पर पहुंचे कुलदीप और वंशिका को सेवायत लवेश गोस्वामी ने भगवान की प्रसादी माला पहनाई ।पूजा के बाद पुजारी ने प्रसाद के रूप में कुलदीप को वॉल हैंगिंग और वंशिका को मोर पंनख लगी बांसुरी भेंट की।

### 14 मार्च को मसूरी में हुई थी शादी

भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को मसूरी में शादी की थी। शादी में क्रिकेटर रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी पहुंचे थे। 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन पार्टी हुई थी। सीएम योगी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कुलदीप-वंशिका को आशीर्वाद दिया था।

# इस साल होगा आईपीएल का सबसे बड़ा सीजन

## 84 मैच खेले जाएंगे, हर टीम 16 मुकाबले खेलेगी, 28 मार्च को शुरुआत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। यह आईपीएल का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**चुनाव की वजह से पूरा शेड्यूल रिलीज नहीं हुआ-** अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें आईपीएल मैच होस्ट करने वाले राज्य बंगाल, तमिलनाडु और असम भी शामिल हैं। इसी वजह से 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया।

**10 टीमें हिस्सा लेंगी** - लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं।

### प्लेऑफ कब से होंगे?

अभी पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है, लेकिन बीसीसीआई ने इतनी जानकारी दे दी है कि फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस हिसाब से 26 मई को पहला क्वालिफायर, 27 मई को एलिमिनेटर और 29 मई को दूसरा क्वालिफायर खेला जा सकता है।

# केकेआर ने रसेल की जर्सी नंबर 12 रिटायर की

## ● आईपीएल में 11 साल टीम का हिस्सा रहे, 2 बार खिताब जिताया

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसेल के सम्मान में उनकी जर्सी नंबर 12 को रिटायर कर दिया है। रसेल 2014 से 2025 तक टीम का हिस्सा रहे, सिर्फ 2017 सीजन को छोड़कर। पिछले साल नवंबर में उन्होंने आईपीएल से संन्यास लिया और अब टीम के पावर कोच की भूमिका निभा रहे हैं।







● **केकेआर के लिए खेले 133 मैच, 11 सीजन तक रहे पिलर-** आंद्रे रसेल का आईपीएल करियर मुख्य रूप से कोलकाता नाइट राइडर्स के इर्द-गिर्द ही रहा। उन्होंने अपने कुल 140 आईपीएल मैचों में से 133 मैच सिर्फ केकेआर के लिए खेले। वे 11 सीजन तक टीम के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने रहे। रसेल ने न केवल अपनी बल्लेबाजी से, बल्कि अपनी डेथ ओवर गेंदबाजी से भी टीम को कई मुश्किल मैचों में जीत दिलाई।

● **2014 और 2024 की खिताबी जीत का रहे हिस्सा-** रसेल दो बार केकेआर की खिताबी जीत (2014 और 2024) का हिस्सा रहे। 2014 में उन्होंने सिर्फ 2 मैच खेले थे, लेकिन 2024 में टीम को चैंपियन बनाने में उनकी भूमिका सबसे बड़ी रही। उस सीजन में रसेल ने 15 मैचों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए और 19 विकेट भी झटके। गेंदबाजी में उनका औसत 15.52 का रहा, जो किसी भी ऑलराउंडर के लिए बेहतरीन आंकड़ा है।

● **कोचिंग पर बोले रसेल- खिलाड़ियों को वापस देने का समय है-** कोच की नई भूमिका को लेकर रसेल ने कहा,मुझे नहीं लगता कि कोच बनने से मेरी मानसिकता में कोई बदलाव आया है। यह उन खिलाड़ियों को कुछ वापस देने जैसा है जिनके साथ और जिनके खिलाफ मैं सालों तक खेला हूं। मुझे वापस आकर इन लड़कों की मदद करने में बहुत अच्छा लग रहा है।

### ग्लोबल नाइट राइडर्स फैमिली का भी रहे चेहरा

रसेल का नाता सिर्फ आईपीएल वाली केकेआर से ही नहीं रहा, बल्कि वे नाइट राइडर्स की अन्य फ्रेंचाइजी के लिए भी खेलते रहे हैं। वे आईएलटी 20 में 'अबू धाबी नाइट राइडर्स' और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी हिस्सा रहे। इन दोनों ही टीमों के लिए उन्होंने 4-4 सीजन खेले हैं। इसके अलावा 2014-15 के चैंपियंस लीग टी-20 में भी उन्होंने केकेआर को फाइनल तक पहुंचाने में मदद की थी।

### एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट

# भारतीय तीरंदाजों ने जीते 2 ब्रोंज मेडल

**थाईलैंड (एजेंसी)।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में चल रहे एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट (स्टेज-1) के दूसरे दिन भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने बुधवार को दो ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इसके साथ ही भारतीय खिलाड़ियों ने मेंस रिकर्व और विमेंस कंपाउंड टीम इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है।

**विमेंस कंपाउंड टीम-थाईलैंड को हराकर फाइनल में पहुंची-** महिला कंपाउंड टीम ने सेमीफाइनल में थाईलैंड को 229-226 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चिकिता तनिपार्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की टीम अब खिताबी मुकाबले में तीसरे नंबर की सीड कजाकिस्तान से भिड़ेगी। पिछले साल टीम ने ब्रॉन्ज जीता था।

## मेंस रिकर्व और विमेंस कंपाउंड टीम फाइनल में पहुंची; कजाकिस्तान से होगा मुकाबला




**मेंस कंपाउंड टीम सेमीफाइनल में हारी-** पुरुष कंपाउंड टीम को सेमीफाइनल में वियतनाम से 233-234 से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास बढ़त थी, लेकिन आखिरी पलों में मुकाबला हाथ से निकल गया। हालांकि टीम ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में भूटान को 234-232 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कंबोज की अनुभवी टीम अपना खिताब डिफेंड करने में नाकाम रही। सेमीफाइनल में वियतनाम के खिलाफ एक समय भारतीय टीम 5 पॉइंट की बढ़त पर थी, लेकिन दूसरे और तीसरे एंड में वियतनाम ने परफेक्ट 60 का स्कोर कर वापसी की और भारत को 234-233 से हरा दिया।

### मेंस रिकर्व टीम-मलेशिया को 5-1 से दी शिकस्त


पुरुष रिकर्व टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार की टीम ने बिना कोई सेट गंवाए जीत दर्ज की और अब फाइनल में कजाकिस्तान से मुकाबला होगा। पहले सेट को भारत ने 53-50 और दूसरे को 53-52 से जीता। तीसरे सेट में मुकाबला 56-56 की बराबरी पर रहा, जो भारत को फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। वहीं, महिला रिकर्व टीम ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीता। रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि फोर की टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

# बेन डकेट ने आईपीएल से नाम वापस लिया

## ● 2 साल के बैन का खतरा, सीएसके ने एलिस की जगह जॉनसन को किया शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आईपीएल 2026 से नाम वापस ले लिया है। खराब फॉर्म के बीच अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया। हालांकि, आखिरी समय पर हटने के कारण उन्हें आईपीएल से दो साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि पिछले साल फ्रेंचाइजियों ने ऐसे विदेशी खिलाड़ियों पर सख्ती करने का फैसला किया था।

वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें चोटिल नाथन एलिस की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर साइन किया गया है। एलिस पुरानी हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।



**डीसी ने 2 करोड़ में खरीदा था, पथुम निसांका से मिल रही थी चुनौती-** दिसंबर में हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने बेन डकेट को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। डकेट पहली बार आईपीएल खेलने वाले थे, लेकिन टीम में विदेशी खिलाड़ी के स्लॉट के लिए उन्हें श्रीलंका के पथुम निसांका से कड़ी टक्कर मिल रही थी। प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की न होने और फॉर्म के संकट को देखते हुए उन्होंने भारत आने के बजाय नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेलने का फैसला किया है।

**डकेट बोले- दिल्ली से माफी मांगता हूं, यह करियर के लिए जरूरी था-** 31 साल के डकेट ने 'द टेलीग्राफ' से बातचीत में कहा, यह बहुत कठिन फैसला था और मैं दिल्ली कैपिटल्स के सभी लोगों से माफी मांगता हूं। जब मुझे ऑक्शन में चुना गया था, तब मैं बहुत उत्साहित था। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है, लेकिन मैंने अपने करियर के बारे में बहुत सोचा और मुझे लगा कि अभी यही सही फैसला है।

### जॉनसन के लिए पिछला साल रहा था मुश्किल

जॉनसन 1.5 करोड़ रुपये में सीएसके से जुड़े हैं। 30 साल के इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अब तक 5 वनडे और 8 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसके अलावा वह 71 टी20 मुकाबलों का अनुभव भी रखते हैं।

जॉनसन पहले भी आईपीएल का हिस्सा रह चुके हैं। वह 2024 में गुजरात टाइटंस और 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। 2024 सीजन में उन्होंने 5 मैचों में 4 विकेट लिए थे, जबकि 2025 में 4 मैचों में सिर्फ 1 विकेट हासिल कर सके। हालांकि, पिछले आईपीएल के बाद उन्हें बैक इंजरी हो गई थी, जिसके कारण वह बिग बैश लीग और 2026 टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर रहे। वहीं, पिछले साल आईपीएल के मिनी ऑक्शन में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।

# खिलाड़ी-27 मार्च से दून में शुरू होंगे पैरालंपिक गेम्स

## सभी 13 जिलों से खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

PARALYMPIC ASSOCIATION OF UTTARAKHAND

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के दिव्यांग खिलाड़ियों (पैरा एथलीट्स) के लिए अच्छी खबर है। पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में 27 से 29 मार्च तक देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीसरे उत्तराखंड राज्य पैरालंपिक गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 13 जिलों से लगभग 150 पैरा खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। आयोजन की खास बात यह है कि इस बार पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड इन खेलों को प्रायोजित कर रहा है, जिससे सीमित संसाधनों वाले पहाड़ के पैरा खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिलेगा।

### प्रतियोगिता की 4 खास बातें

- 27 मार्च को सभी 13 जिलों की टीमें देहरादून पहुंचेंगी। मुख्य प्रतियोगिताएं 28 और 29 मार्च को आयोजित की जाएंगी।
- इसमें पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा सिटिंग वॉलीबॉल, पैरा पावरलिफ्टिंग और पैरा टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं होंगी।

# रिंकू सिंह केकेआर के उप-कप्तान बने

## 2018 से फ्रेंचाइजी का हिस्सा; बेन डकेट 19वां सीजन नहीं खेलेंगे, आईपीएल ने 2 साल का बैन लगाया

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिंकू सिंह को टीम का उप-कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने इस फैसले की घोषणा कोलकाता में आयोजित 'नाइट्स अनप्लग्ड 3.0' इवेंट में की। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा कि रिंकू 2018 से टीम के साथ जुड़े हैं और लगातार प्लेइंग इलेवन का हिस्सा रहे हैं। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज यश दयाल आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मोहम्मद बोबाट ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यश निजी कारणों से इस सीजन में नहीं खेलेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि खिलाड़ी अभी भी टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट में बने हुए हैं। यश को पिछले साल की नीलामी से पहले आरसीबी ने 5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। उन्होंने 2022 में गुजरात टाइटंस के साथ आईपीएल डेब्यू किया था और उसी साल टीम के साथ खिताब भी जीता था।



### 2 बार रेप के आरोप लग चुके

यश दयाल इस समय दो अलग-अलग मामलों में यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। गाजियाबाद की एक महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने शादी का झांसा देकर पांच साल तक उसका भावनात्मक और शारीरिक शोषण किया। इस शिकायत के बाद उनके खिलाफ रेप का मामला दर्ज हुआ। इसके अलावा जयपुर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का भी आरोप लगाया गया है। आरोप है कि दयाल ने क्रिकेट में मदद का भरोसा देकर 17 साल की लड़की के साथ 2023 में दुष्कर्म किया।

# ग्वालियर की बेटी अनुष्का शर्मा का इंडिया टीम में चयन

## ● साउथ अफ्रीका में टी-20 सीरीज खेलेंगी; सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई



**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर की बेटी अनुष्का शर्मा की एंट्री अब भारतीय महिला टी-20 क्रिकेट टीम में हो गई है। वह भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली द्विपक्षीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुनी गई हैं। अनुष्का पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल हुई हैं और पहली बार टीम के साथ विदेश दौरा भी करेंगी।

अनुष्का फिलहाल इंडिया ए के लिए खेल रही हैं और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में भी वह गुजरात जायंट्स के लिए चुनी जा चुकी हैं। ग्वालियर में मंगलवार को एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका सम्मान किया। इसके बाद वह भिंड में अपनी बुआ के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गईं। सीनियर टीम में चयन के बाद ग्वालियर में उनके परिवार और शहर में खुशी का माहौल है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ग्वालियर के पत्रकार बृजमोहन शर्मा की बेटी अनुष्का शर्मा का चयन हुआ है। अनुष्का एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं और इंडिया ए व डब्ल्यूपीएल में अपने बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनके चयन से पूरे शहर में उत्साह का माहौल है।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई

मंगलवार को दतिया में कार्यक्रम के लिए सीएम ग्वालियर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट पर ही ग्वालियर की होनहार खिलाड़ी अनुष्का शर्मा से मुलाकात कर उनको बधाई देते हुए स्वागत किया। इस दौरान वहां अनुष्का के पिता बृजमोहन शर्मा अन्य परिजन मौजूद रहे। कलेक्टर ग्वालियर रूचिका चौहान ने भी अनुष्का से बातचीत कर उनकी तारीफ की है।

### वुमेन प्रीमियर लीग में गुजरात के लिए मचा चुकी धमाल

डब्ल्यूपीएल यानि वूमेन प्रीमियर लीग में ग्वालियर की अनुष्का शर्मा ने धमाल मचाया है। पहले वह मध्य प्रदेश सीनियर टीम के लिए खेल रही थीं, इसके बाद उनका चयन गुजरात जायंट्स (जीजी) ने 45 लाख रुपए में किया। अनुष्का गुजरात जायंट्स के लिए खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर चुकी हैं। ग्वालियर की वह पहली खिलाड़ी हैं, जो डब्ल्यूपीएल में खेल रही हैं। अब भारतीय राष्ट्रीय टीम में चयन के बाद उनके दोस्तों, परिवार और साथी खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। खुद अनुष्का का कहना है कि उन्हें इस चयन की उम्मीद थी, क्योंकि वह लगातार मैदान पर मेहनत कर रही थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में अवैध रूप से रह रही थी बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार, शुरू की निष्कासन की प्रक्रिया


**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की विदेशी सेल ने अवैध घुसपैठ के



खिलाफ कार्रवाई करते हुए शालीमार बाग क्षेत्र से एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए देश से निष्कासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने महिला के कब्जे से एक स्मार्ट फोन बरामद किया है, जिसमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल मिला। इसके अलावा मोबाइल गैलरी में बांग्लादेशी पहचान से जुड़े दस्तावेज भी पाए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। पकड़ी गई महिला की पहचान मीतू अख्तर (28) के रूप में हुई है, जो ढाका (बांग्लादेश) की रहने वाली है। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि विदेशी सेल की टीम ने इंस्पेक्टर विपिन कुमार और एसीपी राजीव कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। 23 मार्च की सुबह विशेष अभियान के तहत गठित टीम ने जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन और आजादपुर मंडी क्षेत्र में छापेमारी की। लंबे समय तक तलाश के बाद मैक्स अस्पताल के पास एक संदिग्ध महिला को पकड़ा गया। शुरुआती पूछताछ में महिला ने खुद को भारतीय नागरिक बताया, लेकिन उसके जवाबों में विरोधाभास मिलने पर पुलिस ने विस्तृत जांच की। डिजिटल जांच, दस्तावेजों की पुष्टि और फोटो साक्ष्यों के आधार पर यह सामने आया कि महिला बांग्लादेश की नागरिक है और बिना वैध दस्तावेज के भारत में रह रही थी। जांच में पता चला कि उसे पहले पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक रोबिउल द्वारा भारत लाया गया था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद महिला को एफआरआरओ के समक्ष पेश किया गया है और उसे उसके देश वापस भेजने की कार्रवाई जारी है।

### भजनपुरा के घोंडा में युवक की चाकू मारकर हत्या

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** भजनपुरा थाना क्षेत्र के घोंडा में कृष्णा मंदिर के पास सोमवार देर रात एक युवक पीछे से चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंचे स्वजन युवक को



जगप्रवेश चंद्र अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्वजन ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अस्पताल के बाहर हंगामा किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए एक आरोपित की पहचान की जा रही है। मृतक की पहचान 18 वर्षीय मोहम्मद आसिफ निवासी सुभाष मोहल्ला भजनपुरा के रूप में हुई है। आसिफ के भाई नेक मोहम्मद ने बताया कि सोमवार देर रात एक जानकार ने उन्हें सूचना दी कि आसिफ पर किसी ने हमला कर दिया है। वह अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजन ने आरोप लगाया कि जिस स्थान पर आसिफ की हत्या हुई है, कुछ दिन पहले वहां एक और युवक हत्या की गई थी। इसके बाद भी पुलिस ने वहां पर सुरक्षा नहीं बढ़ाई। स्वजन ने मामले में पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही भजनपुरा थाना के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। आसिफ के चार भाई और पांच बहने हैं।

# दिल्ली वालों को जलभराव से मिलेगी मुक्ति, सरकार ने 610 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जलभराव की समस्या दशकों पुरानी है। 50 वर्ष से अधिक पुराने ड्रेनेज सिस्टम और अपर्याप्त नालों के कारण हर बरसात में शहर की सड़कें तालाब बन जाती हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2026-27 के बजट में इस समस्या को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेते हुए कहा कि अब दिल्ली डूबेगी नहीं, उबरेगी। इसी यरेजना के तहत पांच विधानसभा क्षेत्रों में जलभराव से राहत दिलाने के लिए एमबी रोड पर 387 करोड़ की लागत से ड्रेन निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई है। 2026-27 में इस कार्य के लिए 50 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग विभाग द्वारा 200 करोड़ के अतिरिक्त राशि खर्च कर जलभराव समाप्त करने के लिए अन्य परियोजनाएं शुरू की जाएगी। पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी, मुंडका, बवाना और नांगलोई विधानसभा क्षेत्रों की जल-निकासी समस्या के समाधान के लिए रेलवे लाइन के समानांतर 221 करोड़ की लागत से 4.50 किलोमीटर लंबे ट्रंक ड्रेन के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना उन इलाकों के लिए राहत की सांस लेकर आएगी जो वर्षों से बरसात में परेशान होते आए हैं। इस वर्ष तैमूर नगर, कैलाश नगर, किराड़ी और बवाना जैसे क्षेत्रों में नालों का पुनर्विकास किया जाएगा।



**बाढ़ रोकने के लिए दीवार का भी प्रस्ताव:** सरकार ने इस साल 22 लाख मीट्रिक टन से अधिक गाद हटाकर यमुना के ऐतिहासिक जलस्तर पर भी सुरक्षित प्रवाह सुनिश्चित किया है। पुराने रेलवे पुल से मजनू का टीला तक यमुना किनारे बाढ़ रोकने के लिए दीवार का भी प्रस्ताव इस बजट में है, जो एक महत्वपूर्ण योजना साबित होगी। इसी तरह लोहे के पुल से सराय काले खां तक यमुना पुस्ता को मजबूत किया जाएगा। इस तरह के कार्यों के लिए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के लिए 610 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है।

### दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती, बनाए जाएंगे 750 से अधिक नए आरोग्य मंदिर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती देने के लिए दिल्ली सरकार 750 से अधिक नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पेश किए गए दिल्ली सरकार के बजट में इसकी घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत इसके लिए 1500 करोड़ का बजट प्रविधान की घोषणा की। दावा किया कि नए केंद्र आरंभ होने से दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या बढ़कर 1120 से अधिक हो जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवा घरों तक पहुंच सकेंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत दिल्ली में पहले से ही 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन हो रहा है। ये केंद्र ओपीडी, सामान्य जांच और दवाओं की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। संख्या बढ़ने से दिल्ली का स्वास्थ्य नेटवर्क और मजबूत हो जाएगा। बेसिक जांच, आवश्यक दवा और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवा निश्शुल्क मिलेगी। मुखयमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य झुग्गी बस्तियों, अनाधिकृत कालोनियों और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक आसानी से प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का है।

# शांति वार्ता के बीच ट्रंप को ईरान से मिला रहस्यमयी तोहफा, बोले- ये तेल और गैस से जुड़ा महंगा गिफ्ट

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक चौंकाने वाला बयान दिया। ईरान के साथ युद्धविराम पर बातचीत की चर्चाओं के बीच ट्रंप ने कहा है कि ईरान ने उन्हें एक बहुत बड़ा और काफी कीमती तोहफा भेजा है। हालांकि उन्होंने इस तोहफे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और सिर्फ इतना कहा कि ये तोहफा तेल और गैस से जुड़ा है। ट्रंप जहां ईरान के साथ बातचीत का दावा कर रहे हैं, वहीं ईरान की सेना अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार कर रही है। दरअसल मंगलवार को व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि ईरान की तरफ से जो लोग युद्धविराम पर बातचीत कर रहे हैं, क्या उन्हें उन पर विश्वास है? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, वे किसी पर विश्वास नहीं करते, लेकिन उन्होंने ईरान से एक तोहफा मिलने का संकेत दिया। जिसके आधार पर ट्रंप ने कहा कि वे सही लोगों से बात कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा, 'उन्होंने हमें एक तोहफा दिया है और वो तोहफा आज पहुंच गया है। यह एक बड़ा तोहफा है, जिसकी बहुत ज्यादा कीमत है, लेकिन मैं आपको ये नहीं बताने वाला हूं कि वह क्या है, लेकिन ये एक खास तोहफा है।' ट्रंप ने बताया कि यह तोहफा तेल और गैस से जुड़ा है। इसके अलावा ट्रंप ने ज्यादा जानकारी देने से



इनकार कर दिया। इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले पांच दिनों के लिए रोकने का एलान किया। इस दौरान ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान की युद्धविराम को लेकर बात हो रही है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सरकार ने ईरान को 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। हालांकि ईरान की तरफ से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच अमेरिका द्वारा पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ाई जा रही है। जिससे चर्चा है कि अगर युद्धविराम पर सहमति नहीं बनती है तो अमेरिका ईरान के खिलाफ जमीनी आक्रमण कर सकता है। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के साथ बातचीत होने का दावा कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ईरानी की सेना ने ट्रंप पर तंज कसा है। ईरानी सेना के प्रवक्ता ने ट्रंप के बातचीत के दावे का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि 'अपनी हार को समझौते का नाम देने की कोशिश न करें। आपके वादों के युग का अंत हो रहा है। दुनिया में अब दो मोर्चे हैं, जिनमें से एक सच्चाई का है और एक झूठ का। आपकी अंदरूनी लड़ाई इस हद तक पहुंच गई है कि अब आप खुद से ही समझौते पर बात कर रहे हैं। इस क्षेत्र में आपके निवेश पर कोई बात नहीं होगी, न ही आप भविष्य में तेल और गैस की पुरानी कीमतों को वापस देखेंगे। आपको ये समझना होगा कि इस क्षेत्र की शांति और स्थिरता हमारी सेना के ताकतवर हाथों में है।'

### ईरान अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार, पर सिर्फ जेडी वेंस से करेगा बात

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के कूटनीतिक समाधान पर बातचीत चल रही है। इस बीच ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को साफ संकेत दिया है कि वह अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर के साथ दोबारा बातचीत नहीं करना चाहता। इसके बजाय तेहरान की प्राथमिकता अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत करने की है। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया संस्थान सीएनएन ने दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का मानना है कि स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुश्नर के साथ बातचीत विश्वास की कमी के कारण प्रभावी नहीं होगी। गौरतलब है कि अमेरिका के ईरान पर हमले से पहले स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुश्नर ही ईरानी सरकार के साथ बातचीत कर रहे थे और वह बातचीत विफल रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, जेडी वेंस युद्ध खत्म करने के समर्थक हैं और ऐसी रिपोर्ट्स आ चुकी हैं कि वेंस, ईरान पर हमले के पक्ष में नहीं थे। यही वजह है कि विटकॉफ, कुश्नर और यहां तक कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की तुलना में वेंस को संघर्ष खत्म करने के पक्ष में ज्यादा गंभीर माना जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को ट्रंप ने कहा था कि उनकी कूटनीतिक टीम के सभी प्रमुख सदस्य वार्ता में शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'जेडी (वेंस), मार्को (रुबियो), जेरेड कुश्नर, स्टीव विटकॉफ और मैं खुद—सभी बातचीत प्रक्रिया में शामिल हैं।

# ईरान युद्ध का झटका: नए घरों में सोलर पैनल और हीट पंप अनिवार्य, ब्रिटेन का फैसला

## ऊर्जा सुरक्षा के लिए अहम कदम

**लंदन, एजेंसी।** ईरान युद्ध से पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच ब्रिटेन ने ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने इंग्लैंड में बनने वाले सभी नए घरों में सोलर पैनल और हीट पंप अनिवार्य करने का एलान किया है, ताकि जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाई जा सके। ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को नए नियम पेश करते हुए स्पष्ट किया कि यह कदम नीति-निर्माताओं की ओर से ईरान युद्ध के आर्थिक और ऊर्जा प्रभावों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। सरकार के अनुसार, यह पहल फ्यूचर होम्स स्टैंडर्ड का हिस्सा है, जो 2028 से लागू होगा। इस मानक के तहत सभी नए घरों में ऑन-साइट रिन्यूएबल बिजली उत्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें प्रमुख भूमिका सौर ऊर्जा की होगी। साथ ही, घरों में लो-कार्बन हीटिंग सिस्टम जैसे हीट पंप और हीट नेटवर्क को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। ब्रिटेन के ऊर्जा मंत्री एड



मिलिबैंड ने कहा, ईरान युद्ध ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा सरकार का लक्ष्य जीवाश्म ईंधन बाजारों की पकड़ से बाहर निकलना है, जिन पर देश का नियंत्रण नहीं है। मिलिबैंड ने यह भी बताया कि सरकार न केवल नए घरों में सोलर पैनल को मानक बना रही है, बल्कि आने वाले महीनों में दुकानों पर प्लग-इन सोलर पैनल भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें लोग अपने घरों की बालकनी में आसानी से स्थापित कर सकेंगे।

**ऊर्जा सुरक्षा बनाम घरेलू उत्पादन:** इस फैसले को लेकर ब्रिटेन की घरेलू राजनीति में भी बहस तेज हो गई है। विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी की शैडो एनर्जी सेक्रेटरी क्लेयर कुटिन्हो ने सरकार से नॉर्थ सी में नए तेल और गैस क्षेत्रों के लाइसेंस जारी करने की मांग की है, ताकि घरेलू ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाकर उपभोक्ताओं के बिल कम किए जा सकें। यह बहस इस बात को रेखांकित करती है कि ऊर्जा संकट से निपटने के लिए देशों के सामने दो विकल्प हैं, नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेज बदलाव या पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाना।

# टोक्यो में चीनी दूतावास में घुसने के आरोप में जापानी सैनिक गिरफ्तार, चीन ने जताया विरोध; मांगा जवाब

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के अधिकारियों ने बुधवार को एक जापानी सैनिक को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इस सैनिक पर कथित रूप से टोक्यो में चीनी दूतावास में बिना इजाजत (अवैध रूप) से घुसने का आरोप है। चीन ने इस घटना पर विरोध जताया था, जिसके एक दिन बाद यह गिरफ्तारी हुई है। अब यह मामला जापान और चीन के बीच बढ़ते तनाव का नया केंद्र बन गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया वार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार सुबह एक व्यक्ति दीवार फांदकर दूतावास परिसर में जबरन घुस आया। उस व्यक्ति ने खुद को जापानी आत्म-रक्षा बल का अधिकारी बताया था। टोक्यो पुलिस ने बुधवार को जानकारी दी कि गिरफ्तार व्यक्ति की उम्र 23 साल है और वह जापान की थल सेना (जीएसडीएफ) का सदस्य है।

जापानी सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध सैनिक मियाजाकी प्रांत के कैंप एबिनो में तैनात है। सेना के अधिकारी इस मामले में पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं। जापानी मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह सैनिक चीनी राजदूत को यह कहने के लिए दूतावास में घुसा था कि चीन जापान के प्रति अपना कड़ा रुख बंद करे। सैनिक के पास एक चाकू भी था। उसने धमकी दी थी कि अगर उसकी मांग नहीं मानी गई, तो वह खुद को मार लेगा। जापान के सरकारी चैनल एनएचके के अनुसार, उस व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया गया और आगे की जांच के लिए टोक्यो पुलिस को सौंप दिया गया। इस घटना में



कोई घायल नहीं हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, उस व्यक्ति ने कथित तौर पर दूतावास की दीवार फांदी थी और वहां एक चाकू भी मिला है।

चीन ने इस घटना पर गहरा दुख और गुस्सा जताया है। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि जापान अपने सैनिकों को ठीक से नियंत्रित और अनुशासित करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि जापान ने चीनी दूतावास और उसके कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की।

# पंजाबी बाग में दिल्ली पुलिस के एसआई ने सड़क पर काम कर रही महिला को कार से मारी टक्कर, मौके पर हो गई मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाबी बाग थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक मारुति ब्रेज़ा कार ने सड़क पर सफाई कर रही एक महिला मजदूर को टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। आरोपित कार चालक दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। हादसा सोमवार देर रात रात करीब 1:30 बजे वशिष्ठ कुमार गुल्ला मार्ग और नार्थ एवेन्यू रोड के पास हुआ। यहां सड़क निर्माण और सफाई का कार्य चल रहा था। 45 वर्षीय महिला कामगार धर्मवती जब सेंट्रल वर्ज के पास सफाई कर रही थीं, तभी एक बेकाबू ब्रेज़ा कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धर्मवती गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत पास के आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। आरोपित कार चालक का नाम लकी है, जो दिल्ली पुलिस में सब-इंस्पेक्टर है और रंजीत नगर थाने में तैनात है। हादसे के वक्त वह ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त डीएस भास्कर ने बताया कि घटना के तुरंत बाद आरोपित सब-इंस्पेक्टर खुद घायल महिला को अपनी कार में लेकर आचार्य भिक्षु अस्पताल पहुंचा, लेकिन इलाज के दौरान धर्मवती ने दम तोड़ दिया।

पूछताछ में आरोपित एसआई ने पुलिस को बताया कि घटनास्थल पर मशीन से सड़क की खोदाई की गई थी, जिसके कारण वहां काफी धूल उड़ रही थी। उसने खड़े होकर झाड़ू लगाने वाले कामगारों को देखने के बाद कार को किनारे से निकालने की कोशिश की, लेकिन धूल की वजह से वह नीचे बैठकर झाड़ू लगा रही धर्मवती को नहीं देख पाया।

## निर्माण कंपनी की बड़ी लापरवाही उजागर



पुलिस की प्रारंभिक जांच में इस हादसे के लिए निर्माण कंपनी और ठेकेदार की गंभीर लापरवाही सामने आई है। कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरणों का अभाव था। यहां मजदूरों ने रिफ्लेक्टर जैकेट नहीं पहनी थी। संकेतकों की कमी पाई गई। सड़क पर वाहन चालकों को सचेत करने के लिए काशन कोन (चेतावनी शंकु) या अन्य कोई सुरक्षा बोर्ड नहीं लगाया गया था। उड़ती धूल और सुरक्षा संकेतों के अभाव के कारण चालक को सड़क पर हो रहे काम और मजदूरों की स्थिति का सही अंदाजा नहीं मिल सका। पुलिस के अनुसार इस मामले में अभी आरोपित को भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (लापरवाही से वाहन चलाना) और 106 (लापरवाही से मौत) की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है और कार जब्त कर ली है।

# दिल्ली को मिलेगा अपना सदन, 'ट्वीन टावर' नाम से बनेगा नया सचिवालय; बजट में सरकार का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में जहां देश के विभिन्न राज्यों के सदन हैं पर अपना कोई नहीं है। लेकिन अब दिल्ली को भी अपना सदन मिलेगा। सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के बजट में इसकी घोषणा की है। दिल्ली सदन के लिए 10 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। इससे दिल्ली आने वाले पर्यटकों और आंगतुकों के रहने की व्यवस्था होगी। साथ ही यहां पर कैंटीन भी होगी। सरकार दिल्ली सदन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बने आवास को भी दिल्ली सदन के तौर पर विकसित कर सकती है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार का आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नया सचिवालय भी बनेगा। जिलों की संख्या बढ़ने और जिलों में नागरिकों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए मिनी सचिवालय तैयार किए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने दक्षिण-पश्चिम जिले के लिए द्वारका में पहले मिनी सचिवालय की 213 करोड़ की परियोजना पूर्व में मंजूर कर दी थी। जबकि शेष सचिवालयों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रविधान किया गया है। मिनी सचिवालयों में जिला प्रशासन का आधुनिक दफ्तर होगा। वहीं, यहां पर संपत्ति पंजीकरण, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य कार्यों के लिए आने वाले



लोगों को एक ही छत के नीचे सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यालय होने से होने वाली परेशानी को देखते हुए सचिवालय बनाया जाएगा। फिलहाल इसके लिए दिल्ली सरकार जगह की तलाश कर रही है और केंद्र सरकार से भी जमीन मांग रही है। वहीं, इसके समांतर आइटीओ स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मुख्यालय को तोड़कर ट्वीन टावर के तौर पर सचिवालय विकसित करने पर काम कर रही है। यह बहुमंजिला होगा। जहां पर दिल्ली सरकार के सभी विभाग होंगे। फिलहाल दिल्ली सचिवालय आइटीओ के पास ही आईजीआई स्टेडियम के पास प्लेयर्स बिल्डिंग में संचालित होता है। लेकिन इसमें सभी विभागों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। इसकी वजह से सिविल लाइंस और आइटीओ पर कई विभागों के दफ्तर संचालित होते हैं। दिल्ली में संपत्ति पंजीकरण के लिए लोगों को दलालों के चक्कर नहीं काटने होंगे। बल्कि इसकी व्यवस्था पारदर्शी होगी। इसके लिए दिल्ली में संपत्ति पंजीकरण के लिए सब रजिस्ट्रार आफिस को पासपोर्ट आफिस की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जहां पर संपत्ति पंजीकरण की व्यवस्था पेपरलेस होगी।

# रामनवमी पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त भ्रमण, विधि-व्यवस्था का लिया जायजा

## पूरे शहर की निगरानी मुख्य कंट्रोल रूम से की जाएगी : उपायुक्त ● संवेदनशील जगहों पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी : एसपी







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को आगामी रामनवमी 2026 पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके तहत जिला कंट्रोल रूम से सेक्टर -1 स्थित राम मंदिर से होते हुए भर्रा बस्ती होते हुए चास नगर निगम के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए आईटीआई मोड़ होते हुए सिवनडीह, ऋतुडीह होते हुए अन्य जगहों पर भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि मुख्य कंट्रोल रूम से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अनिमेष कुमार गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक यातायात कमल किशोर, पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

**ज्यादा से ज्यादा पूजा के साथ आस्था पर विशेष ध्यान दें-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है तथा लोगों से अफवाहों से बचने की भी अपील की है। उन्होंने कहा है कि सोशल मीडिया पर ध्यान रखा जा रहा है और उनके हर गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर है। कोई भी व्यक्ति यदि अफवाह फैलाने की कोशिश करेगा तो उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर भगवान राम का पूजा करें। साथ ही ज्यादा से ज्यादा पूजा के साथ आस्था पर विशेष ध्यान दें एवं अपने श्रद्धा पर विश्वास रखे। साथ ही उन्होंने कहा कि हर मामले में हमारे सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सभी तैयार हैं। जहां जहां दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है वे उसी जगह तैनात रहेंगे। उन्होंने मीडिया कर्मियों से भी अपील की कि किसी प्रकार का अपवाह की सूचना मिलने पर तुरंत जिला कंट्रोल रूम को सूचित करें ताकि ताकि जल्द से जल्द उस अपवाह को रोका जा सके एवं अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।

**आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी-**

भ्रमण के क्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने दंडाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व के दौरान सभी स्थानों पर सतर्कता बनाए रखें तथा भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**संवेदनशील जगहों पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी-**

पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है पुलिस बलों एवं मजिस्ट्रेटो की तैनाती की गई है। साथ ही जुलूस समेत अन्य संवेदनशील जगहों पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां पुरी की जा चुकी है साथ ही पुलिस मित्र का भी गठन किया गया है जो अलग लिबास में रहेंगे तथा पुलिस प्रशासन के साथ-साथ आम लोगों का भी सहयोग करेंगे।

**संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतें तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें-**

पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने मौके पर पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान लगातार निगरानी रखें, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतें तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड में रहने एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं का प्रसार नहीं करने की भी अपील की-**

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण के दौरान सभी पूजा समितियों एवं अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों से भी संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से शोभायात्रा निकालने की अपील की। साथ ही, अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं का प्रसार नहीं करने की भी अपील की गई। भ्रमण के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा पूरे जिले में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, ताकि रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

**अपील-**

उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं एवं प्रशासन का सहयोग करे।

## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक समरसता का भाव बढेगा तो ही राष्ट्रीय एकता को बढावा मिलेगा : विनय भाई पत्राले



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय भाई पत्राले अपने तीन दिवसीय झारखंड प्रवास के दौरान मंगलवार को बोकारो पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेक्टर 1 स्थित नवीन कार्यालय में, समाज के अंदर कार्यशील, पूर्व सैनिक सेवा परिषद सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों को संबोधित करते हुए "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" विषय पर व्याख्यान दिया। उनके अनुसार भारत का हर छोटा या बड़ा शहर, एक लघु भारत का प्रतिरूप है। जहां हर प्रांत के लोग अपनी विविधताओं के साथ निवास करते हैं। उनका खान पान, पहनावा, भाषा, आदि अलग-अलग होता है। भारत भारती का प्रयास यही है कि इस लघु भारत में निवास करने वाले विभिन्न लोगों के बीच आपसी तालमेल हो और एक दूसरे के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सतत भागीदारी हो। इससे सामाजिक समरसता का भाव बढेगा और राष्ट्रीय एकता को बढावा मिलेगा। ऐसा प्रयास बोकारो में भी होना चाहिए। यही भारत भारती का मुख्य उद्देश्य है। विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, संकल्प सृजन, राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा सहित कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया दो योजनाओं का शिलान्यास



**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पंचायत उलगड्डा के ग्राम हडमिता टोला पन्नाटांड़ में 24,20000 रुपए और दारिद पंचायत के ग्राम लुकैया में 24,95,100 रुपए से कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड़ कर पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शुभ शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर माननीय मंत्री जी ने कहा कि आज कुल 49,15,100रुपए के लागत से दो शिलान्यास किया गया है। वहीं कहा की समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास को गति देना हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल को बरमसिया थाना प्रभारी ने दिया खून



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के बरमसिया-चंदनकियारी मुख्यपथ पर गुवाई नदी पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक नवजात शिशु समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बोदुआ गांव के सबेरा बीबी, नसीम अंसारी, सफतून बीबी और एक वर्षीय शिशु शिफान अंसारी एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर लौट रहे थे। जैसे ही वे गुवाई नदी पुल पर पहुंचे, उसी समय एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार चारों लोग लहूलुहान होकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के तुरंत बाद चंदनकियारी थाना प्रभारी अमित कुमार राय सूचना पाकर अविलंब घायलों को सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनकियारी पहुँचाये। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए चास स्थित शिव शक्ति हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अत्यधिक खून बहने के कारण खून की कमी को देखते हुए मानवता के नाते बरमसिया ओपी प्रभारी शैलेन्द्र पासवान के द्वारा 01 यूनिट ब्लड डोनेट कर घायलों को जान बचाने में मदद किए। जिसे कि समय रहते ही घायलों का जान बचाया जा सके।

# मिशन वात्सल्य के तहत बोकारो में हर बच्चे को मिलेगा परिवार और सुरक्षित भविष्य



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हर बच्चे को परिवार के संकल्प को साकार करने की दिशा में बोकारो जिला लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में मिशन वात्सल्य के तहत फोस्टर केयर कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के उ द्देश्य से आज कैंप 2 स्थित महिला छात्रावास भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसके सफल क्रियान्वयन हेतु झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति, चाइल्डलाइन एवं विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में फोस्टर केयर से संबंधित सभी प्रमुख पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा लीलावती देवी ने कहा कि बोकारो जिले के ऐसे सभी बच्चे जो परिवार के प्यार और अपनापन से वंचित हैं, उन्हें अब फोस्टर केयर के माध्यम से परिवार और सुरक्षित भविष्य मिल सकेगा। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा ने सभी संबंधित विभागों एवं आम जनता से अपील की कि वे ऐसे बच्चों की पहचान करने और उन्हें परिवार से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि कोई भी बच्चा परिवार के स्नेह से वंचित न रहे। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अनुराग मेहता (मेंटॉर, फोस्टर केयर) रहे, जबकि उन्मुखीकरण सत्र का संचालन बिनय कुमार बिश्वास, जिला तकनीकी विशेषज्ञ के द्वारा किया गया। उन्होंने फोस्टर केयर की प्रक्रिया, पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा आफ्टर केयर के अंतर्गत बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने के पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

**प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु निम्नलिखित रहे :-**

फोस्टर माता-पिता बनने की पात्रता- विवाहित/अविवाहित/एकल/विधवा/तलाकशुदा व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं।

आवश्यक शर्तें - झारखंड का निवासी, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ, भावनात्मक रूप से सक्षम, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर तथा किसी भी आपराधिक रिकॉर्ड से मुक्त होना आवश्यक है।

आयु सीमा - दंपत्ति के लिए संयुक्त आयु 70-115 वर्ष तथा एकल अभिभावक के लिए 35-60 वर्ष निर्धारित।

पात्र बच्चे- ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं हैं, या जो परित्यक्त, अनाथ, बाल श्रमिक, बाल विवाह, तस्करी, शोषण या एच आई वी से प्रभावित हैं।

आवश्यक दस्तावेज- निवास प्रमाण, आय प्रमाण, वैवाहिक स्थिति प्रमाण, पहचान पत्र, संदर्भ पत्र, जन्म प्रमाण आदि।

आर्थिक सहायता- ₹8 लाख से कम वार्षिक आय वाले फोस्टर माता-पिता को प्रति बच्चा ₹4000 प्रति माह की सहायता प्रदान की जाती है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को योजना की गहन समझ प्रदान करना था, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों को संस्थागत जीवन के बजाय पारिवारिक माहौल में बेहतर देखभाल मिल सके। विशेषज्ञों ने बताया कि फोस्टर केयर बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रभावी माध्यम है, जो उन्हें भावनात्मक सुरक्षा, सामाजिक स्वीकृति और बेहतर भविष्य प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए जमीनी स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन का संकल्प लिया। सभी ने समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक बच्चों को इस योजना से जोड़ने का भरोसा दिलाया। बोकारो जिले में बच्चों के सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और सम्मानजनक भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम के रूप में उभर कर सामने आई है।

# ज्ञान आधारित स्टेकहोल्डर मीटिंग, शिक्षा व सशक्तिकरण पर जोर



**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के खैराचातर पंचायत भवन में सहयोगिनी संस्था द्वारा अर्धवार्षिक ज्ञान आधारित स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, किशोरियों के नेतृत्व विकास, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव, महिला हिंसा की रोकथाम और खेलकूद के माध्यम से समग्र विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि बाल विवाह, घरेलू हिंसा और डिजिटल हिंसा समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने किशोरियों को शिक्षा, नेतृत्व क्षमता और खेल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया तथा किसी भी घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। सहयोगिनी के कार्यक्रम समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था शिक्षा, जीवन-कौशल, नेतृत्व विकास और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ किशोरियों और महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। बैठक में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को कौशल प्रशिक्षण व रोजगार से जोड़ने की जानकारी भी दी गई। अंत में सभी से बच्चों की शिक्षा, डिजिटल सुरक्षा और हिंसा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। इस मौके पर मुखिया विजय कुमार जायसवाल, उपमुखिया अनिल कपड़दार, वार्ड सदस्य मनोज कुमार,संगीता देवी, पायल कुमारी, किरण कुमारी, रानी कुमारी, सरस्वती देवी, आरती देवी, साक्षी कुमारी, अमृता कुमारी श्वेता कुमारी, किरण कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चंदनकियारी में ऑल इंडिया वेलफेयर ट्रस्ट ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड स्थित नौडीहा द्वारा ऑल इंडिया वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने चंदनकियारी थाना प्रभारी अमित कुमार राय से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने थाना प्रभारी को ईद की बधाई देते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की। ऑल इंडिया वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम का नेतृत्व ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य अतिकुर रहमान ने किया। मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी अमित कुमार राय को बुके भेंट कर और स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया। पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए थाना प्रभारी के कार्यों की सराहना की गई। रमजान का पवित्र महीने के समापन और ईद-उल-फितर के अवसर पर ट्रस्ट ने थाना प्रभारी को भाईचारे का संदेश देते हुए ईद की मुबारकबाद दी। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन अतिकुर रहमान की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर अतिकुर रहमान ने बताया कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल ही एक सुरक्षित समाज की नींव है। थाना प्रभारी अमित कुमार राय जी का कार्य सराहनीय है। हमने आज उन्हें सम्मानित कर ईद की खुशियां साझा की हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट के कई अन्य सदस्य और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने ट्रस्ट के इस पहल की सराहना की और सभी को सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर मुफ्ती मंजर कासमी, मुफ्ती जसीमुद्दीन मदानी, हाफिज शमी उल्लाह, हाफिज मजाहिर खान, हाफिज शराफत, हाफिज जरजिस खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### जेएनबी पार्क, जगन्नाथ मंदिर और सिटी सेंटर क्षेत्र में चलाया गया सफाई अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर प्रशासन विभाग द्वारा जारी 'स्वच्छता पखवाड़ा' के तहत जवाहरलाल नेहरू जैविक उद्यान (जेएनबी पार्क), जगन्नाथ मंदिर और सिटी सेंटर मार्केट क्षेत्र के बाहरी परिसरों में एक सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया. नगर प्रशासन के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस पहल का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता एवं स्वच्छता मानकों को सुदृढ़ करना था. इस व्यापक अभियान का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार के नेतृत्व में किया गया, जबकि कार्यस्थल पर इसका पर्यवेक्षण उप महाप्रबंधक तरुण श्रीवास्तव एवं सहायक प्रबंधक विनोद पॉल तिग्गा द्वारा किया गया. अभियान के दौरान सफाई मित्रों की विशेष टीमों को तैनात किया गया, जिन्होंने दोपहर के समय से ही फुटपाथों, मुख्य प्रवेश मार्गों और इन उच्च-फुटफॉल वाले क्षेत्रों के आसपास के खुले स्थानों पर झाड़ू लगाने, सूखे पत्तों को हटाने तथा कचरा संग्रहण का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया.

# बीजीएच स्कूल ऑफ नर्सिंग में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

## नव-प्रवेशित छात्राओं ने लिया मानवता की सेवा का संकल्प



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग में नव-प्रवेशित नर्सिंग छात्राओं के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा) डॉ. बी.बी. करुणामय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इंद्रनील चौधरी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर नव-प्रवेशित छात्राओं ने पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ मानवता की सेवा करने की शपथ ली. छात्राओं ने यह शपथ स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या नीलम और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में ग्रहण की.अतिथियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नर्सिंग पेशे की महत्ता पर प्रकाश डाला और उन्हें भविष्य में एक कुशल एवं संवेदनशील नर्स बनने हेतु प्रेरित किया. समारोह के दौरान स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या, संकाय सदस्यों और आमंत्रित अतिथियों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# बीएसएल में सुरक्षा जागरूकता और श्रमिक प्रोत्साहन सम्मान समारोह




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रोजेक्ट्स विभाग में आज 'सुरक्षा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया. इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने वाले और उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन करने वाले श्रमिकों को प्रोत्साहित करना था. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनिमा कुशवाहा थीं. समारोह का विधिवत शुभारंभ सुरक्षा शपथ के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने और 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) पी. एच. शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) हेमु टोप्पो तथा संयंत्र के अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान एक संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें पुरस्कृत श्रमिकों ने अपने विचार और सुझाव साझा किए. अधिकारियों द्वारा श्रमिकों से कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु महत्वपूर्ण फीडबैक मांगा गया. इस दौरान श्रमिकों ने विभिन्न प्रोजेक्ट साइट्स पर होने वाले संभावित खतरों और उनसे बचाव के प्रभावी एवं व्यावहारिक उपायों पर विस्तृत जानकारी साझा की. मुख्य अतिथि श्रीमती अनिमा कुशवाहा ने श्रमिकों के सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि परियोजनाओं के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए सुरक्षा सर्वोपरि है और श्रमिकों की सजगता ही सुरक्षित कार्य परिवेश की मूल आधारशिला है. तत्पश्चात, सुरक्षा नियमों के उत्कृष्ट अनुपालन और सतर्कता के लिए चयनित सभी श्रमिकों को मुख्य अतिथि एवं उपस्थित वरीय अधिकारियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के समापन पर सहायक प्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) ने आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया. यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र की परियोजनाओं में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले श्रमिकों के मनोबल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. कार्यस्थल पर जोखिमों की पहचान और श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सुरक्षा मानकों में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना न केवल परियोजनाओं की गुणवत्ता बढ़ाता है, बल्कि यह एक सुरक्षित एवं दुर्घटना मुक्त औद्योगिक वातावरण के निर्माण के प्रति बीएसएल की अटूट प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से रेखांकित करता है.

# बोकारो इस्पात संयंत्र के आरजीबीएस-एचएसएम में रिकॉर्ड प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के आरजीबीएस (आरजीबीएस-एचएसएम) विभाग में अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने वित्त वर्ष 2025-2026 के दौरान विभाग द्वारा किए गए रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के लिए पूरी टीम की सराहना की. विभाग ने हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) के लिए विशिष्ट रोल खपत को घटाकर 0.885 किलोग्राम प्रति टन (फरवरी 2026 तक) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर लाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 के 0.99 किलोग्राम प्रति टन की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है. इसके साथ ही, विभाग ने हॉट स्ट्रिप मिल को 16,578 फिनिश्ड वर्क रोल्स का प्रेषण किया, जो संयंत्र की स्थापना के बाद से अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है. इस असाधारण कार्यक्षमता के परिणामस्वरूप रोल फेल्योर और स्पॉलिंग की घटनाओं में भारी कमी आई है, जिससे हॉट स्ट्रिप मिल के लिए निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादन सुनिश्चित हुआ है. इस सफलता की गति को भविष्य में भी बनाए रखने के उद्देश्य से अधिशासी निदेशक (संकार्य) ने टीम के समक्ष प्रतिदिन 70 फिनिश्ड वर्क रोल्स तैयार करने का नया लक्ष्य रखा है. उन्होंने इन चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूर्ण प्रशासनिक सहयोग और विशेषज्ञ कार्यबल की तैनाती का आश्वासन दिया. अपने संबोधन के दौरान उन्होंने "सुरक्षा प्रथम" के सिद्धांत पर विशेष बल देते हुए कार्य करने का आह्वान किया. अधिशासी निदेशक (संकार्य) ने मुख्य महाप्रबंधक के. के. पांडेय, महाप्रबंधक पी. पी. राव, महाप्रबंधक (डीएसओ) एन. एन. रामटेके तथा शॉप-इन-चार्ज ए. पी. सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व के साथ-साथ मुख्य तकनीकी टीम के समर्पण की सराहना की. उन्होंने विश्वास दिलाया कि शॉप की उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाएंगे. यह उपलब्धि बोकारो इस्पात संयंत्र की परिचालन उत्कृष्टता और तकनीकी दक्षता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. रोल ग्राइंडिंग प्रक्रियाओं में किया गया यह सुधार न केवल हॉट स्ट्रिप मिल की उत्पादकता और गुणवत्ता को सुदृढ़ करेगा, बल्कि यह लागत प्रबंधन और निरंतर सुधार के प्रति बीएसएल की अटूट प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से रेखांकित करता है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com